CMYK

सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-238 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 19 फरवरी 2025
20 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# मिशेल को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामला**

- सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है जमानत याचिका
- सीबीआई और ईडी ने दर्ज किए हैं मामले



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था।

सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। जेम्स ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किये हैं। गौरतलब है कि 3,600 करोड़ रुपये का यह कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित है। क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ब्रिटेन का निवासी है। उसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था। मिशेल जेम्स की जमानत याचिका 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। उसने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा था कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि वह मामलों में आधी सजा काट चुका है। इसके बाद 2024 में उसने दोबारा सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद दिसंबर 2024 में मिशेल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा था।

### सर्जरी की व्यवस्था कराने के दिए थे निर्देश

12 जनवरी को दिल्ली की एक अदालत ने एम्स को अगस्ता वेस्टलैंड मामले में जेल में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स के लिए हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने मिशेल की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में मिशेल ने दावा किया गया था कि उनकी टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी को टाला नहीं जा सकता था क्योंकि वह दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में अत्यधिक दर्द से पीड़ित हैं।

## 24 को पीएम मोदी करेंगे जीआईएस का शुभारंभ

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भोपाल शहर को उद्योगपति और निवेशकों के स्वागत के लिए सजाया जा रहा है। सरकार की तरफ से मेहमानों का स्वागत करने के लिए लिए बेहतर तैयारी की जा रही है। राजधानी की 50 से ज्यादा होटलों में वीवीआईपी और वीवीआई मेहमानों के लिए 1500 कमरे बुक किए गए है। इसके अलावा 100 तंबुओं की टेंट सिटी भी बनाई जा रही है। इसमें होटल जैसी सभी सुविधाएं होगी। जीआईएस का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगा। इसमें अलग-अलग समिट का आयोजन होगा। विभागीय शिखर सम्मेलन, विषयगत सत्र, मुख्यमंत्री के साथ उद्योगपति और निवेशकों की बैठकों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस समिट में निवेश प्रस्ताव नहीं आएंगे बल्कि सीधे प्रस्तावों पर एमओयू होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट से इलाहाबादिया को राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने वाले यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को बड़ी राहत मिली है। उनकी याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। शीर्ष कोर्ट ने इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणियों को लेकर देशभर में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है।

सुनवाई के दौरान इलाहाबादिया को 'गंदी कॉमेडी' के लिए शीर्ष कोर्ट ने कड़ी फटकार भी लगाई। इलाहाबादिया की टिप्पणियों से नाराज न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, ''...उनके दिमाग में कुछ गंदगी है जिसे यूट्यूब के कार्यक्रम में उन्होंने उगला।'' उच्चतम न्यायालय ने इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की अमर्यादित टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाते हुए उनके वकील से पूछा, ''अगर यह अश्लीलता नहीं है तो क्या है? हमें आपके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को क्यों रद्द या एकसाथ नत्थी करना चाहिए।' उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूब पर एक कार्यक्रम के दौरान इन्फ्लुएंसर द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर सवाल उठाया और कहा कि समाज के कुछ मूल्य हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, 'आपके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द बेटियों, बहनों, माता-पिता और यहां तक कि समाज को भी शर्मिंदगी महसूस कराएंगे।' न्यायालय ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं है। पीठ ने इन्फ्ल्युएंसर के वकील से पूछा, ''समाज के मूल्य क्या हैं, ये मानक क्या हैं, क्या आपको पता है।'

**बजट सत्र**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बजट सत्र के शुभारंभ पर संयुक्त अधिवेशन में अभिभाषण प्रस्तुत किया

# देश में सर्वाधिक मेट्रो सेवा वाला राज्य है यूपी: गवर्नर

- इंटरनेशनल ट्रेड शो से 2 हजार करोड़ से अधिक के मिले ऑर्डर
- अमृत योजना 2.0 में अब तक 39 लाख पेयजल कनेक्शन दिये गये
- हंगामे के नाम रहा बजट सत्र का पहला दिन
- जयश्री राम के नारे के जवाब में लगे जय आंबेडकर के नारे



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को बजट सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विधानभवन में दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाईयों द्वारा 1 करोड़ 65 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए प्रदेश, देश में अग्रणी है। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसमें सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए युवाओं को गारण्टीयुक्त एवं ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत प्रतिवर्ष 01 लाख नये सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का लक्ष्य है। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों की बाजार तक सुलभ पहुंच के लिए प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश इण्टरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है।

वर्ष 2024 में इस ट्रेड शो में देश-विदेश के 500 से अधिक ट्रेडर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें रू 2 हजार 200 करोड़ के आर्डर भी प्राप्त हुए। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश में शहरी आबादी को गुणवत्तापरक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसके अन्तर्गत अमृत योजना 2.0 में अब तक लगभग 39 लाख पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत लगभग 9 लाख व्यक्तिगत तथा 69 हजार से अधिक सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराते हुए सभी नगरीय निकायों को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित कराने में सफलता प्राप्त की गयी है। विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से 1100 ब्लॉक में सामुदायिक/सार्वजनिक/पिंक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के अन्तर्गत लगभग 17 लाख आवास पूर्ण कर आवंटित किये जा चुके हैं। स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत सभी 17 नगर निगमों में 10 हजार 300 करोड़ से अधिक की 757 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के गंगा टाउन कैटेगरी के अन्तर्गत नगर निगम, वाराणसी को प्रथम स्थान तथा प्रयागराज को द्वितीय स्थान के साथ-साथ नोएडा को स्टेट क्लीन सिटी का अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में पार्क एवं ओपेन स्पेस के माध्यम से हरित क्षेत्र बढ़ाने हेतु 'उपवन योजना' लागू की गयी है।

### भाषा पर सत्ता व विपक्ष के बीच हुई नोंकझोंक



**लखनऊ।** विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण शुरू करते ही सपा के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच करीब 46 पेज के अभिभाषण वह आठ मिनट ही पढ़ पाईं। उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों को जनकल्याणकारी बताया। विधान मंडल के संयुक्त सदन की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अभिभाषण पढ़ना शुरू किया। उन्होंने महाकुंभ को श्रेष्ठ भारत की अवधारणा करार दिया। मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दुख जताया। वह सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों का जिक्र भी किया। राज्यपाल के अभिभाषण शुरू करते ही सपा के विधायक बेल में आ गए वे राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। वे हाथ में नारे लिखे तख्तियां लेकर आए थे। हंगामा बढ़ता देख राज्यपाल ने पूरा 46 पेज का अभिभाषण पढ़ने के बजाय आठ मिनट में ही समाप्त कर दिया। इस बीच सत्ता पक्ष की तरफ से जय श्रीराम और विपक्ष की ओर से जय आंबेडकर के नारे भी लगे। विरोध बढ़ता देख सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। दोबारा 12.30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई और विधाई कार्य निपटाए गए। भाषा को लेकर विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। विपक्ष के विधायकों ने जोरदार हंगामा किया।

**मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर बोला हमला, हर मुद्दे पर जवाब देगी सरकार**

# अच्छे कार्य का विरोध करना सपा का स्वभाव : सीएम योगी

- बच्चों को बनाना चाहते हैं मौलवी
- समाज के हर वर्ग की आवाज को मिलना चाहिए सदन में जगह
- दोहरा हो चुका है समाजवादियों का चरित्रः योगी



**लखनऊ।** विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं। देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्थानीय बोलियों, भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेली को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेली का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है। योगी ने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं लिखीं। इसी तरह, संत तुलसीदास ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

### सपा ने विधानसभा में अंग्रेजी के प्रयोग पर जताई थी आपत्ति

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने विधानसभा की कार्यवाही में अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की इजाजत देने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार अंग्रेजी भाषा लाकर हिन्दी को कमजोर करना चाहती है। यदि अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की इजाजत दी जा रही है तो उर्दू को भी शामिल कर लें। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बहुत सारे सदस्य अपने घर की बोली में अपनी बात रखना चाहते हैं उनके लिए यह सुविधा दी गई है। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आवश्यक है। हम अंग्रेजी थोपने नहीं जा रहे बल्कि एक सुविधा बढ़ा रहे हैं।

# रणनीतिक स्तर तक पहुंचेंगे भारत-कतर संबंध

- पीएम मोदी ने कतर के अमीर के साथ हैदराबाद हाउस में की बैठक
- कई अहम मुद्दों पर सहमति
- ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत होगी साझेदारी



**हैदराबाद।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मार्च 2015 में आखिरी बार भारत का दौरा किया था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2024 में अपना दूसरा कतर का दौरा किया, तो उन्होंने अमीर को भारत का राजकीय दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था।

कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेता शामिल हैं। आने वाले गणमान्य व्यक्तियों में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट और वीजा) अरुण कुमार चटर्जी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज सुबह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर का औपचारिक स्वागत किया। राष्ट्रपति (मुर्मू) आज शाम को भी अमीर और उनके प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान एक रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के बीच ऐतिहासिक व्यापार, लोगों के आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। मंत्रालय ने आगे बताया कि भारत और कतर ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। दोनों नेताओं के बीच चर्चा में व्यापार, निवेश और उर्जा प्रमुख विषय थे। भारत और कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में आज संयुक्त बिजनेस फोरम का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों देशों के शीर्ष उद्योगपतियों, कंपनियों और संस्थानों के बीच काफी सार्थक बातचीत हुई।

> आज भारत और कतर के बीच सालाना करीब 14 अरब डॉलर का व्यापार होता है। दोनों पक्ष अगले पांच वर्षों में इसे दोगुना करने का लक्ष्य तय करने पर सहमत हुए हैं। कतर भारत में निवेश के लिए भी एक महत्वपूर्ण भागीदार देश है। इसने आगे कहा, कतर निवेश प्राधिकरण ने वर्तमान में भारत में करीब 1.5 अरब डॉलर का विदेशी निवेश किया है। दोनों नेताओं ने भारत में उन क्षेत्रों की भी पहचान की, जिनमें कतर निवेश प्राधिकरण निवेश बढ़ा सकता है।

## मुश्किल में फंसे सत्येंद्र जैन

### राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को मुकदमा चलाने की दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच की जा रही धन शोधन मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के 60 वर्षीय पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पर्याप्त सबूत की मौजूदगी के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बीएनएसएस की धारा 218 लोक सेवकों और न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमा चलाने को नियंत्रित करती है। यह अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए आरोपी के खिलाफ आरोप लाने की प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करता है।

# शिवसेना के 20 विधायकों की सुरक्षा घटाने पर महायुति में तकरार

**एकनाथ शिंदे के नाराज होने की खबर**



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है। जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बीच चल रहे शीत युद्ध के दावों में नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है। मीडिया रिपोर्टस की माने तो सीएम फडणवीस के गृह विभाग ने 20 से अधिक शिवसेना विधायकों की सुरक्षा में बदलाव किया। उनकी सुरक्षा को वाई+ श्रेणी से घटाकर सिर्फ एक कांस्टेबल पर कर दिया गया। इसके साथ ही कुछ अन्य शिवसेना नेताओं की सुरक्षा भी वापस ले ली गई। हालांकि, गृह विभाग द्वारा भाजपा और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के कुछ नेताओं की सुरक्षा भी वापस लेने का दावा किया जा रहा है। हालांकि सरकार के इस कदम पर ना तो शासन ने कोई प्रतिक्रिया दी है और ना ही विधायकों ने कोई बयान जारी किया है। महाराष्ट्र की राजनीति में यह घटना महायुति सरकार में भागीदारों के बीच एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ का हिस्सा है। सोमवार को शिंदे ने शिवसेना के उदय सामंत द्वारा आयोजित उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया, जबकि फडणवीस ने जनवरी में ऐसी ही एक बैठक की थी। शिंदे की यह समीक्षा बैठक सामंत द्वारा भेजे गए एक पत्र के कुछ दिन बाद हुई। इससे ये तो साफ हो रहा है कि राजनीति में कुछ तो हलचल है। बात अगर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव की करें तो अक्तूबर 2022 में शिंदे के सीएम बनने के बाद, जिन 44 विधायकों और 11 लोकसभा सदस्यों ने शिंदे का समर्थन किया था, उन्हें वाई+ सुरक्षा कवर दिया गया था। लेकिन अब मंत्रियों को छोड़कर बाकी सभी विधायकों की सुरक्षा घटा दी गई है। कई पूर्व सांसदों से भी सुरक्षा वापस ले ली गई है। इनमें भाजपा और राकांपा के कुछ नेता, शिवसेना से जुड़े लोग, और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## वाल्मीकि मुक्तिधाम के चबूतरे का भूमि पूजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** वाल्मीकि मुक्तिधाम हाथीपुर ढाल में महंत रवि करने ने पूजा अर्चना के साथ शवदाह चबूतरे का भूमि पूजन किया। महंत रवि करने ने नींव रखते हुए शवदाह चबूतरे में सभी सामाजिक बंधुओं से बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील करते हुए नींव रखी यह जानकारी देते हुए चंदन लाल वाल्मीकि अध्यक्ष वाल्मीकि मुक्तिधाम सेवा समिति हाथीपुर ढाल लखीमपुर ने कहा कि शमशान भूमि में पहले एक ही अंतिम संस्कार करने का चबूतरा था। कभी कभी क्रिया करने के लिए अंतिम संस्कार संपन्न हेतु परेशानी होती थी।दूसरे शवदाह चबूतरे बनने से अंतिम संस्कार विधिविधान और स्वाभिमान से होगा।इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्याम किशोर बेचैन, महामंत्री राम बाबू, भारत धानुक, राजेश उर्फ तिवारी, चौधरी बुद्धू लाल, धीरज वाल्मीकि, राजू घराना, परमेंद्र भारती, वीरेंद्र भारती, आजाद भारती, सुरेश कुमार,वरुण वाली, छाचमन लाल, छाया देवी, मनीराम, सुधीर, अमित, शिव शंकर, चरन लाल, पवन, विमलेश, राकेश कुमार, ओम प्रकाश, राम शंकर, बनारसी, शैलेन्द्र कुमार, लकी वाल्मीकि, रीतेश कुमार, ओंकार आदि सहयोगी की भूमिका में उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

### 07 जोन व 13 सेक्टर में बांटे गए परीक्षा केंद्र

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बोर्ड परीक्षा 2025 को शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार की शाम जिला मुख्यालय पर गुरुनानक इंटर कॉलेज सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व शौचालय का इंतजाम करा लिया जाए। जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन आयोजित कराने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ ही एसपी संकल्प शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम व सीओ संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कीजिए, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रत्येक प्रत्येक सेक्टर व ज़ोन के लिए 01-01 सेक्टर/ज़ोनल मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं। सभी 136 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति के साथ-साथ शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं जमा होने तक की समस्त प्रक्रिया की निगहबानी सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जायेगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार व परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जायेंगे। संपूर्ण प्रक्रिया की दो-दो सीडी बनाकर डीआईओएस को उपलब्ध करानी होगी बैठक के दौरान डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए जनपद में कुल 136 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 98208 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें बालिकाओं की संख्या 43228 है। इण्टरमीडिएट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 48305 है, जिसमें 21222 बालिका तथा हाईस्कूल में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 49903 है, जिसमें बालिकाओं की संख्या 22006 है। सभी परीक्षा केंद्रों को 07 सेक्टर व 13 जोन में विभाजित किया है मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों तथा अन्य सम्बन्धित को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान व परीक्षा के बाद की समस्त प्रकिया व शासन तथा बोर्ड के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई।बैठक में अफसरों ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में कायदे कानून बताते हुए सारगर्भित विचार रखें। इस मौके पर एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम, डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, सभी एसडीएम, सीओ, गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ईशविंदर सिंह मौजूद रहे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 24 फरवरी से प्रारंभ हो रहे बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों को शुभकामनायें दी हैं।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 08/2025 धारा 87/137(2)/64(2)(ड) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 5ड्/6 पॉक्सो एक्ट थाना सिंगाही जनपद खीरी से सम्बन्धित अभियुक्त नदीम खाँ पुत्र जलालुद्दीन नि0 ग्राम भौका मजरा मोतीपुर थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये वास्ते प्राप्त करने रिमाण्ड न्यायालय हेतु भेजा गया।

## जिले में धारा 144 लागू

**लखीमपुर खीरी।** पूरे जिले में धारा 144 लागू विभिन्न परीक्षाओं, महाशिवरात्रि, होली, जमात-उल-विदा (अलविदा), चेटीचंद, ईद-उल-फितर, महर्षि कश्यप एवं महराजा निषाद राज गुह्य जयंती, रामनवमी, डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस व राजनैतिक/सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम प्रदर्शन आदि के दृष्टिगत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे जिले में धारा 163 (बीएन एस एस) (धारा 144) लागू की गई है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0073/2024 धारा 74/124(1)/333/115 (2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शिवशंकर उर्फ रेनू पुत्र कौशल किशोर निवासी ग्राम रमुआपुर सिकटिहा थाना फूलबेहड़ खीरी को ग्राम सुन्दरवल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करके चालान न्यायालय भेजा गया।

## हीरालाल धर्मशाले के पास बने ओवरब्रिज की सीढ़ियों से महिला का शव हुआ बरामद

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के हीरालाल धर्मशाले के पास बने ओवरब्रिज की सीढ़ियों से महिला का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आस पास के लोगों के मुताबिक महिला रेलवे स्टेशन के आस पास रहकर भीख मांगती थी। पुलिस को शव के पास से एक झोला भी मिला है जिसमें शराब के पाउच, बीडी और तंबाकू रखी हुई थी। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुट गई है। मंगलवार को रेलवे क्रासिंग को पार करने के लिए ओवरब्रिज की सीढियों पर महिला का शव पड़ा देखा तो अफरा तफरी मच गई। शव पड़े होने की सूचना पर आस पास के दुकानदार भी पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे शहर कोतवाल अंबर सिंह भी फोर्स के साथ पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस की माने तो महिला की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है।

## शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई घंटों फंसे रहे जाम में लोग

**लखीमपुर-खीरी।** शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। लोग जाम में घंटों फंसे रहे। वाहनों में फ्यूल का नुकसान तो हुआ ही लोग अपने गंतव्य तक समय से पहुंच भी नहीं पाए। इसी जाम में मरीज को लिए जा रही एक एंबुलेंस भी तमाम देर फंसी रही। मजाल है कि कोई भी सुरक्षा कर्मी वहां पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास करता। दोपहर बाद शहर धीरे-धीरे जाम होने लगा। भीड़ इतनी की सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया। सदर चौराहे पर भी तमाम देर लोग फंसे रहे। सबसे ज्यादा पटेल चौराहे पर हालत गंभीर हो गए। वहां तो कई किलोमीटर जाम लगी रही। जिसमें आम लोगों के साथ ही मरीज को लिए जा रही एक एंबुलेंस भी तमाम देर फंसी रही। लोग अपने गंतव्य को समय से नहीं पहुंच पाए ।

## एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी से जमींन का बैनामा करा लेने का लगाया आरोप

**लखीमपुर-खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ममरी के एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी से जमींन का बैनामा करा लेने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ममरी निवासी ओमप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2023 में उसकी पत्नी को कैंसर था। उसने अपनी जमींन के गाटे का 1/3 भाग 0.154 हेक्टेयर भूमि संसारपुर के प्रधान रामप्रसाद देवल के माध्यम से गोला के मिल डायवर्जन रोड निवासी करिश्मा वर्मा पत्नी मुकेश वर्मा के हाथ 21 लाख में बेंची थी। 11 जनवरी 2023 को वह बैनामा कराने तहसील गया तो उसने अपना भुगतान मांगा। उसका कहना है कि तो मुकेश वर्मा ने तीन लाख रुपये उसके खाते पर भेज दिये और बाकी 18 लाख तहसील से बाहर निकलने पर देने का भरोसा दिलाया। बैनामा कराने के बाद पैसा नहीं दे रहे हैं।

## संदिग्ध अवस्था में महिला हुई लापता

**लखीमपुर-खीरी।** दो सप्ताह पूर्व घर से मायके लिए निकली एक महिला संदिग्ध अवस्था में लापता हो गई। पति ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम कालीचरनपुर निवासी अजय कुमार ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय पत्नी शीतल देवी दो फरवरी को लक्ष्मनजती गोला स्थित मायके जाने के लिए घर से कह कर निकली थी। लेकिन वह मायके नहीं पहुंची। काफी तलाश करने के बाद भी अभी तक पता नहीं चला है।

## एक अन्य महिला से अवैध संबंध का पत्नी ने किया विरोध तो हैवान पति ने बेरहमी से की पत्नी की हत्या

**आगरा।** आगरा के इरादत नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी की हत्या कर दी। दिल दहला देने वाला सनसनीखेज वारदात में शराबी पति ने अपनी पत्नी का दरांती से गला रेत कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो लोगों ने सडक जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्याकांड के पीछे वजह अवैध संबंध बताए जा रहे हैं। पुलिस गुजरात की महिला का नाम सामने आने के बाद जांच को इस दिशा में भी मोड़ने की तैयारी में है। सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार शाम इरादत नगर थाना क्षेत्र के बाग खिन्नी गांव में केशव नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी राधा (32) पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि केशव ने राधा के गले और पेट पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही राधा के भाई नीरज ने आरोप लगाया कि केशव के गुजरात की एक महिला से अवैध संबंध थे और राधा को इन संबंधों की जानकारी हो गई थी।

## आगरा से महाकुंभ स्नान करने गए पति-पत्नी, पति का अस्पताल में मिला शव, एक-एक कर स्नान करने का था प्लान

**आगरा।** आगरा से महाकुंभ स्नान करने गए व्यक्ति की मौत। पत्नी संगम नोज पर एक घंटे इंतजार करती रही और पति को लेकर एंबुलेंस पत्नी के सामने से ही लेकर निकली। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आगरा के सैंया के गांव अईला के निवासी 35 साल के रामनरेश सिंह पुणे में काम करते हैं। वे गांव आए हुए थे, गांव से महाकुंभ स्नान के लिए डबल डेकर बस आई थी उसमें 60 लोग थे। बस में रामनरेशन अपनी पत्नी सीमा के साथ आए थे। सोमवार सुबह बेला कछार पार्किंग में बस खड़ी कर दी। इसके बाद सभी लोग पैदल ही संगम नहाने के लिए निकले। गांव के लोग पैदल पैदल संगम के लिए चल दिए, जबकि रामनरेश ने 600 रुपये में बाइक कर ली और संगम पर गांव के लोगों से पहले पहुंच गए। संगम नोज पर पहुंचने के बाद रामनरेश पहले स्नान करने चले गए, पत्नी को सामान के साथ वहीं बिठा दिया। करीब एक घंटे तक सीमा इंतजार करती रही लेकिन रामनरेशन स्नान करने के बाद नहीं आए।

# पुलिस के हत्थे चढ़े अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के छह सदस्य

### ■ अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस को बरामद हुआ 20 किलोग्राम गांजा एवं कार

*अवधनामा संवाददाता*




**गिरफ्तार लोगों में उड़ीसा राज्य की तीन महिलाएं भी शामिल**

**बदायूं।** थाना कादरचौक पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के छह सदस्यों को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार लोगों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से बरामद किया गया है।

ज्ञात हो कि क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से जिलेभर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी अभियान के तहत मंगलवार को थाना कादरचौक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के 06 सदस्यों को मय 20 किग्रा गांजा तथा एक अर्टिका कार सं0 क्क 16ष्ट्य 2406 सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान पुलिस को सामने से एक अर्टिका गाडी सं0 UP 16CK 2406 आती दिखाई दी जिसमें छह लोग बैठे थे पुलिस द्वारा कर को रोकने पर अंदर बैठे छह लोगों आलिम पुत्र विदरीश निवासी ग्राम आसपुर थाना अलापुर,टिन्कू पुत्र सिपट्टर निवासी ग्राम चन्दीनगला थाना अलापुर मुकर्रम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना उसहैत,शिवानी नाईक उर्फ सुमिता नाइक पुत्री सुभाष नाईक उर्फ राहुल नाइक निवासी ग्राम वैंगी पानी थाना मथली जिला मलकान गिरि,गीता जानी पुत्री घासीराम निवासी ग्राम निगुरी थाना सिमली कुडा जिला कोटापुर, रिया नाईक उर्फ ज्योति नाइक पुत्री सुरेश उर्फ राजेन्द्र नाईक निवासी ग्राम वैंगी पानी थाना मथली जिला मलकान गिरि, से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई, बातचीत में संदिग्धता प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। पुलिस तलाशी में इन लोगों के पास से पुलिस को 20 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि गिरफ्तार लोगों में आलिम नाम का व्यक्ति अपने सथियों के साथ मिलकर उड़ीसा से मादक लाकर दिल्ली आदि स्थानों पर सप्लाई करता था। गिरफ्तार अभियुक्तों में तीनों महिलाएं उड़ीसा राज्य की रहने वाली हैं,जबकि पुरुष जनपद बदायूं के निवासी हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह,निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ प्रभारी सर्विलांस मय टीम,उ0नि0 अवधेश सिंह,उ0नि0 वारिश खान,,हे0कां0 वीर सिंह,कां0 मुलायम सिंह,कां0 सचिन पोसवाल,कां0 05 विनय कुमार,म0आ0 पारूल यादव म0आ0 कोसीन चौधरी शामिल रहे।

# गौ आश्रय स्थलों के कार्यों को जल्द से जल्द कराया जाए पूर्णः डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थलों के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गौशालाओं में पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गोवंशों का नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराया जाए और यदि कहीं कोई गोवंश बीमार अवस्था में मिलता है तो उसके समुचित उपचार की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी गौ आश्रय स्थलों में गौवंशो के भरण पोषण की व्यवस्था यथा-हरा चारा, भूसा, दाना, शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जहां भी चारागाह एवं खलिहान की भूमि उपलब्ध हो उसका चिन्हीकरण कराते हुए वहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए नेपियर घास अथवा हरा चारा बोने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गौशालाओं के पास चारा बोने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है वह उनकी सूची बनाकर उनको उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गौ संरक्षण की जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ और अपनी मांगों को लेकर नौ वे दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

*अवधनामा संवाददाता*

**तहसीलदार से वार्ता रही विफल**

**नजीबाबाद।** भ्रष्टाचार एवं अपनी मांगों को लेकर 9 वे दिन भी तहसील परिसर में अवनीश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसानों ने अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि जालपुर बिजली घर शीघ्र बनाया जाए, नांगल भागुवाला नहर मार्ग शेरपुर अभी पूरा चमराला तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनवाया जाए, परमिट होने के बाद भी वन विभाग राजगढ़ रेंज पशु चराने नहीं देता, ह ॥ ढ्ढ द्वारा कल्हेड़ी उतार-चढ़ाव का रास्ता दिया जाए, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करा रहे किसानों की जमीन पैमाइश कराई जाए, मुकेश कुमार कानूनगो को भ्रष्टाचार के नशे में डूबे हुए हैं जिस पर तहसील परिसर के अधिकारी मौन है और 9 दिन धरने पर बैठने के बाद भी उक्त कानून को पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर कानूनी कार्यवाही की जाए और तहसील से हटाया जाए। चीनी मिलों पर छापामारी की जाए घट तोली की जांच की जाए। वहीं धरने पर पहुंचे तहसीलदार अमित कुमार से वन विभाग के अधिकारी से वार्ता की गई परंतु दोनों अधिकारियों से कोई बात नहीं बन पाई, और धरना जारी है धरने का संचालन संजीव कुमार ब्लॉक महा सचिव के द्वारा किया गया! इस दौरान प्रांतीय नेता अजय कुमार, वीरेश राणा, धर्मेंद्र सिंह, रंधावा, अर्जेंद्र, मास्टर करण, सिंह, बिजेंद्र, अजीत, सत्यपाल, सत्यम, मुकुल, ज्ञान सिंह, अतुल, ऋषभ, प्रमोद, शगुन, शमशाद,आदि किसान मौजूद रहे।



## सुभा सपा नेता रणवीर सिंह निराला ने इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का किया उद्घाटन



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के कोतवाली रोड तायल पेट्रोल पंप के सामने यूनियन बैंक के पास नंदी ऑटोमोबाइल्स के नाम से इलेक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम मिथुन भारती व लाल बहादुर मलिक द्वारा खोला गया जिसका शुभारंभ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया! निराला ने नंदी ऑटोमोबाइल के स्वामी को बधाई दी, और बताया कि अपने नजीबाबाद क्षेत्र में सस्ते और उचित दामों पर आप इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीद सकते हैं! इस मौके पर मिथुन भारती लाल, बहादुर मलिक, कविता भारती, कंचन सिंह, बबली सिंह, विपिन कुमार, राम भरोसे ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

# नारी आज अधिक सशक्त किंतु जिम्मेदारी बांटने की सीख दें लड़कों को भी : डॉ कृष्ण गोपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग द्वारा खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम में सोमवार को परिवार व्यवस्था का मेरूदंड-भारतीय नारी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल, पद्मश्री स्वर लोकगायिका मालिनी अवस्थी, डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो आशु रानी और विभाग संघ संचालक राजन चौधरी ने रानी अहिल्याबाई, परम पूज्य डॉ हेडगेवार और गुरू जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अदम्य साहस, राजधर्म के साथ सनातन धर्म की पुरोधा रानी अहिल्याबाई के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित नाटिका के मंचन से उपस्थित महिलाओं के जनसमूह को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। शहर की गणमान्य महिलाओं से खचाखच भरे शिवाजी मंडपम हॉल में शक्ति की स्वरूपा रानी अहिल्याबाई को हर कोई नमन करता दिखा। विभाग संपर्क प्रमुख सीए संजीव माहेश्वरी ने विषय प्रवर्तन किया।

सभागार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल ने कहा कि भारत ने 1100 वर्षों तक आक्रमण झेला किंतु हमारी संस्कृति को कोई मिटा नहीं सका, यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि हमारा देश सातवीं शताब्दी से भयंकर संकट में आ गया था, 11 वीं सदी से आतंक का काल आरंभ हो गया, कोई मंदिर, कोई स्थान, माता बहनें कोई भी सुरक्षित नहीं रहा। शायद ही कोई देश इस प्रकार 1000 से अधिक वर्षों तक अपने देश की संस्कृति पर हमले का सामना कर पाया हो।

उन्होंने शिवाजी महाराज का संदर्भ लेते हुए कहा कि आक्रांताओं के काल में एक छोटे से स्थान से एक बालक खड़ा होता है, जिसका नाम था शिवाजी महाराज। बहुत ही बुद्धिमानी से उसने एक छोटा साम्राज्य स्थापित किया। 1674 में हिंदू पादशाही की स्थापना हुई। 1680 में शिवाजी महाराज की मृत्यु हो गई।

# पुलिस ने कच्ची शराब बनाने की भट्टे सहित एक आरोपी को धर दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ अभियान चलाते हुए गांव लड्डू वाला रामगंगा नदी के किनारे जंगल में छापा मारा। इस दौरान उन्होंने कच्ची शराब बनाने की भट्ठी पकड़ ली। साथ ही एक आरोपी को मौके से दबोच लिया, पुलिस ने मौके से 250 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की है। इसके अलावा दस हजार लीटर लाहन पकड़कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। सोमवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव लड्डूवाला रामगंगा नदी खादर के जंगल में छापा मारकर कच्ची शराब की भट्ठी पकड़ ली, जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया। मौके से 250 लीटर कच्ची शराब और दस हजार लीटर लाहन बरामद किया था, जिसे नष्ट कर दिया।

इसके अलावा पांच कैन,दो ड्रम,दो पाइप रबड़,दो हांडी,दो एल्यूमीनियम के पाइप,एक फावड़ा, पन्नी सफेद रंग,लकड़ियां सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने पुलिस को अपना नाम अमरजीत सिंह उर्फ गेज्जू उम्र 33 वर्षीय पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव लड्डूवाला उर्फ बावली थाना अफजलगढ़ बताया।

## आगरा के मूल निवासी ज्ञानेश कुमार देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ताजनगरी आगरा के मूल निवासी ज्ञानेश कुमार गुप्ता को देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है। सहकारिता सचिव के पद से रिटायर हुए इस सीनियर आईएएस अधिकारी के कार्यों को पिछले समय में काफी सराहना मिली। देश के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें केरल कैडर मिला था। उन्होंने अपने कार्यों से जल्द ही प्रसिद्धि हासिल करनी शुरू की। इसके बाद वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आए। गृह विभाग और सहकारिता विभाग में उन्होंने अहम योगदान दिया। नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता की जन्मस्थली आगरा है। उनके पिता डॉ. सुबोध कुमार गुप्ता और मां सत्यवती गुप्ता विजय नगर कॉलोनी के निवासी हैं। पिता चीफ मेडिकल ऑफसर के पद से रिटायर हो चुके हैं। पिता के सरकारी नौकरी में होने के कारण ट्रांसफर होता रहा। इस कारण ज्ञानेश कुमार की शिक्षा गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर से हुई। 12वीं उन्होंने लखनऊ के काल्विन



तालुकेदार कॉलेज से की थी। यहां वह टॉपर रहे थे। वाराणसी के क्वींस कॉलेज से पढ़ाई के दौरान वे हमेशा अव्वल रहे। 12वीं के बाद परिवार के डॉक्टरी पेशे से इतर उन्होंने इंजीनियरिंग की राह चुनी। आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद दिल्ली में रहकर सिविल सेवा की तैयारी शुरू की। इस दौरान उन्होंने करीब एक वर्ष तक हुडको में भी काम किया। 1988 में उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा पास की और केरल कैडर के आईएसएस अधिकारी बने। पहली नियुक्ति उन्हें तिरुवनंतपुरम में बतौर डीएम मिली। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया है। मनमोहन सिंह सरकार के समय में वर्ष 2007 से 2012 तक उन्हें रक्षा मंत्रालय में संयुक्त रक्षा सचिव की जिम्मेदारी मिली थी। वर्ष 2014 में उन्हें केरल सरकार के दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया। आईएसआईएस की हिंसक गतिविधियों के बीच उन्होंने 183 भारतीयों को इराक से निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इनमें इरबिल में फंसी 46 मलयाली नर्स भी शामिल थीं। सुबोध कुमार गुप्ता के पड़ोसियों का कहना है कि विजय नगर कॉलोनी में उनके परिवार के 28 सदस्य डॉक्टर हैं। उनकी मां सत्यवती अब भी योग सिखाती हैं। ज्ञानेश कुमार की बड़ी बेटी मेधा रूपम आईएएस अधिकारी हैं। अभी वह कासगंज जिले की डीएम के हैं। उनके पति मनीष बंसल भी आईएएस हैं। वह सहारनपुर डीएम के पद पर तैनात हैं। दोनों 2014 बैच के आईएएस हैं। ज्ञानेश कुमार गुप्ता की दूसरी बेटी अभिश्री आईआरएस अधिकारी हैं। उनके पति अक्षय लाबरू आईएएस हैं। उनके बेटे अरनव अभी पढ़ाई कर रहे हैं।

# मेरी तरह मिशन को समर्पित व्यक्ति ही होगा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट का उत्तराधिकारी: मायावती

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन सुश्री मायावती की ओर से पार्टी मूवमेंट को लेकर एक्स पर दिया गया बयान सुर्खियों में है। पार्टी मूवमेंट के उत्तराधिकारी को लेकर उन्होंने अब तक के सभी कयासों को खारिज किया है और कहा है कि मूवमेंट का उत्तराधिकारी वहीं होगा जो कांशीराम साहब की शिष्या के रूप में मेरी तरह ही हर दुःख तकलीफ उठाकर जी जान से मूवमेंट को आगे बढ़ाएगा। बसपा समर्थकों के साथ अन्य राजनीतिक दलों के बीच भी बसपा सुप्रीमो का बयान चर्चा में है।बयान में उन्होंने कहा है कि बीएसपी, देश में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवाँ को सत्ता तक पहुँचाने हेतु, मान्यवर श्री कांशीराम जी द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते-नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन-हित सर्वोपरि है। मान्यवर कांशीराम जी की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। मान्यवर कांशीराम जी की तरह ही मेरे जीतेजी भी पार्टी व मूवमेन्ट का कोई भी वास्तविक उत्तराधिकारी तभी जब वह भी, श्री कांशीराम जी के अन्तिम सांस तक उनकी शिष्या की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट को हर दुःख-तकलीफ उठाकर, उसे आगे बढ़ाने में पूरे जी-जान से लगातार लगा रहे। साथ ही, देश भर में बीएसपी के छोटे-बड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी पार्टी प्रमुख द्वारा निर्देश, निर्धारित अनुशासन एवं दायित्व के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जवाबदेह होकर पूरे तन, मन, धन से लगातार काम करते रहना ज़रूरी है। इसी ज़िम्मेदारी के साथ ख़ासकर कैडर के बल पर, ज़मीनी स्तर पर पार्टी संगठन की मज़बूती व सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने के साथ ही आगे भी हर चुनाव की तैयारी में पूरी दमदारी के साथ लगना है ताकि बहुजन समाज की एकमात्र आशा की किरण बीएसपी को अपेक्षित व प्रतीक्षित सफलता मिल सके।

### सिर्फ नाम का रह गया है कांशीराम साहब का आदर्श

बसपा के कार्यकर्ता और सेक्टर जोन इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब के नाम न तो कोई बैंक एकाउंट था और न ही एक इंच जमीन। उन्होंने कभी भी अपने लिए कपड़े तक नहीं खरीदा ।वे बहुजन समाज को ही अपना परिवार मानते थे।आज पार्टी के नेता अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में पार्टी को कमजोर कर रहे हैं।बहन मायावती को सही ग्राउंड रिपोर्ट नहीं देते। कैडर कैम्प ठीक से नहीं हो रहे। साहब कांशीराम का नाम लेते हैं, उनके जीवन दर्शन को अपने जीवन में दस फीसदी भी आचरण नहीं कर रहे।

**सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है भंते करुणाकर का इंटरव्यू -** बहुजन समाज पार्टी के लिए मान्यवर कांशीराम के समय से काम करने वाले भंते करुणाकर ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। उन्होंने पार्टी का वोट बैंक गिरने पर गहरी चिंता जताई है और बहुजन समाज की विरासत को बचाने के लिए बहन मायावती से बसपा को निरंतर नुकसान पहुंचा रहे नेताओं को बुलाकर बैठक करने, एकजुटता की पहल करने और समय की नजाकत को देखते हुए बहुजन दलों का एलाइंस खड़ा करने का अनुरोध किया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** आज दिनांक 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को आवास विकास स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना हेतु प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रस्तावित बजट पर चर्चा कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारी को निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया 23 फरवरी 2025 को जनपद फर्रुखाबाद में जिला भाजपा मुख्यालय पर बजट पर चर्चा संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों, मोर्चो एवं सभी प्रकोष्ठों को कार्यक्रम की तैयारी हेतु निर्देश दिया गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के प्रचार प्रसार की भी जिम्मेदारी दी गई है सोशल मीडिया जैसे अन्य प्लेटफार्म पर भी इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# किसानों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में आज भारती कृषक एसोसिएशन ने जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को सौंपा। भारती कृषक एसोसिएशन का ज्ञापन निम्न प्रकार से है कस्बा कायमगंज की कोतवाली और चौकी सजायाफ्ता प्रदीप सक्सेना चलाता है। इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही सब इसकी दुकान पर हाजिरी देते हैं। इसके मोबाइल फोन से सारी लिखा पढ़ी लेन देन (सुविधा शुल्क) वसूली होती है। प्रदीप सक्सेना के सभी फोन की काल डिटेल की जांच कराई जाए। दिनांक 13/2/2025 की घटना मुन्नालाल सक्सेना के बेटे पर हमला कर दुकान का सामान फेंका गया। दुकान से रुपया निकाल लिया,इस घटना में छेड़छाड़,मारतोड़ की गयी यह सब घटना प्रभारी निरीक्षक रामौतार व कस्बा चौकी इंचार्ज द्वारा करायी गई। तत्काल दोनों अधिकारीया कर्मचारियों को हटाया जाए कोतवाली कायमगंज में बड़ा से बड़ा अपराध पंजीकृत नहीं किया जाता है। पीड़ित पर 126/135 की कार्यवाही की जाती है। मुन्नालाल सक्सेना निवासी मोहल्ला जवाहरगंज द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार मुकदमा तत्काल किया जाए और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। दिनांक 14/2/2025 को पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भारती कृषक एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल कोतवाली कायमगंज पहुंचा तो मुकदमा दर्ज करने से प्रभारी निरीक्षक रामौतार ने मना कर दिया और फोन से प्रदीप सक्सेना और उसके साथ आए करीब 15 गुंडे साथियों से अपमानित कराया। अगले दिन एसपी साहब के पास फिर शिकायत की गई। इसके बाद आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। प्रदीप सक्सेना भूमाफिया है। मुसम्मात चना कुंवर धर्मसाला ट्रस्ट की जगह व नगर पालिका परिषद कायमगंज की दुकान संख्या 6 पर कब्जा कर अवैध दुकान मकान बना लिया।

# डॉक्टर नवल किशोर शाक्य एवं मनोज मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम चंपतपुर में पीडीए की पंचायत संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** पीडीए जन चौपाल का कार्यक्रम ग्राम पंचायत चंपतपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मनोज मिश्रा जिला पंचायत सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नवल किशोर शाक्य उपस्थित रहे।

मनोज मिश्रा ने गंगा एक्सप्रेस को लेकर बात रखी और चार चार विधायक एक सांसद के होने के बावजूद गंगा एक्सप्रेसवे लेकर खन्ना फर्रुखाबाद के चूसने गाना की आवाज को बुलंद करते हुए गंगा नदी के दोनों तरफ बंदा बनवाने की बात रखी। डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने हमेशा कंधे से कंधे कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया और उन्होंने मनोज मिश्रा को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस पी, डी, ए जन चौपाल में सब जाति और धर्म के लोगों को इकट्ठा करके एक समाजवादी का गुलदस्ता बनाया है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा समाज की सेवा करते रहेंगे और जिसके पास इलाज का पैसा नहीं होगा उसका फ्री इलाज करेंगे।

आने वाले विधानसभा चुनाव में सब लोगों को मिलकर समाजवादी पार्टी को जिताना है उन्होंने सर्टिफिकेट वाले सांसद पर तंज करते हुए कहा कि आज तक हमारे सांसद ने संसद में कोई भी किसानों की आवाज नहीं उठाई है।

जो भी दिखाई दे रहा है जनपद में वह समाजवादी पार्टी की देन है चाहे लोहिया अस्पताल हो चाहे एंबुलेंस हो चाहे 100 नंबर हो। इस अवसर पर नरेश, चंद्रपाल प्रधान संतोषपुर, हफीज खान पूर्व प्रधान गढ़िया हैबतपुर, रविंद्र दिवाकर बीडीसी, रत्नेश कोटेदार, विनोद कोटेदार रामेश्वर दयाल जाटव, रामचंद्र कठेरिया, शीशपाल राजपूत, बनवारी लाल पाल ,चंद्रभान पांडे, रणवीर ठाकुर ,शीशराम यादव, डॉक्टर गंगा सिंह ,रामचंद्र शाक्य ,विश्राम शर्मा, गुड्डू बाथम मंच पर उपस्थित रहे एवं ग्राम प्रधान राधा देवी चंपातपुर मंच पर उपस्थित रहीं।

## विश्व मेमन संगठन के प्रतिनिधिमंडल का अरबी विभाग का दौरा, कुलपति से भेंट की

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अरबी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सनाउल्लाह नदवी के निमंत्रण पर विश्व मेमन संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का दो दिवसीय दौरा किया और कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। प्रतिनिधि मंडल का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. नईमा खातून ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का अरबी विभाग दुनिया में एक प्रतिष्ठित और अद्वितीय स्थान रखता है, इस विभाग से कई प्रमुख यूरोपीय शोधकर्ता जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने कहा कि अरबी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अल्लामा अब्दुल अजीज मेमनी की सभी रचनाओं और किताबों को देखने का अवसर मिला, हम लोग हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। प्रतिनिधि मंडल ने अरबी विभाग के अध्यक्ष के नेतृत्व में मेमनी मंजिल, बदर बाग का दौरा किया और भवन को पुनः निर्माण कराने का ऐलान किया। दूसरे दिन, प्रतिनिधि मंडल के सम्मान में अरबी विभाग के सम्मेलन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अरबी विभाग के अध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल का स्वागत करते हुए अल्लामा अब्दुल अजीज मेमनी की शख्सियत, उनके शैक्षिक योगदान और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रोफेसर अब्दुल अजीज मेमनी 1936 से 1956 तक यानी दो दशकों तक अरबी विभाग के अध्यक्ष रहे और इसी दौरान उनकी अरबी रचनाएँ मिस्र और लेबनान से प्रकाशित हुईं। पांडुलिपियों के शोध और संपादन के क्षेत्र में उनका नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष जनाब हुसैन अगारी ने अपनी खुशी और संतोष का इजहार करते हुए कहा कि हम अब तक अल्लामा मेमनी की शख्सियत और उनके कार्यों से अंजान थे, हमें बहुत खुशी है कि आज हम अपनी समुदाय की इतनी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय शख्सियत से परिचित हुए।

## 31 मार्च 2025 तक समाधान योजना का लाभ उठाएं

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधरण को सूचित किया है कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 द्वारा 26 दिसम्बर 2024 में समाधान योजना के लागू होने के पूर्व तक योजित किसी भी स्टाम्प वाद/स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी वाद में यदि पक्षकार संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि को नियमानुसार देय ब्याज, के साथ जमा करने का इन्छुक है तो वह सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि की पुष्टि के उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय पक्षकार को पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि व ब्याज एवं 100 रूपया टोकन अर्थदण्ड की धनराशि को नियमानुसार एक सप्ताह में कोषागार में मद संख्या 0030, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में जमा करते हुये अवगत करायेगें।

## जिलाधिकारी एवं उपमहानिरीक्षक द्वारा लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रंगीरामपुर में लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनको होने बाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाहर के राज्यो व जिलो से आने बाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होनी चाहिये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नाव, नाविक व गोताखोरों नाम व मोबाइल नंबर की लिस्ट तैयार करा करवा कर हर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये, पीने के पानी के लिये टैंकर लगवाये जाये, मोबाइल शौचालय लगाने के निर्देश, घाट तक रास्ता सही कराने के निर्देश, घाट पर बैरिकेडिंग कराने व लाइटिंग कराने के लिये प्रधान को निर्देशित किया,आवागमन के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा श्रृंगी ऋषि के मंदिर पहुँचकर दर्शन व पूजन किया गया व मंदिर मार्ग की लाइट सही कराने व आवश्यकतानुसार और लगवाने के लिये निर्देशित किया।

## तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम पीडीए जनता करेगी





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 20 साल से रुके हुए कार्य को 12 से 17 तक रहे विधायक खजूरडार पुल को आदरणीय विजय पासवान ने बनवाने का काम किया था आज उसी पल पर समाजवादी पड़ा का भव्य कार्यक्रम हुआ हजारों की संख्या में मौजूद जनता जनार्दन आदि मौजूद रहे समाजवादी पार्टी ने हमेशा दबे कुछ ले असहाय कमजोर लोगों की मदद की है किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया सदा नेता जी की सरकार हो या अखिलेश यादव जी की सरकार हो हमेशा पिछड़े दलित और किसानों को सम्मान मिला है इस तानाशाही सरकार से हर कोई हताश और निराशा है सरकार कोई भी हो अगर जनता चले तो वह सरकार को रोड पर आना पड़ेगा और 27 में यही काम खजूर डर की जनता करेगी इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम पीडीए जनता करेगी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक आदरणीय विजय पासवान जी विशेष अतिथि रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रासन त्रिपाठी जी विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भाई जमील सिद्दीकी साहब और इस पीडीए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कपिलवस्तु विधानसभा 303 के अध्यक्ष श्री जोखन चौधरी जी पूर्व ब्लाक प्रमुख तालेश्वर निषाद जी लव कुश साहनी जी सेक्टर प्रभारी गुंजन पासवान जी जोनल प्रभारी अशोक पांडे जी बृजभान यादव जी परशुराम यादव जी जिला पंचायत प्रतिनिधि सुनील यादव जी समाजवादी यूथ के अध्यक्ष जय प्रताप यादव जी समाजवादी विधान सभा सचिव जुनेद आलम जी पीयूष यादव जी समाजवादी नेता चंद्रजीत यादव जी एवं सम्मानित जनता जनार्दन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# काव्य रस साहित्य मंच रायबरेली द्वारा चार साहित्यकारों की वैवाहिक वर्षगांठ पर विशाल ऑनलाइन कवि सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच पर वरिष्ठ साहित्यकार शिवनाथ सिंह शिव, पूर्णिमा सुमन और सुधीर रंजन, ईश्वर चंद जायसवाल की वैवाहिक वर्षगांठ पर एक विशाल ऑनलाइन कवि सम्मेलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया,जो बीती रात्रि 8.15 से आरंभ होकर 1.25 तक चलता रहा।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राम मनोहर लाल ने की। कार्यक्रम का आरंभ निधि बोथरा, इस्लामपुर पश्चिम बंगाल द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। स्वागत गीत आभा गुप्ता इंदौर, पटल गीत शिवनाथ सिंह शिव, रायबरेली ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्णिमा सुमन, धनबाद, झारखंड सुधीर रंजन विशिष्ट अतिथि ईश्वर चंद जयसवाल, संतोष श्रीवास्तव, अतिविशिष्ट अतिथि ओम ऋषि भारद्वाज थे। प्रथम सत्र का संचालन निधि बोथरा इस्लामपुर ने किया, जिसमें दिनेश कुमार दुबे, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, रामबहाल सिंह बहाल वाराणसी,डॉ. राजेश शर्मा, सर्जेंट अभिमन्यु ,अरफा साइमन,डॉ. मीना कुमारी परिहार, इंद्रेश भदौरिया अवधी सम्राट रायबरेली,ज्ञानेन्द्र पांडेय अवधी मधुरस अमेठी,आभा गुप्ता , इन्दौर ने काव्य पाठ किया। द्वितीय सत्र संचालन आभा गुप्ता ने किया, जिसमें रामदेव शर्मा राही छाता मथुरा,राम मनोहर लाल ,छोटे लाल सिंह चौहान रायबरेली, संजूला सिंह, जमशेदपुर, शिवनाथ सिंह शिव रायबरेली,चन्द्रा साहू चर्चित,खालिद हुसैन सिद्दीकी, राम राज भारती लखनऊ, कल्पना केसर, झारखंड, डॉ गीता पांडे, अपराजिता ने काव्य पाठ किया। तृतीय सत्र का संचालन मधुलिका स्वरूप ने किया, जिसमें श्रीपति रस्तोगी, लखनऊ, डॉ. रामप्यारे विश्वकर्मा राम चित्रकूट, सुधीर श्रीवास्तव, गोड़ा, गिरिराज शर्मा ठेठ मलिहाबादी, डॉ शशी जयसवाल, ओम ऋषि भारद्वाज, पूर्णिमा सुमन, संजीदा खानम एवं ईश्वर चन्द्र जायसवाल ने काव्य पाठ किया। अतिथियों एवं अध्यक्षीय काव्य पाठ ने सबका मन मोह लिया।

## उपजिलाधिकारी जालौन ने सीसीटीवी कैमरों तथा नकल विहीन परीक्षा की तैयारियों को परखा

**उरई (जालौन)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कराई जाने वाली हाइस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को परखने के लिए उपजिलाधिकारी, जालौन द्वारा जालौन बालिका इंटर कॉलेज, पंडित स्वरूप नारायण इंटर कॉलेज, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंभीर सिंह इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, सिरसाकलार, मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज, सिरसाकलार तथा दीवान महाराज सिंह इंटर कालेज जखा का औचक निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण में सीसीटीवी कैमरों तथा नकल विहीन परीक्षा की तैयारियों को परखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उपजिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 24 फरवरी से प्रस्तावित परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना होगा।

## स्वर्गीय हाजी हादी हसन के आवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव



**कन्नौज अवधनामा संवाददाता।** समधन कन्नौज सोमवार 10 फरवरी को पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी हादी हसन का स्वर्गवास हो गया था। जिसकी सूचना पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मिली थी सूचना पर फोन पर परिजनों को शांतना दी थी। जल्द से जल्द आने की बात कही गई थी। समय मिलते ही सोमवार 17 फरवरी 11 बजे पूर्व नगर अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर हाल-चाल जाना इसी दौरान काफिला रोककर नकीम खान से हाल-चाल लिए इसके उपरांत गुरसहायगंज पूर्व सपा नगर अध्यक्ष स्वर्गीय सतीश चंद्र गुप्ता के भाई के निधन के उपरांत आवास पर पहुंचकर कुशल छेमलिया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अरविंद यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष नकीम खान, रफी अनवर सिद्दीकी , अरुण यादव एडवोकेट, राम प्रकाश यादव,ऐनुद्दीन खान, वसीम हुसैन, गुफरान सिद्दीकी पूर्व जिला सदस्य पिंटू यादव, विनोद यादव, कन्हाई सिंह यादव अतीक हुसैन, अनिल आर्या, विनोद गुप्ता, कैलाश गुप्ता, गिरीश चंद्र,विजय गुप्ता, राज सिंह चौहान (छोटे ठाकुर), रणधीर ठाकुर, रवि गुप्ता, सुंदरम गुप्ता, अवधेश गुप्ता ,मनी गुप्ता,रामसेवक बाथम, अरुण कुमार शर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

## एनएसएस के विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मंजू मिश्रा, प्राचार्य, बापू पी जी कॉलेज, पीपीगंज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सत्यपाल सिंह, संयोजक, राष्ट्रीय सेवा योजना, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि डॉ अंजू मिश्रा ने बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या पे बच्चों को जागरूक किया। तत्पश्चात डॉ सत्यपाल सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में स्वयं सेवकों को जागरूक किया और उसके महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आराधना सिंह ने किया द्ब स्वागत गीत श्रेया एवं प्रियंका द्वारा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास एवं लक्ष्य गीत हर्षित तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथिगण एवं शिक्षक गण का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणित विभाग के डॉ रविंद्र नाथ शुक्ल, प्राणी विज्ञान विभाग के डॉ संतोष त्रिपाठी , वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ शोभित श्रीवास्तव , डॉ विकास यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# अपनी मांगों के समर्थन में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** एक विद्यालय में एक बार प्रवेश लेने पर कक्षा 12वीं तक पढ़ा जा सकता है लेकिन जिले के निजी विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष प्रवेश शुल्क वसूला जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से ऐसे सभी विद्यालयों के संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही कर रोका जाए। यह मांग एबीवीपी द्वारा शुभम् राव ने बीएसए से ज्ञापन के माध्यम से की। ज्ञापन में कहा गया कि स्ववित्त पोषित विद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षकों की सूची सार्वजनिक की जाए। शिक्षण संस्थानों में निरंतर छात्रों की संख्या परिसरों से घट रही है इसका मुख्य कारण कक्षाओं का संचालन न होना एवं उनके यहां शिक्षकों का अभाव का है इसे तत्काल प्रभाव से भरा जाए। स्ववित्त पोषित विद्यालयों में वर्ष भर में कभी न तो खेल गतिविधियों के कार्यक्रम होते हैं न तो एक्स्ट्रा केरिकुलम एक्टिविटी व व्यक्तित्व विकास का कोई कार्यक्रम आयोजित होते हैं, इसके क्रियान्वयन की कार्यवाही की जाए। विद्यालयों में वाहनो के पार्किंग की कोई व्यवस्था नही है, जिससे रोड पर जाम की अवस्था बनी रहती हैं।नानस्कूलिंग के नाम पर अवैध वसूली निजी विद्यालय द्वारा की जा रही है। कान्वेंट व निजी स्कूलों के फीस को नियंत्रित व फीस की सुची को सार्वजनिक व पारदर्शी किया जाए। कई निजी स्कूल बिना उचित संसाधन व बगैर मान्यता के हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई करवा रहे है, ऐसे विद्यालयों की जांच व तत्काल करवाई की जाएं। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में अग्निशमक की व्यवस्था को सही किया जाए। विद्यार्थी परिषद इन विषयों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए छात्रहित एवं समाज हित में दोषियों पर कार्यवाही करते हुए शैक्षणिक विषयों क समाधान कराने की मांग करती है अन्यथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरखप बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# अभिभावक बच्चो के प्रति जागरूक बनें



**सहारनपुर (अहमद रज़ा)।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था नैशनल पब्लिक स्कूल में सोशल मीडिया नेटवर्किंग पर आयोजित कार्यशाला में बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने अभिभावकों को सोशल मीडिया के लाभ व हानि के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के गुर बताते हुए उन्हें सोशल मीडिया प्लेट फार्म के उपयोग के दौरान निगरानी के प्रति जागरूक किया।

ज्वाला नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का उद्घाटन प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी एवं स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र चौहान बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज, यूनिक किड्स स्कूल के डायरेक्टर मनु चौहान,डायरेक्टर हरसिमरत कौर चौहान, प्रधानाचार्य सिंपल मकानी एवं गार्गी बजाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने कहा कि वर्तमान समय में भी अभिभावक बच्चो की प्राब्लम नही समझ पा रहे है। जिसके लिए उन्हें बच्चो की समस्याओं के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावको के साथ बच्चों की सोच का विकास भी होना चाहिए। उन्होने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का दौर है आजकल के बच्चों सोशल मीडिया प्लेट फार्म का उपयोग करते हैं। सोशल मीडिया के कई फंक्शन ऐसे हैं जिससे उनके अभिभावक भी परिचित नहीं हैं इसलिए बच्चे अपने अभिभावकों को उनके प्रति जागरूक करने का कार्य कर सकते है। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व प्रबंधक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि अधिकांश छोटे बच्चे भी सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं इसलिए अभिभावकों को भी उनकी निगरानी करने की आवश्यकता है ताकि पता चल सके कि उनका बच्चा कहीं सोशल मीडिया का दुरुपयोग तो नहीं कर रहा है। उन्होंने शिक्षको से भी बच्चों में संस्कार पैदा करने के लिए नैतिक शिक्षा पर भी ध्यान देने का आहवान किया ताकि समाज में संस्कारों में लगातार आ रही गिरावट पर अंकुश लगाया जा सके। यूनिक किड्स स्कूल के डायरेक्टर मनु चौहान* ने कहा कि बच्चे के सर्वागींण विकास में अभिभावक व शिक्षक दोनों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है जिसके प्रति दोनों को सजग रहना चाहिए।इस दौरान बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने मनोविज्ञान को समझने के बारे मे बच्चों के प्रश्नो के उत्तर भी दिये। कार्यक्रम का संचालन मनस्वी सेतिया ने किया।

# पुलवामा शहीदों की पुण्यतिथि पर लगा रक्तदान शिविर

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** पुलवामा शहीदों के छठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप रक्तदान शिविर का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले माँ देवकाली मंदिर में किया गया।किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के सहयोग से होने वाले इस रक्तदान शिविर में 31 युवाओं नें रक्तदान कर महादानी बने जिसमें प्रोफेसर, शिक्षक,अधिवक्ता, चिकित्सक,पुलिस के अलावा अन्य लोग रहें।रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में साकेत पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य अभय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में देहदानी अमर नाथ तिवारी जी मौजूद रहें। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ रिबन काटकर मुख्य अतिथि अभय सिंह नें कहा रक्तदान सर्वोत्तम व पुनीत दान हैं। हमारे रक्त से जहाँ किसी की अनजान की जान बचती तो तो वही दूसरी ओर रक्तदाता में भी प्रतिरोधन क्षमता बढ़ती हैं और वे कई तरह से बीमारियों से भी सुरक्षित रहते है। देहदानी अमरनाथ तिवारी नें युवाओं से अपील करते हुए कहा कि यदि हम स्वस्थ्य हैं और रक्तदान कर सकते हैं तो हम सौभाग्य शाली हैं और हमें निरंतर रक्तदान करना चाहिए। संस्था के संरक्षक राजेश चौबे नें कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना ही संस्था का उद्देश्य हैं।ब्लड मैन के नाम से चर्चित संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त नें कहा कि 2016 से अब तक 150 से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाकर करीब 10 हजार मरीजों को खून दिया जा चूका हैं। रक्तदान संयोजक आरक्षी मो अहद नें कहा कि हर घर में रक्तदाता हो तो निश्चित ही खून के अभाव में किसी की मौत नहीं होंगी। सभी रक्तदाताओं को एक साल की वैधता के डोनर कार्ड, प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में डॉ दीप्ति गुप्ता, डॉ मनीष माथुर, अभिषेक, सौरभ आनंद, रमेश लाल, सैयद शाकिब रिज़वी, विशाल मनुचा, घिराऊ निषाद, शुभम वैश्य, अंकित मौर्य, राहुल शुक्ला, राकेश कुमार, अक्षत श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद, मनोज आहूजा, राहुल कुमार, पवन पटेल, सुरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश तिवारी, अंकुश दिर्वेदी, विपिन यादव, गोपाल कृष्ण दास, सिद्धार्थ केसरवानी, अनुराग तिवारी, अशोक यादव, यदुनाथ चतुर्वेदी, अभिषेक गुप्ता, दुर्गेश तिवारी, कपिल कुमार व विजय सिंह बंटी रहें। इस मौके पर डॉ मनीष राय, मनीष मौर्य, विजय वर्मा,अमरेश चंद मिश्रा, इंद्र प्रीत सिंह,बसंतराम, मो फरजान, मो आमिर, अंजलि सिंह,रितु राठौर, आशीष कौर, माला, खुशबू शाही, व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना केतहत पुनः आवेदन आमंत्रित, 40त्न अनुदान पर मिलेगा लाभ

**अयोध्या।** नंद बाबा दुग्ध मिशन, लखनऊ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत जनपद अयोध्या में दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों से पुनः आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत गाय क्रय करने पर 40त्न तक का अनुदान दिया जाएगा, जो अधिकतम 80 हजार रुपये तक होगा।इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए जनपद के उप दुग्धशाला विकास अधिकारी और जिला समन्वयक, नंद बाबा दुग्ध मिशन अयोध्या, आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष चयनित लाभार्थियों और प्रतीक्षा सूची में रखे गए आवेदकों ने गाय क्रय करने में रुचि नहीं दिखाई, जिससे लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति नहीं हो पाई।

# भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानीः महापौर गिरीशपति

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में पीएम उषा के साफ्ट कंपोनेण्ट योजनान्तर्गत मंगलवार को 'रिलिवेंस आफ इंडियन नालेज सिस्टम इन बिजनेस' विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला आरंभ हुई। मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर ने कहाकि प्रारंभिक ज्ञान अनुभूति से आता है। ऋषियों-मुनियों ने वेद, उपनिषद और पुराणों में भारतीय ज्ञान को संरक्षित-संयोजित किया। भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है, जिसमें ऋषियों-मुनियों ने अपनी तपस्या से इस ज्ञान को संयोजित किया। उन्होंने कहाकि किसी समय अयोध्या प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित थी, लेकिन नवाबकाल में जब अवध की राजधानी अयोध्या से लखनऊ बनी तब से अयोध्या का दुर्भाग्य आरंभ हुआ। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से अयोध्या को क्षति झेलनी पड़ी। मोदी-योगी के समय में अयोध्या का गौरव गौरव पुनर्प्रतिष्ठित हुआ। अब अयोध्या अवसरों से भरी है विशिष्ट अतिथि महंत रामदास ने कहाकि सबसे बड़े शोधार्थी हनुमानजी थे। अपने ज्ञान से वह बचपन में ही सूर्य तक पहुंच गए, जबकि वर्तमान समय में अंतरिक्ष एजेंसियां मुश्किल से चांद पर पहुंच पाती है। उन्होंने कहाकि सिर्फ नौकरी से काम नहीं चलेगा। अब व्यवसाय के अनेक अवसर है, लेकिन सर्वे भवंतु सुखिनरू के भाव से। उन्होंने कहाकि धन कमाने का उद्देश्य अवश्य रखें, लेकिन इतना भी संचय नहीं करें कि अगली पीढ़ी कोई काम नहीं करे। इससे पहले विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। कहा, भारतीय परंपरा में प्रत्येक कार्य की अपनी महत्ता है। सुबह उठते हैं तो पृथ्वी का पूजन, भोजन का पूजन आदि का विधान है। प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा अद्भुत है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला



**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव निवासी किसान पुरुषोत्तम प्रजापति (32) पुत्र उदयराज प्रजापति मशरूम की खेती करता था। गांव के हाथी बाबा मंदिर के निकट उसका मशरूम प्लांट है। वह मशरूम प्लांट पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मचान के बांस से लटका मिला।? प्लांट पर पहुंचे एक ग्रामीण ने शव देखा तो वह चीख पड़ा। इसकी सूचना गांव पहुंची तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। बाद में रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम को भेजा है। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# विधायक अयोध्या के जन्मोत्सवों पर हुआ समरसता भोज का आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता के जन्म उत्सवों वर्षगांठ के अवसर पर मिर्जापुर माफी की दलित बस्ती में बने डॉ अम्बेडकर पार्क में ग्राम वासियों द्वारा विधायक अयोध्या जी का 51किलो की माला पहना कर मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी और संतोष निषाद जी ने स्वागतकिया द्य स्वागत समारोह में वहां की महिलाओं एवं पार्टी के कार्यकर्ताओंके द्वारा माला पहनाकर माननीय विधायक जी का स्वागत करते हुए केक कटवाया गया। वहां पर मौजूद पार्टी क ार्यकर्ताओं के द्वारा एवं पूरा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी द्वारा रामनामी पहना कर विधायक जी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।इस अवसर पर विधायक अयोध्या व उनक ी पत्नी ने वहां पर आए तमाम जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी भी वितरण किया। तत्पश्चात दलित बस्ती के महिला पुरुषों के साथ विधायक अयोध्या ने समरसता भोज भी किया। स्वागत समारोह से हर्षित नजर आए श्री गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी का यह प्रेम भरा स्वागत आजीवन याद रहेगा। आप हमारे विधानसभा क्षेत्र के निवासी ही नहीं बल्कि हमारा परिवार है,और मैं सदैव एक अभिभावक की तरह आप सभी के सुख-दुख में खड़ा रहूंगा। मेरी विधानसभा के किसी भी व्यक्ति को कभी भी किसी प्रकार की असुविधा या समस्या हो तो वह बेझिझक मुझसे संपर्क कर सकता है मैं पूरी कोशिश करूंगा कि उसकी समस्या का निराकरण कर पाऊं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी जिला अध्यक्ष प्रमुख संघ शिवेन्द्र सिंह, दीपेंद्र सिंह , अमल गुप्ता हरिभजन गौड़, सियाराम भारती दिनेश मिश्रा बब्लू खान, लक्ष्मण वर्मा व पार्टी के कार्यकर्ता एवं मलिन बस्ती के तमाम लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या में महिलाओं के लिए मिसाल बनी राधिका पांडेय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** देशभर में महिलाओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम समाज के लिए एक प्रेरणा बन रहा है। खासकर अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान पर, जहां लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन रामलला के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, महिलाओं ने भी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। अयोध्या के धारा रोड निवासी राधिका पांडेय ने अपनी मेहनत और संघर्ष के जरिए न केवल अपनी जिंदगी को बेहतर बनाया है, बल्कि एक मिसाल भी पेश की है। राधिका पांडेय, जो एक ई-रिक्शा चालक हैं, प्रतिदिन श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराकर कमाई कर रही हैं। इस दौरान वह अपने परिवार का पालन पोषण भी करती हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाती हैं। राधिका पांडेय का कहना है कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस तरह से समाज में अपने पैरों पर खड़ी हो सकूंगी, लेकिन अब मुझे गर्व है कि मैं खुद अपने लिए कुछ कर रही हूं और अपने परिवार की मदद भी कर रही हूं।÷ राधिका सुबह से शाम तक ई-



रिक्शा चलाती हैं और अपनी मेहनत के फलस्वरूप अच्छे पैसे कमाती हैं।अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या और पर्यटन ने रोजगार के अवसरों को भी बढ़ाया है। खासकर महिलाओं के लिए यह एक नया अवसर बनकर सामने आया है, जिससे वे न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी अपनी ताकत दिखा रही हैं। राधिका जैसे उदाहरण यह सिद्ध करते हैं कि महिला सशक्तिकरण के लिए किसी बड़े संस्थान या अवसर की जरूरत नहीं होती, बस खुद पर विश्वास और कड़ी मेहनत ही काफी है।राधिका पांडेय के संघर्ष और सफलता की कहानी अयोध्या के अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। यह न केवल नारी शक्ति की मिसाल है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और वह भी समाज में अपनी भूमिका निभाने में सक्षम हैं।

## महादेवा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात

**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा मेला को देखते रेलवे स्टेशन बुढ़वल पर




आरपीएफ व जीआरपी ने भी सुरक्षा के बदोबस्त किए हैं। स्टेशन पर रेल पुलिस एलर्ट है। आरपीएफ इंचार्ज अजमेर सिंह यादव ने बताया कि छ दरोगा, एक इंस्पेक्टर, 20 सिपाही लगाए गए है।मुख्य रूप से केसरी पुर व चौकाघाट क्रासिंग ,स्टेशन व सरयू रेल पुल देखना है ताकि श्रद्धालु रेल पटरी पर न चले। स्टेशन पर भी जो गाड़िया कानपुर झाँसी की तरफ जाती है उनमे श्रद्धालुओ को बिठाया जाता है।उन्होंने यह भी बताया कि इस स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को महाशिव रात्रि पर्व तक सात मिनट रोके जाने व प्लेट फार्मो पर डिस्प्ले बोर्ड लगवाकर एनाउंस मेंट किए जाने संबंधी पत्र उच्च अधिकारियो को भेजा है।आर पी द्वारा भी मेला अवधि मे चार उपनिरीक्षक, एक महिला उप निरीक्षक तथा 40 महिला पुरुष सिपाही लगाए गए हैं।रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लाइट लगाई जानी शेष है।मार्ग पर अंधेरा रहता है। बता दे कि रेल विभाग द्वारा यंहा से गुजरने वाली कई ट्रेनों को बुढ़वल स्टापेज नहीं दिया गया है जिससे यात्रियों के साथ साथ लोधेश्वर महादेवा आए कान्वरियों को भी यातायात की दिक्कत उठानी पड़ती है।रोड वेज बसों का संचालन भी रामनगर होकर नही होता और रेल भी नहीं मिलती। इस तरह से दोनो ओर यातायात समस्या से श्रद्धालुओ को जूझना पड़ता है। प्राइवेट छोटे वाहनो के सहारे ही वापसी करते जो किराया भी बढ़ाकर वसूल करते हैं।

# कचहरी परिसर में नवजात शिशु दुग्धपान कक्षों का न्यायाधीश ने उद्घाटन किया




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ÷वात्सल्य शिशुपान कक्ष मातृ शक्ति के सम्मान की दिशा में बाराबंकी बार-बेंच कुटुंब का ऐतिहासिक क़दम है, जो शिशु-माता संबंधों के लिए हमारी संवेदनशीलता दर्शाता है, उक्त उद्गार जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने कचहरी परिसर में नवजात शिशुओं के स्तनपान के लिए 3 विशिष्ट कक्षों के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए।साईं लॉ कॉलेज के सहयोग से निर्मित दुग्धपान कक्षों के उद्घाटन के मौक़े पर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश सत्यदेव गुप्ता, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सत्यवीर यादव, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह, बार के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी और तमाम गणमान्य अधिवक्ताजन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि न्यायालय परिसर में मुक़दमे के संबंध में आई हुई माताओं को अपने दुधमुंहे बच्चों को दूध पिलाते समय कोई अलग स्थान न होने के चलते बहुत असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था, जिस पर संज्ञान लेते हुए ज़िला जज पंकज कुमार सिंह की प्रेरणा से ज़िला बार कार्यकारिणी ने साईं लॉ कॉलेज के सहयोग से 3 शिशुपान कक्षों के निर्माण के लिए कमर कसी, जो संभवतः पूरे प्रदेश के न्यायालयों में इस तरह का पहला प्रयास है। इन कक्षों के लिए न्याय भवन में पॉक्सो कोर्ट के सामने, सुलह-समझौता केंद्र एडीआर भवन और फ़ेमिली कोर्ट की गैलरी में तीन जगह चुनी गईं और अंततः आज उन तीनों कक्षों का शिलापट्ट सहित उद्घाटन होकर शुरुआत हो गई। बार अध्यक्ष हिसाल बारी ने बताया कि संभवतः प्रदेश में पहली बार किसी न्यायालय परिसर में निर्मित इन महिला कक्षों को माता-शिशु के दैवीय संबंध को समर्पित %वात्सल्य% नाम दिया गया है और इन्हें महिलाओं के दृष्टिगत पिंक कलर का बनाया गया है। बाहर माता-शिशु चित्रों से सुसज्जित इन कक्षों के अंदर वॉल फ़ैन लगाकर आरामदेह बेंच भी रखी गई है और रौशनी के साथ निजता का पूरा ध्यान रखा गया है। इस मौक़े पर मौजूद न्यायाधिकारियों का बार महामंत्री अशोक वर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पूरी कैबिनेट के साथ बुके देकर स्वागत किया और साईं लॉ कॉलेज की ओर से विक्रांत राठौर ने स्मृतिचिह्न प्रदान किए। इस मौक़े पर कौशल किशोर त्रिपाठी, राकेश तिवारी, अंशुमान सिंह, विनोद यादव, विजय पांडे, प्रदीप बाजपेई, अतुल वर्मा, दौलता देवी, मदन लाल यादव, पंकज श्रीवास्तव, विजय रस्तोगी, राहुल विक्रम, सुमेर सिंह, अनिल यादव, रवि वर्मा, शिव कुमार, नवीन वर्मा के साथ पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, ब्रजेश दीक्षित, हरीश अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह व भारत सिंह यादव तथा सुषमा शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, सरवर जहाँ, साक्षी गाबा, रूबी सिंह, क्रांति गौतम, दीपा, गरिमा, सोनिया बग्गा, अंजलि यादव, प्रतिभा आदि महिला अधिवक्ता भी मुख्य रूप से मौजूद रही।

## केंद्रीय बजट छह आयामी दृष्टिकोण पर है आधारितः संजय राय




**अयोध्या।** भाजपा प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केन्द्रीय बजट की उपलब्धियों के बारें मे बताया। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट के चार प्रमुख इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश व निर्यात है। बजट के छह प्रमुख क्षेत्रों में कराधान, उर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, नियामक सुधार व खनन शामिल है। बजट छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। जिसमें विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना व घरेलू भावना को सशक्त करना शामिल है।उन्होंने बताया कि बजट में मध्यम वर्ग पर कर बोझ को कम करने के मार्ग को जारी रखा गया है। शून्य कर श्रेणी को सात लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्नदाता की शक्ति को मजबूत करने के लिए केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के पहले चरण मे राज्यों के सहयोग से 100 कम उत्पादकता और कम बीमा कवरेज वाले कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। यह योजना कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाउ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगी।

## शिकायत के बाद एसडीएम ने अतिक्रमण हटाया

**सिद्धौर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत हकामी के जबर पुरवा गांव में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध रूप से काबिज पांच लोगों के खिलाफ असंद्रा थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह कार्रवाई एसडीएम रामसनेहीघाट के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कराई गई है। असंद्रा थाना क्षेत्र के जबर पुरवा गांव में स्थित सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर बीते दिनों राजस्व प्रशासन द्वारा मौके की जांच कर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। अतिक्रमण न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। जमीन न खाली करने पर बीते 15 फरवरी को एसडीएम रामसनेहीघाट राम आसरे वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल को अवैध कब्जेदारो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था।

## देश की आजादी दिलाने में स्व रफी अहमद ने अहम भूमिका निभाईः डॉ अम्मार रिज़वी



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व केंद्रीयमंत्री रफी अहमद किदवाई की जयंती के मौक़े पर कस्बा मसौली स्थित उनके मकबरे पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंगलवार की भोर मजार पर मिलाद एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफी अहमद किदवाई ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अम्मार रिजवी अम्मार रिजवी ने कहा कि देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्व रफी साहब द्वारा किए गए संघर्ष को भूला पना सम्भव नहीं है।यह वह सरजमी है जहां ऐसे शख्स ने जन्म लिया था। जिसने हिन्दुस्तान को सियासी ताकत एवं राजनीतिक सुझबुझ से मुल्क एकसूत्र में बंधाने कार्य किया है।जब भी इतिहास के पन्नों को पलटगे तो उनकी हमेशा यादें ताजी हो जायेगी। ट्रस्ट के सचिव रामनगर विधायक फ़रीद महफूज किदवाई ने कहा कि संघर्ष पूर्ण जीवन रहा है। जिससे हम लोगों को सीख लेने की जरूरत है उन्होंने कहा कि रफी साहब ने देश की आजादी के साथ सच्चाई का साथ देने वाले शख्स थे।

# एकजुटता ही पासी समाज का उत्थान कर सकता हैः कमलेश पासवान

## पासी स्वाभिमान सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर के पीजी कॉलेज में मंगलवार को पासी स्वाभिमान सम्मेलन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बांसगाव लोकसभा के सांसद व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने पासी समाज के उत्थान के लिए एकजुटता का मूल मंत्र दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि सर्वप्रथम महराजगंज की धरती को प्रणाम करता हूं कि आप लोग मुझे इस योग्य समझे। मैं भीमराव अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलते हुए आप सभी लोगों को इन्हीं के पद चिन्हों पर चलने के लिए कहना चाहता हूं। जब-तक पासी समाज के सभी संगठन के लोग एक होकर नहीं चलेंगे तब तक पासी समाज का उत्थान नहीं होगा। आप सभी लोग जब एक हो जाएंगे तो पासी समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं



रोक पाएगा। एकता में बहुत दम है और एकता से ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज कितना गौरवशाली रहा इतिहास के पन्नों में हमारा इतिहास गुम हो गया है। हमारा भविष्य राजा महाराजाओं का था हमारी उपाधि एक लड़ाकू के तौर पर देखा जाता था। एक संघर्षशील व्यक्ति के नाम पर दिया जाता था, हमें उपाधि दूसरों की रक्षा करने के लिए दिया जाता था। इतिहास की अगर हम जो बात करें संविधान रचयिता ना होते संविधान में महाराज की धरती पर आकर आपकी हौसलों को बुलंद करने का काम नहीं करता। इस अवसर पर विनोद पासवान, पवन पासवान,विमल पासवान,प्रमोद पासवान, प्रदुम्न पासवान, गुंजन पासवान, यज्ञदत्त पासवान, अनिल पासवान,डा एल.बी.प्रसाद,डा विवेक पासवान, राकेश पासवान,डा विनोद पासवान,श्रीराम पासवान, योगेन्द्र पासवान सहित पासी समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में केस दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सुकरहर में एक पीड़ित महिला ने अपने ही गांव के एक युवक पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पीड़िता निरमला यादव ने बताया कि 18 जनवरी की सुबह करीब सात बजे सुबह गाँव के दुसरे व्यक्ति के घर से फुल तोड कर आ रही थी कि सन्तोष यादव पुत्र हरिलाल मुझे देखते ही भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देने लगा। जिसका विरोध करने पर मारने पिटने व जानमाल की धमकी देने लगा। युवक काफी मनबढ किस्म का व्यक्ति है। घटना से मानसिक रुप से काफी डरी व सहमी हूं। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध संबंधित धारा में केस दर्ज जांच किया जा रहा है।

## परीक्षा की शुचिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन कराने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जीएसवीएस इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित की गई। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों ने भाग लिया जिलाधिकारी श्री झा ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, क्योंकि छोटी सी चूक भी परीक्षा की गरिमा को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, जैसे - पेयजल, स्वच्छ शौचालय और समुचित प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा से एक दिन पहले केंद्रों का निरीक्षण करें और किसी कमी को तुरंत दुरुस्त कराएं। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को शुक्रवार तक कंट्रोल रूम सक्रिय करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा संबंधी निर्देशों को भली-भांति समझ लें और उनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। इससे पूर्व डीआईओएस ने परीक्षा संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

# जल्द ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पर्यटन से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे : प्रो. कविता शाह

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में अकादमी उद्योग सम्मेलन के समारोप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन और विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से सिद्धार्थनगर क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर इसके विकास के मार्ग को और प्रशस्त किया जा सकता है। इस क्षेत्र को रामसन साइट के रूप में विकास की मुख्य धारा के साथ सिद्धार्थनगर को जोड़ सकतें है।

महात्मा गौतम बुद्ध से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण स्थल इस क्षेत्र को उपलब्ध है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जल्द ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पर्यटन से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे जो रोजगारपरक होंगे। सिद्धार्थ नगर में रोजगार के अवसरों की अनंत संभावनाएं हैं। जरूरत है सही दिशा में नेक नियत और समाज के साथ मिलकर कार्य करने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में नॉलेज हब संचालित है जिसमें छात्रों का बहुत योगदान है जो छात्रों को उपयोगिता के लिए खुद को कैसे तैयार करें इसका प्रयास करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की विपरीत परिस्थिति में ही सकारात्मक ऊर्जा और दृष्टि के साथ आगे बढ़ने पर उच्चतम शिखर को व्यक्ति प्राप्त करता है। हम सकारात्मक सोच और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आपदा को भी अवसर में बदल सकते हैं। यह क्षेत्र अत्यधिक बाढ़ प्रभावित है लेकिन प्रबल इच्छा है तो मत्स्य पालन के माध्यम से उद्योग और रोजगार को बहुत बढ़ावा दे सकते हैं। एक जिला एक उत्पाद में काला नमक चावल के क्षेत्र में भी व्यापार उद्योग और रोजगार की आसीम संभावनाएं हैं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में सरकारी सेवा से अधिक क्रेज उद्यमिता के क्षेत्र में है।वर्तमान परिवेश में युवाओं को जीवन में अधिक से अधिक जोखिम लेने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। जितने अधिक जोखिम लेने की क्षमता विकसित होगी आगे बढ़ाने और विकास करने की संभावना भी उतने अधिक होगी। परंपरागत सोच की अपेक्षा नवाचार के लिए प्रेरित हो। नवाचार को प्रेरित करने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लीख से हटकर चलने वाले ही उच्चतम शिखर की ओर अग्रसर होते हैं। आराम का रास्ता छोड़कर कठिनाई और चुनौतियों का मार्ग के लिए निरंतर तत्पर रहना होगा और दिनचर्या की समीक्षा युवाओं में नियमित प्रवृत्ति के रूप में विकसित होना आवश्यक है। तभी वैश्विक आधार पर अपने को तैयार कर सकतें है। अकादमी और उद्योग के मध्य आज बहुत घनिष्ठ संबंध है। विश्वविद्यालय का इस प्रकार का आयोजन यहां के युवाओं और जिले के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। सक्षम युवा ही समाज और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में भी विकास के अनेक अवसरों का उल्लेख किया ।अंत में उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह अपने नए विचार और नवाचार लेकर आए सिद्धार्थनगर में ऐसे युवाओं का हृदय से स्वागत है। सक्षम युवा ही विकसित भारत का आधार है। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर दीपेंद्र यादव ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं एवं रोजगारपरख नीतियों के साथ भारतीय स्टेट बैंक कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से व्यावसायिक क्षेत्र में कार्य करें। बैंक अपनी संपूर्ण जबाबदेही के साथ उनके साथ खड़ा है। लेकिन इसके लिए बहुत जरूरी है कि उद्यमी समय से बैंकों की देनदारी वापस करें जिससे भविष्य का मार्ग और प्रशस्त होगा। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसरों का उल्लेख करते हुए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में युवाओं को करियर बनाने के लिए आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंश्योरेंस मुंबई द्वारा संचालित बेसिक कोर्स लाइफ इंश्योरेंस के माध्यम से भी युवाओं को रोजगार के अवसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के रोहित ने भी अपने विचार रखते हुए छात्रों के भविष्य और करियर को लेकर महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन इस सम्मेलन के संयोजक आईयूपीएसी के निदेशक प्रोफेसर सौरव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शिवम शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी छात्र-छात्राएं एवं विद्युत क्षेत्र के उद्यमी उपस्थित रहे। इससे पूर्व दो सत्र भी आयोजित किये गए प्रथम सत्र के अंतर्गत इम्मीनेंट नॉलेज रेक्क्रिमेंट प्रमोटिंग इंडस्ट्री पार्टिसिपेशन विषय पर डॉ जीतेंद्र कुमार सिंह , उद्यम मित्र तोशेन्द्र कुमार मिश्रा एवं सिद्ध भूमि काला नमक के संस्थापक विकास उपाध्याय ने विषय ने अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र के अंतर्गत करिकुलम डिज़ाइन एवं इंडस्ट्री की अपेक्षाएं विषयक पृष्ठभूमि विषय पर प्रो हारीशकुमार शर्मा, डॉ कौशलेन्द्र चतुर्वेदी , डॉ मनोज, डॉ सत्य नारायण सिंह ने अपने विचार रखे।

## हमारी हर छात्रा एक उज्ज्वल दीपक है, जिसकी रोशनी से समाज प्रकाशित होगा: मशहूद खां

यशोदा श्रीवास्तव



**सिद्धार्थनगर।** आइशा सिद्दीका गर्ल्स कॉलेज झंडानगर में एक भव्य और प्रेरणादायक प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 42 स्नातक छात्राओं को 'रदाए फज़ीलत' (गौरव की चादर) से सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक समारोह में ज्ञान और कौशल के दीप प्रज्वलित किए गए और छात्राओं की मेहनत और समर्पण की भरपूर सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ. मंज़ूर अहमद खान नदवी अलीग ने की, जबकि संचालन का उत्तरदायित्व शेख एहसानुल्लाह फैज़ी ने बेहतरीन तरीके से निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन मजीद की तिलावत से हुई, जिसके बाद विभिन्न प्रतिष्ठित इस्लामी विद्वानों ने बहुमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन से श्रोताओं को लाभान्वित किया। जामिआ सिराजुल उलूम, झंडानगर के शेखुल जामिआ, शेख अब्दुर रशीद मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक उद्देश्यपूर्ण और गरिमामयी जीवन जीना है। छात्राओं को चाहिए कि वे ज्ञान और नैतिकता को अपने जीवन का आधार बनाएं और अपनी पहचान को धर्म के प्रकाश में बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा कि छात्राओं की सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए बल्कि पूरे समाज और उम्मत के लिए गर्व की बात है। शेखुल हदीस मौलाना खुरशीद अहमद सलफी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान का प्रकाश तभी सार्थक है जब वह हमारे आचरण में झलके। हमें हर चुनौती का सामना धैर्य, हिम्मत और निष्ठा के साथ करना चाहिए और हमेशा अल्लाह की रज़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए। शेख कमरुद्दीन रियाजी ने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली भाषण में कहा कि शिक्षा एक आभूषण है, जो व्यक्ति को जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन प्रदान करता है।÷ उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपनी शिक्षा को प्रगति का माध्यम बनाएं और सामाजिक कल्याण में योगदान दें। शेख सऊद अख्तर सलफी ने सफलता के तीन बुनियादी सिद्धांत बताए÷ ईमान, मेहनत और निष्ठा। उन्होंने कहा कि यदि ये तीन तत्व हमारे जीवन में मौजूद हों, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे अपने ज्ञान को केवल सांसारिक लाभ तक सीमित न रखें, बल्कि इसे धर्म और समाज की सेवा के लिए उपयोग करें। कार्यक्रम के समापन सत्र में आइशा सिद्दीका गर्ल्स कॉलेज के प्रवक्ता, मौलाना मशहूद खान नेपाली ने अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक अंदाज़ में छात्राओं को संबोधित किया। उनकी आवाज़ में गहराई और स्नेह था, जिसने श्रोताओं के दिलों को छू लिया। उन्होंने कहा कि आज आपकी आंखों में सपने हैं, आपके दिलों में उम्मीदें हैं, और उन उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ आपकी नहीं, बल्कि हमारी भी है। हमने अपने संस्थान को केवल एक शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि एक परिवार माना है। हर छात्रा हमारे लिए एक बेटी के समान है, जिसके सपनों की हिफ़ाज़त करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा यह संस्थान आपका घर है, आपका सहारा है। जब भी जीवन में कोई कठिनाई आए, जब भी कोई सवाल मन में उठे, तो याद रखें कि यह संस्थान केवल पढ़ाने का स्थान नहीं, बल्कि आपका मार्गदर्शक और संरक्षक भी है। आज यहां से जाने वाली हर छात्रा हमारी इज़्ज़त, हमारी पहचान और हमारे सपनों का हिस्सा है। हम प्रार्थना करते हैं कि आप हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें और धर्म व दुनिया में सम्मानित हों। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को भावुक कर दिया, और पूरे हॉल में एक मार्मिक वातावरण बन गया। यह शानदार समारोह स्नातक छात्राओं के लिए एक यादगार अवसर साबित हुआ, जिसने उनके भीतर ज्ञान, नैतिकता और ईमान की नई ऊर्जा फूंक दी। कार्यक्रम का समापन दुआओं के साथ हुआ कि अल्लाह तआला सभी छात्राओं को धर्म और दुनिया में सफलता प्रदान करे और उन्हें ज्ञान और कर्म के प्रकाश से रोशन करे।

## नेपाल विधानसभा में गूंजी सीएम योगी आदित्यनाथ की पर्यटन नीति

राजेश जायसवाल



**भैरहवा, नेपाल।** नेपाल के लुंबिनी प्रदेश की विधानसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर्यटन

- लुंबिनी प्रदेश के विधायक ने जताई सहयोग की उम्मीद

नीति की सराहना करते हुए लुंबिनी प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक सी.के. गुप्ता (चंद्रकेश) ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तो बड़ी संख्या में पर्यटक नेपाल आ सकते हैं विधायक गुप्ता ने कहा कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर नेपाल के पर्यटन स्थलों को लेकर सकारात्मक विचार व्यक्त किए थे। उन्होंने कहा था कि भारत नेपाल के टूरिज्म सेक्टर का सहयोगी बन सकता है और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकता है।

नेपाल में पशुपतिनाथ धाम, मुक्तिनाथ धाम, जनकपुर धाम, गोरखा का स्वर्गद्वारी धाम, सुपा देउराली और बर्दिया का ठाकुर मंदिर जैसे कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं, जहां हिंदू आस्था रखने वाले लगभग 100 करोड़ भारतीय श्रद्धालु भ्रमण के इच्छुक रहते हैं श्री गुप्ता ने नेपाल लुंबिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पर्यटन को लेकर वार्ता की जाए। उन्होंने कहा कि यदि उत्तर प्रदेश और नेपाल के लुंबिनी प्रदेश के बीच पर्यटन सहयोग को लेकर समझौता होता है, तो दोनों क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की अपार संभावनाएं बन सकती हैं उन्होंने आगे कहा कि नेपाल में इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा सकता है और इसे यूरोप की तरह विकसित किया जा सकता है। अगर नेपाल सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए और उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर योजना बनाए, तो यह पहल नेपाल की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती है श्री गुप्ता ने लुंबिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यदि हम 100 करोड़ हिंदू पर्यटकों को नेपाल के धार्मिक स्थलों से जोड़ सकें, तो इससे पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और नेपाल के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश और नेपाल के संयुक्त प्रयासों से दोनों देशों के पर्यटन को नई दिशा मिल सकती है सीके गुप्ता का यह संबोधन पड़ोसी राष्ट्र नेपाली नहीं भारत में भी काफी चर्चा में है और से खूब साराहा जा रहा है।

## नकलविहीन, सकुशल सम्पन्न कराए परीक्षा: एडीएम

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने पूरे जनपद में तत्काल प्रभाव से 31 मार्च 2025 तक धारा 163 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। इस संबंध में उन्होने बताया कि विभिन्न त्यौहार एवं परीक्षाए होनी है, यथा 24 फरवरी से 24 मार्च तक हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की संयुक्त परीक्षा, 26 फरवरी को महा शिवरात्रि, 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली, 28 मार्च को जमात-उल-विदा/रमजान, 30 मार्च को चेटीचन्द्र व 31 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार है। उन्होने बताया कि जनपद में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को नकलविहीन, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के अन्तर्गत ये आदेश लागू किए गये है। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित/अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटकर पदार्थ जैसे-हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नही चलेंगा।

## डीएम ने किया आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा के तैयारी की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



- 119 कॉलेजों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र
- छह जोनल, 19 सेक्टर व 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में मंगलवार को लोहिया कला भवन में आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा की तैयारी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सचल दस्ता समेत केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नए प्रावधान में बोर्ड परीक्षा कार्य में लगा व्यक्ति अगर किसी तरह की लापरवाही या सौंपा गया काम नहीं करता है, तो उस पर भी सात साल का कारावास व जुर्माना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पेपर खोलने या किसी को इससे जुड़ी जानकारी देगा तो उसे दस साल की सजा व पांच लाख जुर्माने का प्रावधान है। जबकि परीक्षा प्रभावित करने वाले पर 10 साल की सजा, 10 लाख जुर्माना लगाया जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर इस बार और सख्ती की जाएगी। परीक्षा को किसी भी तरह से प्रभावित करने या प्रयास करने पर भी 10 साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। सॉल्वर गिरोह में पकड़े जाने पर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ तक का जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देश की जानकारी देते हुए बोर्ड परीक्षा को लेकर सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार व इसके आधार पर सख्ती करने के निर्देश दिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद में 119 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। छह जोनल मजिस्ट्रेट, 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 119 केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। जबकि छह सचल दस्ता, 18 रात्रिकालीन सचल दस्ता का गठन किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। इस बार की परीक्षा में कुल 65058 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें हाईस्कूल के कुल 35953 में से संस्थागत 35810, व्यक्तिगत 143 छात्र-छात्राएं, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 29105 में संस्थागत 28297, व्यक्तिगत 808 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा का समय प्रथम पाली सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से 5.15 बजे तक का समय निर्धारित है। इस मौके पर सभी जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट समेत केंद्र व्यवस्थापकों की उपस्थिति रही।

## भाजपा समाज को बांटकर कर सत्ता सुख भोग रही है : मोहम्मद इदरीश पटवारी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी पीडीए जन पंचयत चौपाल का आयोजन कस्बे के सुभाष नगर, ईशानगर वार्ड नरकटहा में मंगलवार को किया गया।

चौपाल की अध्यक्षता करते हुए पुर्व नपा अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है। यह सरकार गरीब विरोधी है इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर कर सत्ता सुख भोग रही है। इस सरकार में किसान, गरीब, मजदूर सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, मंहगाई के बोझ तले आम आदमी दबता चला जा रहा है। सपा जिला सचिव मोहम्मद कुतुब ने कहा कि इस सरकार में दलित, पिछड़ा और अपलसंख्यक काफी उपेक्षित है।पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश में सपा की सरकार बनाने के लिए अभी से लग जाए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कपिल देव, गणेश दत्ता, रिजवान अहमद सब्बू,शाकिर अली, अशफाक, अरुण गुप्ता, रूस्तम राईनी,राम केवल, रामकिशोर, भोला प्रसाद, मनोज, प्रहलाद के सी त्रिपाठी, अजहर खान, पवन कुमार यादव, राधेश्याम जयसवाल, सत्य प्रकाश, इरफान खान, भीम, महताब आलम आदि मौजूद रहे।

## गौरा बाजार विद्यालय की छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पीएम श्री जनपदीय खेल कूद प्रतियोगिता एवं संस्कृति समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा बाजार की छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृति कार्यक्रम में छात्रा जनक नंदिनी, कविता, संधना, प्रीति, निशा चौरसिया, रेशमा आदि ने प्रथम स्थान हासिल कर शोहरतगढ़ क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्कृति कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बीईओ शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला, प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह, कृपा शंकर त्रिपाठी, मोहम्मद रफीक, रविंदर गौड, अखिलेश, पप्पू सिंह, राकेश जायसवाल, पृथ्वी पाल भारती कल्पना, मुस्तन शेरुल्लाह, अमरेश कुमार , डॉ आशुतोष सिंह, राकेश राज, लालजी यादव, संजीव कुमार व ग्राम प्रधान पंकज चौबे ने प्रथम स्थान हासिल करने पर बच्चों को बधाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सखी समूह की बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा की अध्यक्षता में समस्त स्वास्थ्य सखी समूह की एक आवश्यक बैठक ब्लाक परिसर में कराई गई जिसमें सभी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया गया और प्रत्येक बुधवार शनिवार में होने वाले ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपने ग्राम स्तर पर टीकाकरण सत्र में उपस्थित होकर एएनएम आशा और आंगनवाड़ी का पूर्ण सहयोग करें। वहीं यूनिसेफ शोएब अख्तर ने टीकाकरण तालिका पर जानकारी दी और टीकाकरण सत्र पर आशा आंगनबाड़ी एएनएम का पूर्ण सहयोग करें साथ ही उदासीन परिवारों को भी टीकाकरण से जोड़ने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से एडीओ मानसी मनीष मिश्रा, प्रमोद पांडे, सरिता नेहा, सावित्री, रीता, रीना, संध्या मिश्रा, किरण, मिथिलेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नपं डुमरियागंज में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित के मार्ग दर्शन में मंगलवार से नगर पंचायत डुमरियागंज के समस्त वार्डो में नालों की विशेष सफ़ाई अभियान शुरू किया गया है जो निरंतर एक माह तक चलेगा। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर वार्डो हर गली की नाली नालों की सफाई होनी चाहिए अगर सफाई नही हो पाई है तो दूसरे दिन करें ताकि वार्ड के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सारी नालियों को डिसिल्ट किया जायेगा। सारे वार्डों की सारी नालियों को डिसिल्ट किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत के स्टाफ सहित सभी सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलीदापुर का किया औचक निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलीदापुर का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 255 बच्चों का नामांकन है, जिसमे 200 बच्चे उपस्थित थे। बच्चे ड्रेस पहने थे। जिलाधिकारी ने रसोइया को निर्देश दिया कि पूरे ड्रेस में रहें। मिड-डे मील मीनू के अनुसार बना हुआ था। जिलाधिकारी द्वारा भोजन की गुणवत्ता को खाकर चेक किया गया। गुणवत्ता ठीक पायी गयी। इसके साथ कक्षा-2 के छात्र कृष्णा से वार्ता की तथा गणित का सवाल हल कराया। इसके साथ ही पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने आय-व्यय की फ्लैक्सी लगवाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के अन्य अधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, प्रधानाध्यापक अध्यापक शिक्षामित्र व रसोइया मौजूद रहीं।

## एसपी की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अन्तर्गत जनपद के पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस पेंशनर की समस्याओं और सुझाव को सुनकर पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया कि पुलिस पेंशनरों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। पुलिस पेंशनर्स को अवगत कराया गया कि बीट पुलिस अधिकारी के गांव में पहुंचने पर उसका अपेक्षित सहयोग करें। प्रचलित साइबर अपराधों के संबंध में सभी को सचेत किया गया तथा अपना ओटीपी किसी को भी शेयर ना करने के लिए बताया गया। सभी से अनुरोध किया गया कि पुलिस के कार्यों का जनता में फीडबैक तथा सुझाव भी देते रहें। गोष्ठी के दौरान सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक बी. एन. गुप्ता, पुलिस पेंशनर बोर्ड के अध्यक्ष पशुपतिनाथ पाण्डेय व महामंत्री रिपुंजय उपाध्याय सहित पुलिस पेंशनर उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में करना सुनिश्चित करें और डिफाल्टर होने की तिथि से पूर्व ही अपना जवाब अपलोड करें। जिलाधिकारी ने शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जनता दर्शन, लोकायुक्त, मानवाधिकार, महिला आयोग संदर्भ की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त संदर्भो को समयान्तर्गत निस्तारित करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस., सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.एस. दुबे, उप जिलाधिकारी शाहिद अहमद, शत्रुघ्न पाठक, विनोद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, पीडी राजेश कुमार, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## रेवड़ियों पर 'सुप्रीम' नाराजगी

सर्वोच्च अदालत ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं। ऐसे में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने एक आशंकित सवाल किया है कि क्या हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय हम उन्हें नकारा बना रहे हैं। मुफ्तखोरी और रेवड़ियों का देश के खजाने पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। देश और राज्यों पर कर्ज के बोझ असहनीय होते जा रहे हैं। बजट में कटौतियां कर सरकारें रेवड़ियां परोसने को विवश हैं, क्योंकि अब यही राजनीति हो गई है। सवाल यह भी है कि इन लोगों को विकास में योगदान देने के अवसर क्यों न दिए जाएं? यह कर्ज का बोझ है अथवा मुफ्तखोरी बांटने का असर है कि 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना आदि के बजट में कटौतियां करनी पड़ी हैं। देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मोटा हिस्सा कर्ज और उसका ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक भी इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताते हुए कह चुका है कि जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा कर्ज लेना ठीक नहीं है। हाल ही में महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनावों में मुफ्तखोरी और रेवड़ियों की जमकर बोलियां लगाई गईं। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। अभी सरकार का गठन होना है, लेकिन अनुमान सामने आ रहे हैं कि मुफ्तखोरी की योजनाओं को लागू करने के लिए कमोबेश 25,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली का कुल बजट 76,000 करोड़ रुपए का है।

उसमें से करीब 62-64 हजार करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि पर खर्च हो जाते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करीब 6000 करोड़ रुपए ही शेष बचते हैं। तो नए खर्चों के लिए 25,000 करोड़ रुपए कहां से आएंगे? महाराष्ट्र में 1 लाख करोड़ रुपए की बजट में कटौती का खतरा आसन्न है। मुफ्त योजनाओं को मिला कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो सकता है। राज्य पर कर्ज 7.11 लाख करोड़ रुपए का है। शिव भोजन थाली, तीर्थ यात्रा, आनंद सिद्धा आदि योजनाएं या तो बंद करनी पड़ी हैं अथवा बंद होने के कगार पर हैं। जिस 'लाडकी बहिन' योजना के बल पर भाजपा-महायुति की सरकार बरकरार रही है, उस योजना के वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा रहा है, क्योंकि इस योजना पर 46,000 करोड़ रुपए अनुमानित खर्च है। जाहिर है कि कई महिलाओं की नकदी पर गाज गिरना तय है। ठेकेदार अपने काम के भुगतान मांगने को कपड़े फाड़ रहे हैं, लेकिन लगातार घाटों के कारण सरकार की सांसें फूली हैं। ऐसे फलितार्थ लगभग सभी राज्यों में सामने आ रहे हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने नाराज टिप्पणी की है, कोई फैसला नहीं सुनाया है, लेकिन मुफ्तखोरी और रेवड़ियां बांटना अब भारतीय राजनीति का अंतरंग हिस्सा बन गया है। रेवड़ियां बांट कर राजनीतिक दल चुनाव जीत रहे हैं और सत्ता में आ रहे हैं। ये राजनीतिक दल मुफ्तखोरी को 'कल्याणकारी' मानते हैं और गरीब जनता के प्रति सरकार का दायित्व भी मान रहे हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के दो न्यायाधीश कोई फटकार जैसी नाराजगी जताएं, तो उसके कोई खास मायने नहीं हैं। बहरहाल रेवड़ियों को परिभाषित नहीं किया जा सका। इस पर चिंतन होना चाहिए।

## निशांत के आने से जद (यू) हड़पने का सपना टूट जाएगा!

बिहार की 58 फीसदी आबादी 25 साल से कम की है। 20 से 59 साल की आबादी करीब 47 फीसदी है। तेजस्वी, पीके, चिराग, कन्हैया, सम्राट चौधरी, मुकेश सहनी जैसे नए लीडर अब मैदान में हैं। लालू जी स्वास्थ्य कारणों से और नीतीश जी भी करीब-करीब उम्रजनित दिक्कतों की वजह से सक्रिय राजनीति से दूर हो जाएंगे। कब होंगे, इसका निर्णय वे स्वयं ही लेंगे। फिर, भाजपा के उस सपने का क्या होगा, उन लोगों का क्या होगा, जो जद(यू) में काफी पहले प्लांट किए गए थे, अगर नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भी सक्रिय राजनीति में आ कर जद(यू) की कमान संभाल लेते है?


शशि शेखर

**राजा का बेटा राजा :** हरनौत सीट से नीतीश कुमार चुनाव लड़ते रहे हैं। अब एक पोस्टर आया है, जिस पर लिखा है, राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा। ये पोस्टर किसी कांग्रेसी टिकटार्थी नेता रवि गोल्डन ने लगाया है, जो इसी सीट से खुद को संभावित प्रत्याशी मान कर चल रहा है। अब गोल्डन को राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, चिराग पासवान और संतोष मांझी फकीर के बेटे तो निश्चित ही नहीं लगते होंगे। तो, उन्होंने ऐसा पोस्टर क्यों लगाया? असल में खबर है कि निशांत इसी सीट से चुनाव लड़ कर अपने पिटा की विरासत और जद(यू) की कमान संभालेंगे। बिहार की और जद(यू) की अशांत राजनीति में निशांत की एंट्री अब तकरीबन क्लियर होती दिख रही है। और इसलिए भी कि अब नीतीश कुमार के पास दूसरा कोई मुक्कमल रास्ता भी नहीं बचा है। रह गयी बात राजा का बेटा राजा, तो बिचारा गोल्डेन, मेरी समझ से किसी टटपुजिया पर्चेबाज की सलाह पर यह गलती कर बैठा या सबकुछ प्लांड है, कहना मुश्किल है। लेकिन, यह कहना आसान है कि राजनीति में तो धुँआ बिना आग के भी लग जाती है। यहाँ तो निशांत की एंट्री को ग्रैंड बनाने की कोशिश सोशल इंजीनियरिंग के मास्टर नीतीश कुमार कर ही रहे होंगे। बस, ऐलान होना बाकी रह गया है। एनडीए के घटक संतोष मांझी से ले कर चिराग पासवान तक ने निशांत की एंट्री को ले कर सकारात्मक बयान दिए हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव खामोश है। तो बिहार में नेता का बेटा नेता ही बनता है, यह कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर से ले कर जीतनराम मांझी के बेटे संतोष मांझी तक जगजाहिर है। ऐसे में, नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अगर बिहार की राजनीति में कदम रखते हैं, तो किम अश्चर्यम।

**निशांत : जरूरी या मजबूरी –** निशांत बिहार की जरूरत हो न हो, लेकिन वे नीतीश कुमार की जरूरत जरूर है, जद(यू) की जरूरत जरूर हैं। जद (यू) नीतीश कुमार की महत्वकांक्षा की वजह से आज ऐसी स्थिति में हैं, जो एक तरह से गिरवी रखी पार्टी जैसी है। वह भी तब, जब पिछले 18 सालों से नीतीश कुमार सीएम है। जार्ज फर्नांडीज से ले कर शरद यादव जैसे दिग्गज समाजवादी नेताओं को राजनैतिक तौर पर हाशिये पर डालने का काम नीतीश कुमार ने किया है। नतीजा, आज उनकी पार्टी में उनके अलावा कोई नहीं दीखता। जो दिखता है, वो कोई और हैं। वो कम से कम समाजवादी मूल्यों वाली राजनीति तो नहीं ही करेगा। यह बात नीतीश कुमार अब भलीभांति समझाने लगे हैं, महसूस करने लगे हैं। उन्हें यह अंदाजा आज से नहीं, काफी पहले से हैं, कि भाजपा ने 18 साल उनकी पालकी ऐसे ही नहीं ढोयी है। इसका मुआवजा भाजपा को चाहिए होगा। और जद(यू) से बेहतर मुआवजा भाजपा एके लिए क्या हो सकता है? लेकिन, बिहार और देश की नब्ज समझाने वाले लालू प्रसाद यादव ने संसद में ऐसे ही नहीं कह दिया था कि लोगों के मुंह में दांत होते है, लेकिन नीतीश कुमार के... तो, आपने-हमने सबने गौर किया होगा कि जब-जब ऐसा लगा कि भाजपा बिहार में अपने दम पर या जद(यू) को नुकसान पहुंचा कर स्वयं सत्ता में आ सकती है, नीतीश कुमार की अंतरात्मा जाग कर सीधे लालू जी के आवास पर सुबह की सैर पर चली जाती थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**अवैध आप्रवासन के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण होते हैं। विकासशील और गरीब देशों में रोजगार के सीमित अवसर होते हैं परन्तु मनुष्य की इच्छाएं, लालसाएं अनंत होती हैं। जिनकी पूर्ति के लिए उन्हें अधिक से अधिक धन कमाने के लिए उन देशों की ओर रुख करना पड़ता है, जिनमें रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध हों या जहां की मुद्रा उनके अपने देश की मुद्रा से अधिक मूल्य रखती हो। इसी कारण लोग अमेरिका, कनाडा, यूरोप, और खाड़ी देशों की ओर पलायन करते हैं।**

# अवैध आप्रवासन मामले में अमेरिका का अनुकरण करे भारत


बलदेव राज भारतीय

अमृतसर का श्री गुरु रामदास एयरपोर्ट अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले उन भारतीयों की वह स्थली बन चुका है, जहां उनके टूटे सपनों की किरचें उनके हृदय के आर पार नश्तरों की भांति चुभ रही है और वे अपने देश की मिट्टी की सौंधी खुशबू का वह आनंद अनुभव नहीं कर पा रहे जो उन्हें उस समय होता जब वे अपने सपनों को पूरा कर अपने देश लौटते। डंकी रूट के जरिए अमेरिका जाकर पैसा कमाने का जो सपना उन्होंने देखा था, वह उनके परिवारों के लिए बहुत भारी पड़ गया। इस प्रकार से किसी अन्य देश में जाना अवैध आप्रवासन है, जिसे किसी भी तरह, किसी भी देश की सरकार उचित नहीं ठहरा सकती।

अवैध आप्रवासन एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुकी है। अमेरिका हो, यूरोप हो, या भारत– हर देश को अवैध आप्रवासियों की बढ़ती संख्या से जूझना पड़ रहा है। हाल ही में अमेरिका ने उन नवयुवकों को डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है, जो अवैध रूप से वहां पहुंचे थे और अधिक धन कमाने के सपने देख रहे थे। यही स्थिति अन्य विकसित देशों की भी है, जहां लाखों लोग बेहतर जीवन की तलाश में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कर जाते हैं। अवैध आप्रवासन केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। यह समस्या न केवल देश की सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करती है। भारत भी इससे अछूता नहीं है, विशेष रूप से बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध आप्रवासी बड़ी संख्या में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि भारत भी अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तरह कठोर कदम उठाकर अवैध आप्रवासियों को उनके देश वापस भेजे और अपनी सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाए।



अवैध आप्रवासन के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण होते हैं। विकासशील और गरीब देशों में रोजगार के सीमित अवसर होते हैं परन्तु मनुष्य की इच्छाएं, लालसाएं अनंत होती हैं। जिनकी पूर्ति के लिए उन्हें अधिक से अधिक धन कमाने के लिए उन देशों की ओर रुख करना पड़ता है, जिनमें रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध हों या जहां की मुद्रा उनके अपने देश की मुद्रा से अधिक मूल्य रखती हो। इसी कारण लोग अमेरिका, कनाडा, यूरोप, और खाड़ी देशों की ओर पलायन करते हैं। अधिक कमाई और बेहतर जीवन स्तर की चाहत उन्हें अवैध रूप से इन देशों में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करती है। कई देशों में आंतरिक संघर्ष, गृहयुद्ध, और राजनीतिक उत्पीड़न के कारण लोग पलायन करने के लिए मजबूर होते हैं। सीरिया, अफगानिस्तान, और म्यांमार इसके प्रमुख उदाहरण हैं, जहां से लाखों लोगों ने शरणार्थी के रूप में दूसरे देशों में शरण ली। कई देशों में आप्रवासन कानूनों में सख्ती न होने के कारण अवैध आप्रवासी आसानी से वहां घुस जाते हैं और नकली दस्तावेजों के सहारे स्थायी नागरिकता भी प्राप्त कर लेते हैं। कुछ देशों में सीमा सुरक्षा और आप्रवासन विभाग में भ्रष्टाचार होने के कारण तस्कर और दलाल अवैध आप्रवासन को बढ़ावा देते हैं। वे गरीब लोगों से मोटी रकम लेकर उन्हें चोरी-छिपे दूसरे देशों में भेज देते हैं। तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण कई देशों में रोजगार, भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो जाती है। ऐसे में लोग बेहतर भविष्य की तलाश में अवैध रूप से विकसित देशों में घुसने का प्रयास करते हैं।

अवैध आप्रवासन किसी भी देश के लिए हानिकारक होता है। इसके बहुत से नकारात्मक प्रभाव होते हैं। अवैध आप्रवासी देश की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाते हैं, जिससे सरकार पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ता है। वे रोजगार के सीमित अवसरों पर कब्जा कर लेते हैं, जिससे देश के स्थानीय नागरिकों को नुकसान होता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि अवैध आप्रवासी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं, जैसे मानव तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, चोरी, और हिंसक अपराध। इससे समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ती है।

जब बड़ी संख्या में लोग किसी देश में अवैध रूप से प्रवेश कर जाते हैं, तो वहां की मूल संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ता है। यह कभी-कभी सामाजिक संघर्ष और अशांति को जन्म देता है। अवैध आप्रवासन से आतंकवाद और अन्य सुरक्षा संबंधी खतरों की संभावना बढ़ जाती है। कई बार आतंकवादी संगठन अवैध आप्रवासियों के रूप में प्रवेश कर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं। अमेरिका अवैध आप्रवासन को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। वहां की सरकार ने कठोर नीतियां लागू की हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर एक मजबूत दीवार बनाने का कार्य किया गया है, जिससे अवैध प्रवेश को रोका जा सके। अमेरिका ने वीजा नीतियों को सख्त किया है, जिससे फर्जी दस्तावेजों के सहारे आने वाले लोगों को रोका जा सके। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को पहचान कर उन्हें उनके मूल देश वापस भेजा जा रहा है। अमेरिकी सरकार ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हजारों सैनिकों और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया है। यूरोप और खाड़ी देश भी अवैध आप्रवासन को रोकने के लिए कड़े नियम लागू कर रहे हैं। भारत में भी अवैध आप्रवासन एक गंभीर समस्या है, खासकर बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान से आने वाले लोगों के कारण। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, और उत्तर-पूर्वी राज्यों में लाखों अवैध आप्रवासी बस चुके हैं, जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। भारत को भी इस समस्या से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। भारत को अपनी सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी चाहिए और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन, निगरानी कैमरे, और बायोमेट्रिक स्कैनिंग का उपयोग करना चाहिए। भारत को राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (NRC) का सख्त कार्यान्वयन कर इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए, जिससे अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान हो सके। अवैध रूप से रह रहे लोगों को अमेरिका की भांति उनके मूल देश वापस भेजने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई जानी चाहिए। भारत में अवध रूप से रह रहे लोगों के फर्जी दस्तावेजों को बनाने पर रोक लगानी चाहिए। जो लोग उनके फर्जी दस्तावेज बनाने में सहायता करते हैं ऐसे लोगों की भी सभी सुविधाएं बंद कर देनी चाहिएं। ये अवैध आप्रवासी आसानी से राशन कार्ड, आधार कार्ड, और वोटर आईडी बनवा लेते हैं। सरकार को इस पर सख्त नियंत्रण रखना चाहिए। भारत को बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और अन्य पड़ोसी देशों के साथ मिलकर आप्रवासन नियंत्रण पर कड़े समझौते करने चाहिए। अवैध आप्रवासन न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है।

# हे दयानिधे! जरूरी नहीं, सभी आपके अनुरूप हो..

**भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा अर्थात हमारे भारतवर्ष की आन, बान, व शान संस्कृत भाषा से है। भारत में जो भी ज्ञान है, संस्कार है, विविध संस्कृति है वह सारा का सारा ज्ञान संस्कृत भाषा में ही निहित है। चाहे वह वेद हों, पुराण हों, उपनिषद हों, धर्मशास्त्र हो, भाषा का विज्ञान व्याकरण शास्त्र हो, खगोल शास्त्र हो, ज्योतिष शास्त्र हो, वास्तुशास्त्र हो, योग हो, आयुर्वेद हो, नाट्यशास्त्र आदि हो सभी संस्कृत भाषा में ही हैं और इन सब की वैज्ञानिकता और ज्ञान से सारा विश्व परिचित ही है। श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांत तो सभी प्रयोग करते ही है।**


सुशील कुमार 'नवीन'

संस्कृत देवभाषा है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत है तो संस्कार है, संस्कृति है। संस्कृत नहीं तो कुछ भी नहीं। प्रसिद्ध उक्ति भी है, भारतस्य प्रतिष्ठा द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा इति। साफ अर्थ है कि भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति इन्हीं दोनों में निहित है। संस्कृत-संस्कृति का मूल है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें संस्कृत की उपयोगिता न रही हो। चिकित्सा शास्त्र, अर्थशास्त्र, विमानशास्त्र में सिद्धस्था हासिल करनी है तो संस्कृत को न केवल पढ़ना होगा, अपितु उसे अपने अंदर आत्मसात करना होगा।

जब हम सब इतना जानते हैं। देवभाषा की महत्ता समझते तो फिर गाहे बगाहे मिर्ची क्यों लग जाती है। अभी तो रुको जरा! अभी तो क्लाइमेक्स बाकी है। हरियाणा में एक प्रसिद्ध उक्ति है जिसी नकटी देवी, उसे ऊत पुजारी। अर्थात् जो जैसा व्यवहार करे, उसे उसी रूप में जवाब देना जरूरी है। यदि घर में कोई चाय-कॉफी न पीता हो तो क्या हम इन्हें घर में रखना बंद कर दें। मुझे यदि बैंगन का भरता और अरबी की सब्जी पसन्द नहीं है तो क्या शेष घरवाले इन्हें खाना छोड़ दें। मुझे इत्र लगाना रुचिकर नहीं तो जमाना मेरे लिए इसे प्रयोग करना छोड़ दे। कोई पारले फेब बर्बन का दीवाना है तो मुझ जैसे को पांच रुपये वाले स्वाद भरे शक्ति भरे पारले जी से बेहतर दुनिया में कोई बिस्किट ही नहीं लगता। मुझे खीर चूरमा पसंद है, तो किसी को इडली सांभर। जरूरी नहीं मुझे जो अच्छा लगता हो वो किसी और को अच्छा लगे। लोहे को लोहार की चोट जरूरी है तो सोने को स्वर्णकार की थपकी वाला दुलार।



आप भी आज सोचते होंगे आज मास्टरजी का दिमाग कैसे चकराया हुआ है। क्या-कहा कहे जा रहे हैं ? तो सुने! डीएमके के एक सांसद है। नाम है दयानिधि मारन। दादा का नाम करुणानिधि, भाई का नाम कलानिधि। महोदय ने सदन कार्यवाही के अनुवाद में अन्य भाषाओं के साथ संस्कृत को शामिल करने को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना था कि आप संसद में दिए गए भाषण को संस्कृत नें अनुवाद करके टैक्सपेयर्स के पैसों को क्यों बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उन्हें जवाब उसी समय मिल गया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की प्राथमिक भाषा रह चुकी है। यहां बात 22 भाषाओं की बात की है, सिर्फ संस्कृत की ही नहीं। आप मात्र संस्कृत पर ही आपत्ति क्यों जता रहे हैं। बात जब चर्चा में आई तो विरोध और मुखर हो गया है। संस्कृत को चाहने वाले खुलकर विरोध में उतर आए हैं।

तमिलनाडु में भाषाई राजनीति को लेकर मुखर रहने वाली डीएमके की तरफ से इस प्रकार का विरोध कोई पहला नहीं है। हिंदी के प्रयोग को लेकर लगातार आपत्तियां होती रही है। हिंदी ही नहीं सनातन धर्म पर भी उनकी जबान फिसलती रही है। अब देवभाषा संस्कृत विरोधी बयान से फिर चर्चा में आ गए हैं। संस्कृत भाषा देवभाषा है और देवभाषा का अपमान सम्पूर्ण भारत वासियों का अपमान है। कहा भी गया है- भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा अर्थात हमारे भारतवर्ष की आन, बान, व शान संस्कृत भाषा से है। भारत में जो भी ज्ञान है, संस्कार है, विविध संस्कृति है वह सारा का सारा ज्ञान संस्कृत भाषा में ही निहित है। चाहे वह वेद हों, पुराण हों, उपनिषद हों, धर्मशास्त्र हो, भाषा का विज्ञान व्याकरण शास्त्र हो, खगोल शास्त्र हो, ज्योतिष शास्त्र हो, वास्तुशास्त्र हो, योग हो, आयुर्वेद हो, नाट्यशास्त्र आदि हो सभी संस्कृत भाषा में ही हैं और इन सब की वैज्ञानिकता और ज्ञान से सारा विश्व परिचित ही है। श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांत तो सभी प्रयोग करते ही है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी अर्थात माँ है और माँ का अपमान कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा है कि संसद के वर्तमान सत्र में डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने संस्कृत को लेकर जो मन गढ़न्त प्रश्न उठाए हैं, उसके खिलाफ सीएसयू केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार एक देश व्यापी आन्दोलन करेगा। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रह्मदेव विद्यालंकार ने कहा है कि संस्कृत से ही मूल भारत की पहचान है। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि दुनिया को पता है कि संस्कृत सनातन की भाषा है। संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं को पुष्ट करती है। इसलिए इसकी गुणवत्ता किसी से अधिक है।

अंत में दयानिधि का ज्ञान वर्धन भी कर दें। दयानिधि मारन ने कहा कि संस्कृत किसी भी राज्य की आधिकारिक भाषा नहीं है। बता दें संस्कृत उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की दूसरी आधिकारिक भाषाएं है. 2010 में उत्तराखंड ने तो 2019 में हिमाचल को अपनी दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया है। और सुन लें, आपका दयानिधि नाम ही संस्कृत का है। संस्कृत से इतनी ही दिक्कत है तो दयानिधि जी पहले अपना नाम ही बदल लें। आप को संस्कृत से दिक्कत है तो आप मत पढ़ें। जिसको पढ़ना होगा वो पढ़ लेगा।

**संस्कृते सकलं शास्त्रं, संस्कृते सकला कला।**
**संस्कृते सकलं ज्ञानं, संस्कृते किन्न विद्यते ।।**

# टूटी सड़कों पर अटकती गांव की परिवहन व्यवस्था

**दयाराम बताते हैं कि केवल करणीसर गांव ही नहीं, बल्कि राज्य के चालीस प्रतिशत ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, जिससे हजारों गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। अकेले लूणकरणसर तहसील में करीब 250 से अधिक छोटे गांव ऐसे हैं, जहां परिवहन की सुविधा बहुत सीमित है। इसकी प्रमुख वजह इन गांवों की अधिकांश सड़कों का कच्चा या जर्जर होना है। वह कहते कि मानसून के दौरान ये सड़कें इतनी अधिक खराब हो जाती हैं, कि आवागमन लगभग ठप हो जाता है।**


निधि टाक

भारत के ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में परिवहन की समस्या आज भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सार्वजनिक परिवहन की अनुपलब्धता, सड़कों की बेहतर स्थिति का न होना और सीमित परिवहन सुविधाओं के कारण लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। खासकर महिलाओं, किसानों और छात्रों को इस समस्या का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, इसमें परिवहन की समस्या सबसे प्रमुख है। राजस्थान के बीकानेर स्थित करणीसर गांव भी इनमें से एक है जहां के लोगों को यातायात की कमी के कारण अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह समस्या केवल उनके दैनिक जीवन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास पर भी पड़ता है।

करणीसर गांव बीकानेर जिला के लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 35 किमी दूर है। यहां की निवासी 30 वर्षीय कृष्णा देवी कहती हैं कि हमारे गांव में यातायात की सुविधा बहुत कम है। अगर कोई आपातकालीन स्थिति होती है, तो शहर तक पहुंचने में काफी मुश्किल आती है। इसके लिए निजी गाड़ी बुक करनी होती है, जो काफी महंगी होती है। वह बताती हैं कि परिवहन की कमी की सबसे बड़ी वजह गांव में सड़क की जर्जर स्थिति है। इनमें बड़े बड़े गढ्ढे बने हुए हैं। जिससे होकर गुज़रना हल्के वाहन के लिए लगभग असंभव है। वहीं बड़ी गाड़ियां चलाने वाले ड्राइवर भी गाड़ी ख़राब होने की आशंका से आने को तैयार नहीं होते हैं। वहीं 50 वर्षीय सीमा देवी बताती हैं कि उनके परिवार के पास केवल एक मोटरसाइकिल है, जिससे पूरे परिवार को यात्रा करनी पड़ती है। वह कहती हैं कि गांव की सड़क इतनी खराब है कि बरसात में दोपहिया वाहन से यात्रा करना असंभव हो जाता है।

सेवानिवृत शिक्षक 68 वर्षीय दयाराम बताते हैं कि केवल करणीसर गांव ही नहीं, बल्कि राज्य के चालीस प्रतिशत ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, जिससे हजारों गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। अकेले लूणकरणसर तहसील में करीब 250 से अधिक छोटे गांव ऐसे हैं, जहां परिवहन की सुविधा बहुत सीमित है। इसकी प्रमुख वजह इन गांवों की अधिकांश सड़कों का कच्चा या जर्जर होना है। वह कहते कि मानसून के दौरान ये सड़कें इतनी अधिक खराब हो जाती हैं, कि आवागमन लगभग ठप हो जाता है। इससे लोगों की रोज़मर्रा की ज़िन्दगी प्रभावित होती है। विशेषकर मरीज़ों के लिए ऐसा समय बहुत कष्टकारी होता है। उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। वह कहते हैं कि अधिकतर प्रसव के मामले में होने वाली मौत की सबसे बड़ी वजह सड़क की बेहतर स्थिति नहीं होने के कारण परिवहन की अनुपलब्धता है। इसके कारण लूणकरणसर के कई गांवों में एम्बुलेंस सेवाएं समय पर पहुंच नहीं पाती हैं। जिससे राज्य में स्वास्थ्य की बेहतर स्थिति के बावजूद मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का कारण बन जाती है।



ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों तक पहुंचने में कठिनाइयां भी परिवहन समस्या का प्रमुख कारण बन चुकी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम मेघवाल कहते हैं कि राजस्थान में हज़ारों ऐसे गांव हैं जहां परिवहन की सुविधा नाममात्र होने के कारण स्कूल तक पहुंचने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन 5 से 10 किमी पैदल चलना पड़ता है। यह समस्या विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा को प्रभावित करती है, क्योंकि माता-पिता सुरक्षा कारणों से उन्हें दूर के स्कूलों में भेजने के लिए तैयार नहीं होते हैं। जिससे उन लड़कियों की शिक्षा अधूरी रह जाती है। केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि परिवहन की कमी से कृषि और रोज़गार भी प्रभावित हो रहा है। परिवहन की कमी से स्थानीय उत्पादों की बाजारों तक पहुंच बाधित होती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सुखराम कहते हैं कि लूणकरणसर की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन खराब सड़कों और परिवहन साधनों की कमी के कारण किसान अपने उत्पादों को समय पर बाजार तक नहीं पहुंचा पाते, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इसके अलावा, परिवहन की समस्या के कारण लोग रोजगार के बेहतर अवसरों से वंचित रह जाते हैं। वह कहते हैं कि राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत बेरोजगारी का एक बड़ा कारण परिवहन की असुविधा है। गाड़ियों की कमी से प्रतिदिन शहर जाना और आना मुश्किल हो जाता है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार कई अहम कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2022 तक राजस्थान में 10,000 किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाई गई है। लेकिन अभी भी कई गाँव इससे वंचित हैं।

इस वर्ष के केंद्रीय बजट में गांव के विकास पर ख़ास फोकस किया गया है। बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रूपए आवंटित किये गए हैं। जिससे गांवों में बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने, छोटे स्तर के किसानों की मदद करने और ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने पर ज़ोर दिया जायेगा। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए 19000 करोड़ रूपए आवंटित किये गए हैं। इससे करीब पच्चीस हज़ार गांवों की सड़कों को उन्नत किया जायेगा। जिससे यहां की परिवहन सुविधा और अधिक बेहतर हो सकेगी। दरअसल, परिवहन समस्याएं केवल यात्रा की असुविधा तक ही सीमित नहीं होती है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक विकास को भी प्रभावित करती है। ऐसे में ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण और परिवहन सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। यदि इस समस्या को हल कर लिया जाता है तो यह न केवल गांव के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा बल्कि इससे आर्थिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। (चरखा फीचर्स)

# 'अंत्योदय से सर्वोदय' उत्तर प्रदेश सरकार का मंत्र : आनंदीबेन पटेल

अवधनामा संवाददाता



■ कहा, सरकार नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कदम उठा रही

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि 'अंत्योदय से सर्वोदय' उत्तर प्रदेश सरकार का मंत्र है। विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाज के आखिरी पायदान पर खड़े आर्थिक दृष्टि से सबसे कमजोर परिवारों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार ने गांधी जयंती के अवसर पर (दो अक्टूबर 2024) से 'जीरो पावर्टी' अभियान की शुरुआत की है।

सदस्यों को वितरित की गई राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति के अनुसार पटेल ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन परिवारों को ऐसी आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा जाए, जिससे प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख 25 हजार रुपये की आमदनी सतत तरीके से हो सके। पटेल ने कहा कि भारत सरकार के बजट 2025-26 में विकसित भारत की परिकल्पना में भी 'जीरो पावर्टी' को पहले स्थान पर रखा गया है। उनके मुताबिक, 'स्वामित्व' योजना में पूरे देश में अब तक दो करोड़ घरौनियां (आवासीय अभिलेख) वितरित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि 90 हजार 573 ग्रामों के ड्रोन सर्वे की कार्यवाही पूर्ण करते हुए एक करोड़ से अधिक ग्रामीण आवासीय अभिलेख अकेले उप्र में वितरित किए गए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने अभिनव पहल करते हुए राजधानी लखनऊ के आसपास के क्षेत्रों को सम्मिलित कर उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम-2024 अधिसूचित कर दिया गया है। पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश में एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित चार बड़े एक्सप्रेसवे (यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे) संचालित हैं। पटेल के मुताबिक, इसके अतिरिक्त प्रदेश का सबसे लम्बा गंगा एक्सप्रेसवे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है और देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक हिस्सेदारी है।

उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ाने तथा साजो सामान की लागत कम करने के लिए नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कदम उठा रही है। राज्यपाल ने बताया कि उप्र रक्षा उद्योग गलियारे के झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एण्ड टेक्नोलॉजी, अलीगढ़ में एंकर रिसर्च लैब्स व लखनऊ में डीआरडीओ ब्रम्होस एयरोस्पेस में लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ का निवेश सम्भावित है।

## शिफा ने रचा इतिहास, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में बनी कॉमर्स टॉपर



**सुल्तानपुर।** नगर के खैराबाद मोहल्ले की होनहार छात्रा शिफा फातिमा ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ में कॉमर्स एवं मैनेजमेंट संकाय में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिफा को सम्मानित किया। उन्हें दो स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। एक पदक फैकल्टी में टॉप करने के लिए मिला। दूसरा पदक स्नातक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया।शिफा की इस उपलब्धि से पूरा नगर सहित खैराबाद मोहल्ला गौरवान्वित है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने यह मुकाम हासिल किया है। इस सफलता से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

# मिल्कीपुर से जीते चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली

अवधनामा संवाददाता



■ विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ
■ नेता प्रतिपक्ष ने दी सफाई, बोले- राज्यपाल के अभिभाषण में झूठे आंकड़े दिए गए

**लखनऊ।** अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही में भाग लिया।

यूपी विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। सत्र का प्रारंभ राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ लेकिन हंगामे के कारण राज्यपाल अपना पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ सकीं। सदन में विपक्ष के इस व्यवहार की सत्ता पक्ष के लोगों ने आलोचना करते हुए इसे निंदनीय करार दिया।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा कि उनके अभिभाषण में जो पढ़ा जा रहा था, समाजवादी पार्टी ने उसका विरोध किया। क्योंकि, उसमें झूठे आंकड़े दिए गए थे। मांग हो रही थी कि महाकुंभ की भगदड़ में जो मौतें हो रही हैं, उसके सही आंकड़ों को बताया जाए। राज्यपाल आधा भाषण छोड़कर चली गईं। हमें लगता है कि वे महाकुंभ में हुई घटनाओं से दुखी थीं, इसलिए उन्होंने पूरे भाषण को पढ़ा ही नहीं।

### उपमुख्यमंत्री बोले- विपक्ष का आचरण गैर जिम्मेदाराना

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा कि विपक्ष का आचरण गैर-जिम्मेदाराना है। राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से प्रदेश में जो सरकार काम कर रही है, उसकी जानकारी दी जाती है। समाजवादी पार्टी का आचरण सदा ऐसा ही रहा है कि वे महामहिम राज्यपाल का आदर करने के बजाय हल्लाबोल करते हैं। समाजवादी पार्टी ने यह दिखा दिया कि वे एक जिम्मेदार राजनीतिक दल कम और अराजकता फैलाने वाला दल ज्यादा है।

# नियामक आयोग के प्रस्तावित कानून का किया जमकर विरोध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित जेनरेशन टैरिफ रेगुलेशन 2024 जो अगले 5 वर्षों तक लागू रहेगी पर आम जनता की सुनवाई आज विद्युत नियामक आयोग कोर्ट रूम में शाम 3:30 बजे से 5 बजे तक विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में काफी गहमा गहमी के बीच चलती रही जहां प्रदेश के उद्योगपतियों की तरफ से बजाज रिलायंस (रोजा) धारीवाल एचपीसीएल साहित् उत्पादन निगम के वकीलों ने अपनी बात रखते हुए लिखित आपत्ति दाखिल की वही आज की सुनवाई में पहली बार ऐसा देखने को मिला जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन दोनों एक साथ आयोग द्वारा प्रस्तावित कानून के विरोध में खड़े रहे। और उपभोक्ताओं के हित में अपनी बात रखते रहे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आम जनता की सुनवाई में अपनी बात रखते हुए कहा उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक द्वारा प्रस्तावित जनरेशन टैरिफ रेगुलेशन यदि इसी प्रकार से लागू हो जाए तो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के ऊपर बिजली दर बढ़ाने का रास्ता साफ हो जाएगा जिस प्रकार से विद्युत नियामक आयोग ने वर्तमान में जो प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के आधार पर 55 पैसे प्रति यूनिट से लेकर अधिकतम रुपया 1 प्रति यूनिट तक अधिकतम इंसेंटिव (प्रोत्साहन) का नियम बनाया है और उसमें टीओडी पीक पर 50 से 55प्रतिसत प्लांट लोड फैक्टर पर 55 पैसे प्रति यूनिट इंसेंटिव का प्रावधान किया गया है।

# मोहम्मद आमिर को मिला गोल्ड मेडल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी उ0प्रदेश लखन के 16वाँ दीक्षित समारोह लखनऊ में भव्य रूप से हुआ आयोजित। लखनऊ में आयोजित 16वां दीक्षांत समारोह में मोहम्मद आमिर ने मास्टर ऑफ साइंस केमिस्ट्री विषय में परीक्षा वर्ष 2023- 2024 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद सिद्धार्थनगर निवासी के लाल ने उक्त यूनिवर्सिटी के विश्व विद्यालय के केमिस्ट्री विषय में अपने कक्षा में प्रथम स्थान पाकर जिले का नाम किया रोशन। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह द्वारा यूनिवर्सिटी के शोध सहित अन्य सेक्शन के छात्र छात्राओं को प्रमाण-पत्र व पुस्तक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। सिंह ने लोगों संबोधित करते हुए छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी धन है जीतन खर्च करेंगे उतना ही लाभ होगा। शिक्षा से स्वयं के साथ समूचे परिवार और प्रदेश और देश का विकास होता है। विदित हो कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ परिसर में अयोजित कार्यक्रम के दौरान मास्टर ऑफ साइंस केमिस्ट्री विषय में परीक्षा वर्ष 2023-2024 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मूलतः जनपद सिद्धार्थनगर जिला सूचना कार्यालय में नियुक्त प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत नजमुल हुदा के पुत्र मोहम्मद आमिर के रूप में पहचान है। आमिर के पिता नजमुल हुदा ने कहा कि बेटा आमिर शुरू से ही शिक्षा के प्रति कठिन परिश्रम का राही था। जिसे अपने कठिन परिश्रम और मेरे कुशल दिशा निर्देशन और विश्वविधालय के गुरुओं के बेहतर प्रयास से यह मुकाम हासिल हुआ है। वैसे जनपद सिद्धार्थनगर सुदूर जनपद में शुमार हुआ करता था। जो अब प्रतिभा शाली युवाओं का एक हब के रूप में जा ना जाने वाला जनपद हो गया है। जिसमें प्रतिभा देखने को मिल रहा है। यह एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि आमिर के कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। और सफलता से परिवार सहित समूचे जिले में खुशी की लहर है। मोहम्मद आमिर लखनऊ विश्वविद्यालय से जनपद सिद्धार्थनगर अपने घर आने के बाद बताया कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ में शिक्षा के जगत में जो मुकाम हासिल हुआ है। मेरी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 10 सेंटजेविएसर्स कालेज सिद्धार्थनगर एवं कक्षा 12 लखनऊ पब्लिक स्कूल। लखनऊ से की थी। आमिर ने बताया कि मेरे पिता और माताके कुशल दिशा निर्देशन और कड़ी निगरानी का प्रतिफल है। आमिर ने अंत में यह भी बताया कि इसके बाद मेरी शिक्षा मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भारत सरकार नई दिल्ली से Ph.D की शिक्षा ग्रहण हेतु एसजीपीजीआई लखनऊ से होगी। जिसके लिए ऑफर लेटर भी प्राप्त हो चुका है। अब मेरी पी एच डी की शिक्षा एसजीपीजीआई से होनी है। इस अवसर पर इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊके प्रो. सैयद वसीम अख्तर चांसलर एवं फाउंडर, उप कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत, सैयद नदीम अखर, प्रो. /चांसलर रजिस्ट्रार मोहम्मद हारिश सिद्दीकी ,एवं विश्वविद्यालय की अन्य प्रो. एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# बुल्डोजर न्याय पर कड़ाई से रोक लगे : भाकपा माले

अवधनामा संवाददाता

■ मदनी मस्जिद प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का अवमानना नोटिस प्रदेश में जारी बुल्डोजर राज का है प्रमाण

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि कुशीनगर में मदनी मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया अवमानना नोटिस प्रमाण है कि योगी सरकार में कानून के राज की जगह गैरकानूनी बुल्डोजर राज चल रहा है।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बुल्डोजर न्याय राज्य प्रायोजित अराजकता है, जिस पर शीर्ष अदालत योगी सरकार को दो-दो बार कड़ी फटकार लगा चुकी है, लेकिन उसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। पिछले साल छह नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, क्योंकि उसने 2019 में महाराजगंज जिले में पत्रकार मनोज लिब्रवाल के घर को बुल्डोजर लगाकर अवैध रूप से ढहा दिया था। अदालत ने पाया था कि ध्वस्तीकरण में कानून की उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

माले नेता ने कहा कि जुर्माना लगाने के एक सप्ताह बाद 13 नवंबर को भाजपा द्वारा प्रचारित 'बुल्डोजर न्याय' के मॉडल को असंवैधानिक व दुर्भावनापूर्ण ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसकी आलोचना की थी और किसी भी ध्वस्तीकरण की वैधता के विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसका पालन करना अनिवार्य है। राज्य सचिव ने कहा कि शीर्ष अदालत के दिशा निर्देश जारी होने के बाद भी प्रदेश में नफरती व गैरकानूनी बुल्डोजर राज रुका नहीं है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सीएमएस छात्रों ने चार गोल्ड समेत 12 पदक जीते

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों ने भारतीय सँस्कृति ज्ञान परीक्षा में 4 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल एवं 4 ब्रांज मेडल समेत कुल 12 मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित परीक्षा गायत्री तीर्थ, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुई।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में तन्मय पटेल, यशिका पाण्डेय, अभिनव सिंह एवं आराध्या सिंह ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है जबकि रुद्रेश पटेल, अदिति जैन, कैरावी गौतम एवं मोहम्मद इब्राहिम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। इसी प्रकार, शार्दुल सिंह, प्रतिभा सिंह, अर्णव पाण्डेय एवं जकीरा सरवर ने ब्रांज मेडल जीता है। सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दिखा दिया है कि सी.एम.एस. छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान में ही नहीं अपितु नैतिकता, आध्यात्मिकता व चारित्रिक उत्कृष्टता की अपनी सांस्कृतिक विरासत में भी महारत रखते हैं। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रों के मानवीय व आध्यात्मिक सोच से परिपूर्ण विश्वव्यापी दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। ताकि वे कल के विश्वव्यापी समाज का नेतृत्व अपने विकसित मानवीय दृष्टिकोण से कर सके।

# व्यापारी के ऊपर हुए प्राणघातक हमले के आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर

अवधनामा संवाददाता



**कूरेभार, सुल्तानपुर।** दक्खिनवारा चौराहा कूरेभार के निवासी व्यापारी पंकज अग्रहरि, जिनके ऊपर पिछले दिनों जानलेवा हमला हुआ था। उक्त प्रकरण पर एफआईआर लिखे जाने के पांच दिन बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। उधर प्राण घातक हमले में गंभीर रूप से घायल पंकज अग्रहरि की तबियत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज शहर के एक हास्पिटल में चल रहा है। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के संरक्षक रमेश कुमार मोदनवाल की सूचना पर राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य दिलीप अग्रहरि, प्रदेश मंत्री सुनील कसौधन ,जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर राहुल कसौधन व जिला महामंत्री सुल्तानपुर अंकुर अग्रहरि हास्पिटल जाकर पीड़ित से मुलाकात किया और उसे ढांढस बंधाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के संरक्षक रमेश कुमार मोदनवाल ने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि पंकज अग्रहरि पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे।

विदित हो कि पिछले दिनों पंकज अग्रहरि अपने दो बेटों के साथ अपनी मोटरसाइकिल से कूरेभार खरीदारी करने जा रहे थे, रास्ते में मियांगंज के पास स्थित एक ढाबा संचालक से उनका विवाद हो गया जिसके चलते दो नामजद आरोपी और तीन चार अज्ञात लोगों द्वारा पंकज अग्रहरि के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। मार पिटाई से बचने के लिए जब पंकज अग्रहरि अपनी मोटरसाइकिल से भाग रहे थे तो आरोपियों ने अपनी कार से पीछा कर पटना चौराहे के पास पंकज अग्रहरि की मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर उन्हें गिरा दिया और उन पर हाकी राड से पुनः जानलेवा हमला कर दिया। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुए पांच दिन बीत गया है परंतु किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। पीड़ित व्यापारी पंकज अग्रहरि की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज शहर के एक हास्पिटल में चल रहा है।

व्यापारी नेताओं ने दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप पेड़ के टकराई



**धम्मौर, सुल्तानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के भाई- भादर रोड पर लौहर दक्षिण के पास मंगलवार सुबह खाली पिकअप पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास रहे लोगों ने स्वजनों व पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को गाड़ी से बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कॉग्रेस नेता ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभा को निखारने को लेकर इटकौली ग्राम सभा में रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट ( इटकौली प्रीमियर लीग सीजन 3 का आगाज हुआ। यह टूर्नामेंट इटकौली के होनहार खिलाड़ी रहे मोहम्मद साकिब की याद में ग्रामीणों द्वारा करवाया जा रहा है। जिसका उद्घाटन कांग्रेस के युवा नेता वरूण मिश्रा ने फीता काटकर किया।

वरुण ने कहा कि इस प्रकार के छोटे खेल मैदान से ग्रामीण युवाओ को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है।आगे चलकर अपने मुकाम हासिल कर खेल जगत में पंहुच कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है। उंन्होने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट में कई जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया है प्रतापगढ़ ,अमेठी लखनऊ, बाराबंकी जैसी टीम में अपना प्रदर्शन दिखाएंगी। इस मौके पर अमिर, सनी, हसन, चाद, जावेद अख्तर (पत्रकार), नसीर, टीपू, उजेर,लडडन बाबा, साद, नेहाल,अकीब, मुफीद बाबा, असीफ,वसीम, भुलुर, मिजजन, अरसद, रेहान, अदि लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ के महाआयोजन से उत्तर से दक्षिण भारत तक सनातन का उत्साह चरम पर

अवधनामा संवाददाता

■ महाकुम्भ में पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण बोले यह दिव्य समागम

**महाकुम्भनगर।** दुनिया के सबसे बड़े समागम को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्य और नव्य महाकुम्भ की संकल्पना को साकार कर दिखाया है, जिसे लेकर उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक के लोगों का उत्साह चरम पर है। ये बातें महाकुम्भ में मंगलवार को पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने संगम की रेती पर कहीं। उनका यह भी कहना था कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन में कुछ लोग नेगेटिव बातें भी कर रहे, लेकिन आम आदमी उनकी सच्चाई समझते हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद ने संगम में पवित्र स्नान किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि भारत का सनातन धर्म बहुत प्रबल है। श्रद्धालुओं के अपार जनसमूह को व्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद ने योगी सरकार की सराहना की।

**सनातन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक घटना-** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान किया और इस अद्वितीय अनुभव को भारतीय सनातन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक घटना बताया। जोशी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विशाल आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाएं अद्भुत और अकल्पनीय हैं। उनके अनुसार करोड़ों श्रद्धालुओं का संगम तक पहुंचना इस आयोजन को एक विशेष स्थान देता है। जो भारत के सनातन धर्म की ताकत को प्रदर्शित करता है।

**सनातन धर्म की ताकत से दुनिया प्रभावित है-** प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत का सनातन धर्म श्रद्धा रखने वाले लोगों के लिए एक अलौकिक अनुभव है। देशभर से रोज लाखों करोड़ों लोग संगम तक पहुंच रहे हैं, जो भारतीय सनातन धर्म की ताकत का प्रतीक है। जोशी ने यह भी कहा कि भारत दुनिया के सबसे अच्छे देशों में से एक है, जहां लोग सुख-शांति के साथ रहते हैं। इस महाकुम्भ के आयोजन ने इस धारणा को और भी सशक्त बनाया है।

**144 साल बाद ऐसा अद्भुत अवसर मिला, जिसे लोग संजो रहे हैं-** महाकुम्भ में पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस महाकुम्भ का आयोजन शानदार रहा है। लक्ष्मण ने बताया कि दक्षिण भारत से हजारों-लाखों श्रद्धालु महाकुम्भ में शामिल होने के लिए रोज आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म का सबसे बड़ा पावन पर्व है और 144 साल बाद ऐसा अद्भुत अवसर मिला है। जिसे लोग संजोकर यादगार अनुभव कर रहे हैं।

### महाकुम्भ में श्रद्धा की बाढ़, फिर भी कुछ लोग कर रहे साजिश : डॉ. के. लक्ष्मण

डॉ. के. लक्ष्मण ने यह भी कहा कि महाकुम्भ के यादगार आयोजन में कुछ लोग नेगेटिव प्रचार भी कर रहे हैं। लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि श्रद्धालुओं का जो उत्साह और आस्था है, वह इस आयोजन की सफलता का प्रमुख कारण है। पूरी दुनिया देख रही है कि कैसे योगी आदित्यनाथ सरकार ने महाकुम्भ के आयोजन को बेहद सफल और भव्य बनाया है। जिससे पूरे देश और विदेश से श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं।

# टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ तक होंगे फ्री में इलाज और ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

■ यह पैसा न तो सरकार, न ही माइनोरिटी विभाग का : कुलाधिपति

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन का व्यक्तित्व सच्चे लोकोपकारी के रूप में उभरा है। श्री जैन न केवल समाज को उच्च शिक्षा के लिए संकल्पित हैं, बल्कि समाज के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसी सेवा भाव के संकल्प और समर्पण के चलते श्री जैन ने हाल ही में एक के बाद एक टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ रुपए की जनकल्याणकरी सेवाओं का अनमोल तोहफा दिया है। टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग की ओर से कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने अब एक करोड़ रुपए के फ्री ऑपरेशन एवम् इलाज की घोषणा की है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, यह पैसा न तो सरकार, न माइनोरिटी विभाग की ओर से आया है और न ही कहीं दीगर सोर्स से प्राप्त हुआ है। यह धनराशि सिर्फ और सिर्फ टीएमयू हॉस्पिटल और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की है, जो ये चैरिटी के रुप में खर्च कर रहे हैं। इससे पूर्व श्री जैन स्त्री एवम् प्रसूति रोग विभाग के लिए 02 करोड़, सर्जरी विभाग एवम् बाल रोग विभाग के लिए 50-50 लाख रुपए की निःशुल्क इलाज योजनाओं की भी घोषणा कर चुके हैं।

टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग के एचओडी डॉ. अमित सराफ कहते हैं, इस योजना के तहत एक करोड़ रुपए खर्च होने तक हड्डी रोग विभाग में आपरेशन और इलाज की निःशुल्क सुविधा मिलेगी। विभाग की ओर से हाथ और पैर की हड्डियों में स्करू रॉड और प्लेट लगाना, हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज और दवाइयां फ्री मिलेंगी। भर्ती पेशेंट के लिए बेड, आईसीयू, वेंटीलेटर के संग-संग अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन एवम् सभी तरह की खून की जांचे निःशुल्क की जाएंगी। जोड़ प्रत्यारोपण पर विशेष छूट दी जाएगी। घुटने का प्रत्यारोपण मात्र 65 हजार और कूल्हे का प्रत्यारोपण मात्र 80 हजार में किया जाएगा, जिसमें बेड चार्ज, जांचें, ऑपरेशन, दवाइयां एवम् इंप्लांट का खर्चा शामिल है। बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. बीके गौड़ कहते हैं, इस योजना के तहत लंबी खांसी, सूखा रोग, दिमागी बुखार, टायफाइड, दमा, मिर्गी के दौरे आदि का इलाज निःशुल्क किया जाएगा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर 18 फरवरी शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 राष्ट वर्धन के निर्देशन में हुआ। 24 फरवरी 2025 का मंच का संचालन करते हुए रा0से0याले कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रमोद कुमार ने दोनों इकाईयों के स्वंयसेवकों को शिविर के शुभारम्भ पर बधाई दी। डॉ0 जीत सिंह ने रा0से0यो के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी। उन्होने स्वयंसेवको से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रदत्त कार्यों को पुर्ण करने तथा एक साथ मिलकर रा0से0यो0के उददेश्यों को ध्यान में रखते हुए इस शिविर को सफलता पूर्वक संचालित करवाने का आह्वान किया। डॉ0 अब्दुल रहमान ने शिविर के विषय ÷भाई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया कि रा0से0यो0 स्वंयसेवकों को अपने हुनर को सामजिक सेवा में लगाने का अवसर प्रदान करती है। जिसके माध्यम से हम समाज में शिक्षा, स्वचछता, पर्यावरण संरक्षण अनेक सामाजिक विषयों पर अपने परिवेश में जागरूकता बढ़ाते हैं। पूर्व रा0से0यो0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 नौमी प्रिया ने भी स्वंयसेवकों से अपने अनुभव साझा किये उन्होने बताया कि रा0से0यो0 स्वयंसेवक गाँव, मलिन बस्तियों में जाकर डेटा इक?ट्ठा करके लोगों को जागरूक करते है। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों को जलपान ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री सचिन कुमार ने शिविर के आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा रखी। डॉ0 जीत सिंह ते स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षता जागरूकता रैली को इकाई प्रथम के शिविर स्थल ग्राम-मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया। जहाँ पर स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय में स्वयं सेवकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी एवं जलपान ग्रहण कराया गया। आज के दिवस के दुसरे चरण में माविद्यलाय सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन कराया गया। शिविर के विषय ÷माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा पर कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रमोद कुमार ने अपने विचार रखें। श्री प्रमोद कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर अपने विचार रखते हुए स्वयंसेवकों को बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना क्यो जरूरी है? अन्त में स्वयंसेवकों ने रा0से0यो0 के लक्ष्य गीत उठें समाज के लिये उठें उठेंठे व राष्ट्रीय गान जन-गण-मन का समवेत स्वर में गांन किया।

# ग्रासलैंड में प्रशिक्षण का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्- भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झाँसी में 05 दिवसीय प्रशिक्षण ÷चारा बीज उत्पादन, प्रसंस्करण एवं भण्डारण÷ (17 -21 फरवरी) का उद्घाटन संस्थान निदेशक डॉ पंकज कौशल की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के उप महाप्रबंधक डॉ राजेश कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह प्रशिक्षण विभिन्न राज्यों के 29 चारा विकास अधिकारियों एवं प्रबंधकों के लिए आयोजित किया जा रहा है जिसे राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड एवं विभिन्न डेरी सहकारिता संस्थाएं प्राजोजित कर रही हैं। प्रशिक्षण की रूपरेखा पर जानकारी देते हुए अध्यक्ष, मानव संसाधन इकाई डॉ के के द्विवेदी ने बताया की इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को चारा बीज उत्पादन, प्रसंस्करण एवं भण्डारण से सम्बंधित समस्त तकनीकियों एवं जानकारियों से अवगत कराया जायेगा साथ ही उन्नत चारा उत्पादन से पशुधन उत्पादकता को बढ़ाने पर भी व्याख्यान आयोजित होंगे। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के उप महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में चारा बीज उत्पादन एवं उपयोग से सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रशिक्षणार्थियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को दोहराया एवं चारा विकास अधिकारियों के क्षमता विकास हेतु आवश्यक मुख्य बिंदु प्रशिक्षकों से साझा किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्थान निदेशक ने प्रतिभागियों की चारा सम्बंधित समस्याएं सुनते हुए उन्हें चारा एवं चारा बीज के क्षेत्र में नवाचार हेतु सुझाव दिया एवं लाभकारी पशुपालन हेतु चारा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को उन्नत चारा तकनीक अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में परियोजना समन्वयक, विभागाध्यक्षों, विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन डॉ एम एम दास, डॉ गौरेन्द्र गुप्ता, डॉ शशिकुमार, डॉ अविजित घोष, दीपक चौधरी कर रहे हैं।

## शहर को स्वच्छ बनाने में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. मणि भूषण

**संभल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में सम्भल नगरपालिका को सर्वोच्च रेंकिंग दिलाने और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका व्यापारी संगठनों के साथ मिलकर व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी ने इओ नगरपालिका सम्भल डॉ मणि भूषण तिवारी से मिलकर सहयोग का पत्र सौंपा। चौधरी ने कहा कि स्वच्छता अभियान में व्यापारी पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे जिससे शहर को कचरा एवं गंदगी मुक्त बनाया जा सके व्यापारीयों का यह प्रयास न केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग दिलाने में मदद करेगा, बल्कि शहर को रहने योग्य और सुंदर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। इओ डॉ मणि भूषण तिवारी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे शहर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भागीदारी करें। अपनी दुकानों और संस्थानों के आसपास सफाई बनाए रखें, कूड़ा कूड़ेदान में डालें, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें, और गीले सूखे कचरे को अलग-अलग दें।

# नवाचारी विधियों का विकास करना हो उद्देश्य : बीईओ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** संकुल बिल्ला की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय हुसंगा में किया गया, जिसमें शासन स्तर से निर्धारित गुणवत्ता संवर्धन विषयक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ने कहा कि इस तरह की बैठकों का आयोजन विद्यालय स्तर पर हो रहे सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहन देना प्रतिभाशाली बच्चों को उचित मंच देना व शिक्षण की नवाचारी विधियों का विकास करना है। उन्होंने विद्यालय हुसंगा व भारौनी के निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। एआरपी प्रदीप सोनी ने बताया कि उन्होंने अपने पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के दौरान विद्यालय में जो भी सुझाव दिए, उनका सफल करो क्रियान्वयन किया गया, जिससे यह विद्यालय आज आकर्षक रूप में परिवर्तित हो सकता है। नोडल शिक्षक संकुल डा.हेमंत तिवारी ने कहा विद्यालय में सकारात्मक परिवेश का सृजन करने से गुणवत्ता संवर्धन के कार्यों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। नोडल शिक्षक संकुल कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बुंदेलखंडी भाषा को आज सदन में मान्य भाषा के रूप में स्थाई दिए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बुंदेलखंड के हक की आवाज को बुलंद करने वाले शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी को भी धन्यवाद दिया एवं शिक्षकों ग्राम वासियों का आभार जताया। इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास, एआरपी प्रदीप सोनी, अरविंद गौतम, महेश वर्मा, शिक्षक संकुल जितेंद्र जैन, अखिलेश श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, शरद श्रीवास्तव, राजेश बबेले, जयंती देवी, अनुराधा मोदी, शुभम जैन, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार आदि ने भी विचार रखें। विद्यालय में पूर्ण मनोयोग से योगदान देने वाले शिक्षक दिनेश जैन एवं जयंती देवी को भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कौशिक ने समस्त शिक्षकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# रामपाल सिंह ने उठाई ग्राम मुडिया ललिता की पानी समस्या

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** ग्राम मुडिया ललिता, तहसील वैर में पानी की गंभीर समस्या को लेकर रामपाल सिंह यादव (प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी, सदस्य भारत सरकार, प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भरतपुर जिलाधिकारी से मुलाकात की और समाधान की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में प्रकाश चंद्र सैनी (भरतपुर नगर), ओम प्रकाश शर्मा (भरतपुर), रामदयाल चौधरी (जीवट, भरतपुर), लक्ष्मण सिंह (ललिता मुडिया), कैलाश शर्मा (एडवोकेट), राकेश (एडवोकेट) भी शामिल थे।इस दौरान रामपाल सिंह यादव ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गांव में पीने के पानी का कोई साधन नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल संकट के कारण न केवल मनुष्य बल्कि पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने समस्या को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और पीने के पानी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए रामपाल सिंह यादव और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त किया।

## 800 मीटर दौड़ में मोहन और सोनम ने मारी बाजी

**शिकोहाबाद।** जेएस विश्वविद्यालय में मंगलवार को तीन दिवसीय खेल कूद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) फिरोजाबाद ने समारोह का फीता काट कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया का स्वागत डॉ सुकेश यादव, कुलाधिपति, डॉ पीएस यादव, प्रतिकुलाधिपति, डॉ शुभम यादव, डॉ शिखर यादव, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ बीपी अग्रवाल कुलपति एवं महानिदेशक डॉ गौरव यादव ने गुलदस्ता देकर किया। इसके बाद मार्च पास्ट की मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। राष्ट्रगान गीत प्रस्तुति के बाद जयवीर सिंह डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाडियों को शपथ दिलायी। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाकर एवं फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

# जस्ट राइटर्स फॉर चिल्ड्रंन ने बाल अपराधों के खिलाफ अभियान किया तेज

■ पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही के कोल्ड स्टोर से निकाली गई बाल विवाह के खिलाफ रेली




अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन ने बाल अपराधों के खिलाफ अभियान को गति प्रदान करते हुए मंगलबार को बाल विवाह के खिलाफ संभल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही (जामेई) के कोल्ड स्टोर सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर जागरूकता अभियान चलाया गया। रेली निकालकर जागरूक किया गया। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की बाल श्रम ,बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समाज के जिम्मेदार लोग इस मुहिम में आगे आकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि इस अभियान में जो बाल अपराध के खिलाफ है और नाबालिक लड़कियों ओर लड़के के भविष्य के लिए आगे आकर खड़े हों। आंवला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी साजिद अली खान ने कहा कि बच्चों को शिक्षा दिलाएं और इस बाल अपराध से बचाएं कानून का पालन करें। बालिग होने पर ही उनकी शादी करें। इस मौके पर कोल्ड स्टोर के मजदूरों ने भी हाथों में स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर लेकर रेली निकलते हुए संकल्प लिया कि वह बाल अपराध को रोकेंगे। चाहे बाल विवाह हो, बाल श्रम हो या बाल तस्करी हो। इस मौके पर प्रयत्न संस्था के फील्ड कॉर्डिनेटर फ़र्ज़न्द अली वारसी, एवं सिराज अहमद, पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जामेई, हाजी शरीफ अहमद, मेंबर एहसास, असलम, मोहम्मद चांद आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना प्रभारी आवास के नवीन भवन का उद्घाटन

**संभल।** जन सहयोग से निर्मित थाना ऐंचौड़ा कम्बोह के थाना प्रभारी आवास के नवीन भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी संभल डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया गया एवं ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### वंछित अभियुक्त गिरफ्तार किया

**संभल।** पुलिसअधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में दिनांक 18.02.2025 को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**संभल।** थाना गुन्नौर पर वादी पूरन पुत्र श्यामलाल निवासी राजघाट रोड बबराला थाना गुन्नौर जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना दी कि कस्बा गुन्नौर में अवैध अस्पताल में फर्जी चिकित्सक द्वारा वादी की पत्नी का प्रसव कराना व प्रसव के दौरान वादी की पत्नी व पैदा हुए नवजात शिशुओं की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना गुन्नौर पर मु0अ0सं0 44/2025 धारा 105 बीएनएस व 34/2 मेडिकल एक्ट पंजीकृत किया गया था। दिनांक 18.02.2025 को थाना गुन्नौर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 44/2025 धारा 105 बीएनएस व 34/2 मेडिकल एक्ट में वांछित अभियुक्त सत्यप्रकाश पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी रोरादीप थाना कैलादेवी जनपद सम्भल को पाताली मंदिर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

### विद्यार्थियों को शीतकालीन जैकेट किये वितरित



**ललितपुर।** बीघा खेत टोल प्लाजा पर क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल नदनवारा के सभी छात्र और छात्राओं को शीतकालीन जैकेट वितरित किए। यह कार्यक्रम झाँसी बीघा खेत टोलवे प्राइवेट लिमिटेड और क्यूब रूट्स फाउंडेशन के बीच सहयोगात्मक पहल के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा का समर्थन करना और छात्रों की भलाई बढ़ाना रहा। टोल प्लाजा प्रबंधक विकास सक्सेना, प्लाजा मैनेजर अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, लेखराज गुर्जर, रोहित पाराशर, सचिन, नीतीश कुमार सिंह, विकास परिहार ,नीलम सिंह सहित अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। यह कार्यक्रम समुदाय और क्षेत्र के भीतर एक सकारात्मक पहचान बनाने में मदद कर रहा है और यह दर्शाता है कि कैसे सहयोगात्मक प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## अज्ञात जानवर ने बाहर बरामदे में बांधी गाय किया हमला

**आजमगढ़।** जनपद के कंधरापुर थाना क्षेत्र के सेहदा गांव में रविवार की रात एक अज्ञात जानवर ने घर के बाहर बरामदे में बांधी गाय का आधा हिस्सा खा गया। सुबह घर के लोगों ने जब यह नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने पुलिस सहित वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ वन विभाग की टीम जांच में जुटी है। कंधरापुर थाना के सेहदा गांव निवासी बुद्धिराम मौर्य के घर के बाहर गाय बांधी थी। रात में गाय को किसी अज्ञात जानवर ने गर्दन के साथ रीढ़ समेत आधा खा गया। सुबह घर के लोग जब जगे तो सभी हैरान रह गए। इसको लेकर पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। कोई बड़ा जानवर तो कुछ कुत्तों या गीदड़ के खाने की बात कह रहे थे। बाद में लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस के साथ वन विभाग को दी। थोड़ी ही देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर लौट गई।

# रालोद ने किसानों की समस्याओं से संबंधित तीन सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा




अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष परशुराम कुशवाहा के नेतृत्व में सोमवार को किसानों की समस्याओं से संबंधित तीन सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपकर किसानों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है । सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष परशुराम कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में ललितपुर जनपद के किसानों की समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित एक तीन सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी ललितपुर को दिया गया । मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी को बताया गया की जनपद के बहुत से किसान उड़द की खराब हुई फसल का बीमा एवं राहत राशि पाने से वंचित रह गए हैं। साथ ही किसान सम्मान निधि के लिए जो किसानों की आईडी बन रही है उसमें भी बहुत से किसानों के सामने समस्याऐं आड़े आ रही है । किसी की नाम नकल और आधार से मैच नहीं हो रहा है जिससे किसानों की आईडी नहीं बन पा रही है। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की ललितपुर इकाई ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है । ज्ञापन देने वालों में सौरभ श्रीवास्तव सेतू, कबीर सिंहा, वसीम शेख , नमन जैन अमित कुशवाहा वर्धन सिंह यादव गौरव यादव सुनील कुशवाहा मोहित राजपूत अखिल कुमार श्रीकांत पवन महेश चौबे अभय यादव सौरभ कुशवाहा के अलावा बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेंचकस से युवक की हत्या के मामले में तीन पकड़े

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मसौरा कला में शादी समारोह के दौरान युवक की पेचकस से गोदकर की गयी हत्या के मामले में पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले का पटाक्षेप करते हुये तीनों हत्यारोपियों को न्यायालय भेजा है, जहां से पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। मसौरा कला निवासी रामप्रसाद पुत्र नन्दू कोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके भतीजे शरद जो शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था का गांव के कृष्णा, करन व मोहन ने एक राय होकर पेचकस से गोदकर हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की, जिसमें पुलिस ने रामप्रसाद की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने घेराबंदी करते हुये गोविन्द सागर बांध पूछा तिराहा से कृष्णा व उसके भाई करन पुत्रगण मोहन सिंह एवं मोहन सिंह उर्फ मौन सिंह पुत्र पंचू कोरी को हिरासत में ले लिया। मामले को लेकर एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देश पर एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने तीन पुलिस टीमों की मदद से तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए कृष्णा ने बताया कि गांव में रहने वाले रवि पंथ पुत्र घनश्याम पंथ का उसके छोटे भाई करन की पत्नी से सम्बन्ध थे। इस बात को लेकर शरद व रवि गांव के लोगों को बताया करते थे, जिससे उनकी काफी बदनामी हो गयी थी।

# बस्ती के अंदर आग लगने से बुरी तरह सहम गए आस पास के लोग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर के मोहल्ला माथुरनपुरा स्थित पहाड़ पर लोगों द्वारा डालने वाले कूड़े में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते चल रही हवाओं के चलते आग तेजी से फैलने लगी। जिससे आसपास रहने वाले लोगों मे दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। पहाड़ से धुआं उठता देख करीबी मोहल्लों के लोग भी एकत्र हो गए और दमकल विभाग को सूचना दी। फायर बिग्रेड कर्मियों ने बड़ी मशक्कत से आड़ी तिरछे मार्ग से होते हुए ऊबड़ खाबड़ पहाड़ तक पहुंचकर करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया, जिससे पहाड़ के समीप बने मकानों को अग की लपटें नही छू सकी। और मकान मालिकों ने राहत की सांस ली। शहर के बीचो बीच स्थित मुहाल माथुरनपुरा और भीतरकोट के बीच में एक पहाड़ स्थित है, जहां पर मदन सागर से लोगों को घरों तक पानी पहुंचाने के लिए इस पहाड़ पर पानी की टंकी और फिल्टर लगाया गया है। जिसके पीछे वाले हिस्से में कुछ लोगों द्वारा घरों का कूड़ा करकट फेंका जाता है। मंगलवार की दोपहर किसी के द्वारा पहाड़ से कूड़े के साथ जलते हुए अंगारे राख सहित फेंक दी गई। और कुछ देर बार धुंए के साथ पहाड़ के निचले हिस्से में आग लग गई। लेकिन लोगों की इस पर नजर नहीं पड़ी और देखते ही देखते आग पहाड़ के चारो तरफ फैलने लगी तभी पास बने मकान के लोगों ने धुआं उठता देख छत से जाकर देखा तो पहाड़ पर आग की लपटे नजर आने पर वह शोर मचाने लगे। लोगों द्वारा शोर शराबा सुन मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने के लिए अपने अपने घरों से पानी लाकर डालने लगे, लेकिन हवा चलने के कारण आग पहाड़ और मकानों की तरफ तेजी से बढ़ने लगी । जब तक अन्य मोहल्लों के लोग भी एकत्र हो गए और फायर बिग्रेड विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आधा घंटे के अंदर दमकल विभाग के जवान पहुंच गए और वाहन में लगी मशीन से पाइप लाइन को गलियों से होते ही हुए ऊबड़ खाबड़ पहाड़ तक पहुंच कर पानी से आग बुझाने में जुट गए और करीब दो घंटे तक बढ़ती हुई आग पर पानी डालने के बाद काबू पाया। अग्निशमन प्रभारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में मनिराम सहित अन्य जवानों ने पूरी शिद्दत के साथ अपने कार्य को अंजाम देकर आसपास बने मकानों को आग से बचाया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का उमरा से वापसी पर स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी के प्रतिनिधि ने अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर के नेतृत्व में बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान एडवोकेट के सफ़र उमराह से वापसी आने पर उनके आवास पर पहुंच कर उनको मुबारकबाद पेश की कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट ने किया सर्व प्रथम सलीम खान की गुलपोशी की गई। हाजी सैयद उवैस मुस्तफा रिज़वी ने कहा कि ज़्यारत ए उमरा बहुत बड़ी सआदत है।हर मोमिन केद्व ख्वाहिश मक्का और मदीना जाने की होती है। सलीम खान एडवोकेट ने मुस्लिम कमेटी रजि0 अमरोहा का आभार व्यक्त करते हुए सफर ए उमरा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जितना सुकून वहां पहुंच कर मिला वैसा कहीं नहीं है। मदीना मुनव्वरा में हर हर क़दम पर यक़ीन था कि आका की मेरे ऊपर नज़रे करम है। पूरा सफर इबादत में गुजरा। सभी लोगों के लिए और अपने मुल्क में अमन ओ अमान व तरक़्क़ी व खुशहाली की दुआएं की। इस अवसर पर अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल क़य्यूम रायनी ,मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, क़मर नक़वी,ओवैस मुस्तुफा रिज़वी, इकराम हुसैन ज़ैदी, यासिर अंसारी एडवोकेट,अदनान मसरूर, शाहरूख ख़ान एडवोकेट, मौहम्मद कासिम ख़ान,सूफ़ी निशात सिद्दीकी, साजिद रऊफ एडवोकेट, सरकार आलम, मौहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

# एलयूसीसी में जमा किये रुपये वापस मांगने पर मारपीट

■ महिलाओं ने लगाया फायरिंग कर मोबाइल छीन ले जाने का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी में रुपये जमा करने के बाद जब वापस मांगे तो महिलाओं से मारपीट करने, हवाई फायर झोंकने और दो मोबाइल फोन्स छीनकर ले जाने के साथ ही घर में घुसकर मारपीट करने जैसे संगीन आरोप लगाए गए हैं। घटना को लेकर पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर एसपी के नाम से शिकायती पत्र भी दिया था। चौकी नेहरूनगर अन्तर्गत पटौरा रोड निवासी रजनी पुत्री सुकन ने एसपी के नाम दिये शिकायती पत्र में बताया कि विगत तीन वर्ष पहले पड़ौस में रहने वाले मनोज अहिरवार व उसकी पत्नी आशा रैकवार एलयूसीसी नाम की चिट्फण्ड कम्पनी में एजेण्ट के तौर पर काम करते थे। बताया कि उन्होंने तीन वर्ष पहले एलयूसीसी में रुपये जमा करने की बात कही, जिस पर भरोसे में आकर पीड़िता ने 10 हजार रुपये जमा कर दिये। बताया कि महिला ने आश्वासन दिया था कि यदि रुपये कम्पनी वापस नहीं करेगी तो वह अपने पास से रुपये वापस कर देंगे। पीड़िता ने बताया कि एलयूसीसी के तमाम प्रकरण प्रकाश में आने के बाद जब उसने कई दिनों पहले रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने उसके रुपये नहीं लौटाये और बहाने करने लगे। बताया कि बार-बार रुपये मांगने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि बचाव करने पहुंची उसकी सहेली डॉली के साथ भी मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि मामले की शिकायत जब चौकी इंचार्ज नेहरूनगर से की गयी, जिसके बाद उक्त महिला व उसके पति और पुत्र ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी।

यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने हवाई फायर करते हुये जान से मारने की धमकी दी और दो मोबाइल फोन भी छीन ले गये। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पीड़िता ने मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# 50 से अधिक आयु वालों में डेमेंशिया के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है

**वैज्ञानिकों का कहना है कि सोशल आइसोलेशन सीधे तौर पर तो इस विकार का कारण नहीं बन रही है पर इसके कारण लोगों का एक दूसरे से संपर्क कम हो गया है। एक दूसरे से बातचीत और मेल-जोल कम होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों में व्यवहार परिवर्तन भी देखा जा रहा है। 50-60 के आयु वर्ग वालों में भी डेमेंशिया के खतरे की पहचान की जा रही है, जोकि चिंताकारक स्थिति हो सकती है। पिछले तीन साल से जारी कोरोना महामारी से बचाव के लिए हम सभी ने अपनी दिनचर्या में कई तरह के बदलाव किए, सोशल आइसोलेशन उसमें से एक है। इस आदत के माध्यम से कोरोना के प्रसार को कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि अध्ययनकर्ताओं ने एक हालिया अध्ययन में पाया है कि सोशल आइसोलेशन के कारण लोगों में डेमेंशिया रोग का खतरा बढ़ रहा है।**



सोशल आइसोलेशन का हमारे शरीर पर किस प्रकार से असर होता है इसको जानने के लिए किए गए शोध में वैज्ञानिकों ने पाया कि यह आदत 50 से अधिक आयु वालों में डेमेंशिया के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में 40 लाख से अधिक लोगों को डेमेंशिया की समस्या है। आमतौर पर 65 की आयु के बाद इस रोग का जोखिम अधिक होता है, पर हाल के वर्षों में इसकी आयु सीमा में भी कमी देखी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि आइसोलेशन के अलावा लाइफस्टाइल के कई और कारक भी डेमेंशिया के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, इनसे कम उम्र से ही बचाव करते रहना चाहिए। सोशल मीडिया की जगह लोगों से व्यक्तिगत रूप से मेलजोल बढ़ाएं। नियमित रूप से व्यायाम करना, शराब-धूम्रपान से दूरी और रक्तचाप को कंट्रोल में रखना आपमें डेमेंशिया के खतरे को कम कर सकता है। जिन लोगों में डेमेंशिया की फैमिली हिस्ट्री रही है, उन्हें विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। इसमें होने वाली छेड़छाड़ के कारण कई प्रकार की न्यूरोलॉजिकल और व्यवहारिक समस्याओं का खतरा हो सकता है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि सोशल आइसोलेशन डेमेंशिया के खतरे को बढ़ाने का कारण बन सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सोशल आइसोलेशन सीधे तौर पर तो इस विकार का कारण नहीं बन रही है पर इसके कारण लोगों का एक दूसरे से संपर्क कम हो गया है। एक दूसरे से बातचीत और मेल-जोल कम होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों में व्यवहार परिवर्तन भी देखा जा रहा है। 50-60 के आयु वर्ग वालों में भी



डेमेंशिया के खतरे की पहचान की जा रही है, जोकि चिंताकारक स्थिति हो सकती है। पिछले तीन साल से जारी कोरोना महामारी से बचाव के लिए हम सभी ने अपनी दिनचर्या में कई तरह के बदलाव किए, सोशल आइसोलेशन उसमें से एक है। इस आदत के माध्यम से कोरोना के प्रसार को कम करने में मदद मिल सकती है।

हालांकि अध्ययनकर्ताओं ने एक हालिया अध्ययन में पाया है कि सोशल आइसोलेशन के कारण लोगों में डेमेंशिया रोग का खतरा बढ़ रहा है। डेमेंशिया, दिमाग की बनावट में होने वाले बदलाव के कारण होने वाली बीमारी है, जिसमें दिमाग की क्षमता कम हो जाती है और रोगियों को स्मृति, सोच, आचरण तथा मनोभाव से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अमेरिका में, 65 वर्ष से अधिक आयु के 4 में से एक व्यक्ति में डेमेंशिया की समस्या देखी जा रही है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन गैरिएट्रिक्स सोसाइटी में प्रकाशित इस शोध के लिए 2011 में 5,022 मेडिकेयर वाले प्रतिभागियों के डेटा को शामिल किया गया। अध्ययन की शुरुआत में 23त्न लोग कई कारणों से सोशल आइसोलेशन में थे, हालांकि उनमें डेमेंशिया के लक्षण नहीं थे। हालांकि नौ साल के इस अध्ययन के अंत तक 21 फीसदी लोगों में डेमेंशिया की समस्या का निदान किया गया।

## लोगों के संपर्क में रहना बहुत आवश्यक

वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि 9 वर्षों के दौरान सोशली आइसोलेट रहने वालों में समय के साथ डेमेंशिया के विकसित होने का जोखिम 27 फीसदी अधिक हो गया। शोधकर्ता बताते हैं कि एक अन्य शोध में भी पाया गया है कि अगर लोग एक दूसरे से जुड़े रहते हैं तो इस जोखिम को 31 फीसदी तक कम किया जा सकता है। इंसानी प्रवृत्ति एक दूसरे के साथ रहने और अपने सुख-दुख बांटने की है, इसमें होने वाली छेड़छाड़ के कारण कई प्रकार की न्यूरोलॉजिकल और व्यवहारिक समस्याओं का खतरा हो सकता है।

## क्या कहते हैं शोधकर्ता

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और अध्ययन के लेखकों में से एक डॉ एमफोन उमोह कहते हैं, संचार की सामान्य तकनीक का भी पालन करके डेमेंशिया के खतरे को कम किया जा सकता है। हमारे संज्ञानात्मक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए सोशल कनेक्शन बहुत आवश्यक है। कोरोना महामारी के बाद से सोशल आइसोलेशन और भी बढ़ गया है, जिसके कारण आने वाले दशकों में गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। भले ही आप आइसोलेशन में हों पर किसी भी माध्यम से लोगों के संपर्क में रहें, यह मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए बहुत आवश्यक है।

# हेयर फॉल के लिए मेथीदाना हेयर पैक

100 ग्राम मेथी दाना एक कटोरी पानी में रात भर के लिए भीगा कर रखें। सुबह इसमें करी पत्ता और गुड़हल के फूल की पत्तियां मिलाकर उबाल लें। अब इसको पीस कर पेस्ट बना लें इस पेस्ट को स्कैल्प और बालों पर लगाएं। घंटे भर तक लगा रहने दें फिर शैम्पू कर लें। यह हेयर पैक सप्ताह में एक दिन लगाएं। यह हेयर फॉल में फायदेमंद है।

## हेयर ग्रोथ और चमक के लिए मेथीदाना हेयर मास्क

50 ग्राम मेथीदाना रात भर पानी में भीगा कर रखें। सुबह इसे पीस कर पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच कोकोनट मिल्क मिक्स करें। इस मास्क को स्कैल्प पर लगाएं और मसाज करें। 10 मिनट तक मसाज करने के बाद इसे 20 मिनट के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें। फिर शैम्पू कर लें, यह पैक हफ्ते में एक या दो बार लगा सकते हैं।

## मेथी बालों के लिए कैसे है फायदेमंद

- मेथी में प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड पाया जाता है जो बालों को नरिश करता है।
- मेथी में लिसिथिन नामक फैट होता है जो बालों को मजबूती देता है।
- मेथी में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो स्कैल्प को डैंड्रफ से बचाते है जो हेयरफाल का कारण है।
- मेथी में एमोलेंट पाया जाता है जो स्कैल्प स्किन को मॉश्चराइज करता है और हेल्दी रखता है।
- मेथी में विटामिन सी, विटामिन के, फोलिक एसिड, आयरन और पोटेशियम जैसे जरुरी तत्व पाए जाते है जो बालों को स्वस्थ रखते हैं।

कॉफी की मदद से घर पर ही बनाएं ये आई क्रीम

लेट नाइट तक काम करना, अत्यधिक तनाव लेना और अपने खान-पान पर ध्यान ना देना ऐसे कई कारण होते हैं, जो आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स, पफीनेस व अन्य कई आई प्रॉब्लम्स होती हैं। ऐसे में घर पर ही अंडर आई क्रीम तैयार करके आंखों की खूबसूरती को बहाल किया जा सकता है। यूं तो मार्केट में कई तरह की आई क्रीम मिलती हैं, लेकिन अगर आप अपनी अंडर आइज को फिर से ब्यूटीफुल बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप कॉफी का इस्तेमाल





कर सकती हैं। अगर आप एक नरिशिंग आई क्रीम बनाना चाहती हैं तो ऐसे में कॉफी व कुछ ऑयल्स की मदद से इसे तैयार कर सकती हैं।

आवश्यक सामग्री-

- बारीक पिसी हुई कॉफी - 1 बड़ा चम्मच
- जोजोबा ऑयल - आधा चम्मच
- रोजहिप सीड ऑयल- आधा चम्मच
- शिया बटर - 1 बड़ा चम्मच
- कोकोआ बटर - 1 बड़ा चम्मच
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल - 10 बूंद
- कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल - 3-4 बूंदे
- विटामिन ई तेल - एक कैप्सूल

आई क्रीम बनाने का तरीका

- सबसे पहले शिया बटर व कोकोआ बटर को डबल बॉयलर में रखकर पिघलने दें।
- अब आप इसमें जोजोबा ऑयल, रोजहिप सीड ऑयल और कॉफी को मिश्रण में डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।
- अब आप इसमें एसेंशियल ऑयल व अन्य बची हुई सामग्री को डाकलर सब कुछ मिला लें।
- आप मिश्रण को एक छोटे कंटेनर में डालें और हर रात सोने से पहले इसे अंडर आई एरिया पर अप्लाई करें।

कॉफी व बादाम के तेल से बनाएं क्रीम

ग्राउंड कॉफी को बादाम के तेल के साथ मिक्स करके भी अप्लाई किया जा सकता है।

आवश्यक सामग्री-

- ग्राउंड कॉफी- आधा छोटा चम्मच
- मीठे बादाम का तेल- दो बड़ा चम्मच
- विटामिन ई ऑयल (वैकल्पिक)

इस्तेमाल करने का तरीका-

- एक छोटे जार में, 4 भाग ऑयल और 1 भाग ताज़ी पिसी हुई कॉफ़ी डालें।
- इसे ढककर रात भर ऐसे ही छोड़ दें।
- अब इसे नट मिल्क बैग या मेटल स्ट्रेनर से छान लें।
- अब आप इसमें विटामिन ई ऑयल डालें।
- आप इसे एक छोटी ड्रॉपर बोतल में डालें।
- अब आप इसे अंडर आई पर लगाएं और अपनी उंगलियों से मसाज करें। रोजाना 50 ग्राम मेथीदाना को आहार में शामिल करने से बालों की सभी समस्याओं छुटकारा पाया जा सकता है। मेथीदानों को भोजन में सलाद के रूप में, मसालों के तौर पर और पाउडर के रूप में लिया जा सकता है। मेथी को रात भर भिगोकर रख दें और सुबह मेथी के दानें चबाकर खाएं और इसका पानी पी लें। 100 ग्राम मेथीदाना रात भर एक कप पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को छानकर किसी स्प्रे बॉटल में भर कर रख लें। इस पानी को बालों पर लगाएं। चार-पांच घंटे तक लगा रहने दें फिर साफ़ पानी धो दें। यह आपके बालों की चमक बढ़ाने के साथ ही बालों की ग्रोथ में इजाफा करेगा। मेथी के दानें बालों के इन्फेक्शन्स और स्कैल्प एलर्जी से बचाव करने में फायदेमंद हैं। यह बालों से जुड़ी अन्य बहुत सी समस्याओं को दूर करते है। एक रिसर्च में साबित हुआ है मेथी के दानों का नियमित सेवन बाल गिरने की समस्या, कमजोर बालों और डैंड्रफ की परेशानी को दूर करने में असरदार है। मेथीदाना आपके बालों की जड़ों को स्ट्रांग बनाकर नए बालों को उगाने में सहायक है। यह बालों की चमक बढाकर बालों को सिल्की बनाने में हेल्प करता है।

# जबरदस्ती करने वाले पुरुषों से महिलाएं अक्सर दूर भागा करती है



रूटर यूनिवर्सिटी की मानवविज्ञानी हेलेन ई फिशर के अनुसार, महिलाओं को उन्हें समझने वाले पुरुष पसंद आते हैं। जबरदस्ती करने वाले पुरुषों से महिलाएं अक्सर दूर भागा करती हैं। समझदार और ध्यान रखने वाले पुरुषों की महिलाएं आकर्षित होती है। इसलिए अपनी पार्टनर का ध्यान रखने और उनकी बातों को सुनने और समझने पर ध्यान दें। किसी से पूछा जाए कि महिलाओं को कैसे लड़के पसंद आते हैं? इसका जवाब शायद अमीर, अच्छे पैसे कमाने वाला, महंगे कपड़े पहनने वाले और आलीशान गाड़ियों में चलने वाले लड़के होंगे। वैसे ये बात सच है, लेकिन पूरी तरह नहीं। ज्यादातर महिलाओं को अमीर लड़के पसंद होते है, जो उनके खर्चे उठा सके। लेकिन आज भी बहुत सी महिलाएं अच्छे सलीके वाले लड़कों की ओर आकर्षित होती हैं। फिर चाहें लड़का महंगे कपड़ें पहने या साधारण या फिर आलीशान गाड़ियों में चले या किसी साइकिल पर, अगर लड़के का रहने का सलीका अच्छा नहीं है तो महिलाएं उसकी ओर आकर्षित नहीं होगी। 2010 के एक शोध के मुताबिक, महिलाओं को अपनी उम्र से बड़े पुरुष पसंद आते हैं। मनोवैज्ञानिक फियोना मूर का कहना है कि जो महिलाएं आर्थिक रूप से ज्यादा स्वतंत्र हो जाती हैं, उन्हें शक्तिशाली और बड़ी उम्र के पुरुष आकर्षित करते हैं। महिलाओं की पसंद को समझना आसान तो नहीं है, लेकिन इतना मुश्किल भी नहीं है जितना आमतौर पर समझा जाता है। महिलाएं सीधी-साधी चीजों पर मरती है। लेकिन बात जब लड़का पसंद करने की होती है तो महिलाओं को सीधे-साधे पुरुष पसंद नहीं आते है। वैसे सच कहूं तो महिलाओं को पुरुष नहीं बल्कि उनकी पर्सनालिटी पसंद आती है। लड़कों की पर्सनालिटी ऐसी चीज है, जो महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। लड़कों की पर्सनालिटी के अलावा भी कुछ ऐसी चीजें हैं, जो महिलाओं को आकर्षित करती है।

दरअसल, बड़ी उम्र के पुरुषों में अनुभव ज्यादा है, जिससे महिलाएं आकर्षित होती है। महिलाओं के अनुसार, बड़ी उम्र के लोग समझदार और कॉन्फिडेंट होते हैं। इसके अलावा न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के 2013 के एक अध्ययन के अनुसार, महिलाओं को हल्की दाढ़ी वाले पुरुष सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं। हल्की दाढ़ी के अलावा साफसुथरे और आर्गनाइज वाले पुरुष भी महिलाओं को पसंद आते हैं। टॉक्सिक रिश्ते शारीरिक और मानसिक प्रताड़न से भरे होते हैं। इसलिए जब ये खत्म होते हैं तब हमारे दिल और दिमाग पर गहरे घाव देकर जाते हैं। ज्यादातर मामलों में ये घाव अंदरूनी होते हैं, जो जल्दी से किसी को नजर नहीं आते। टॉक्सिक रिश्ते के अंदरूनी घाव लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें अभिघातजन्य तनाव विकार (पीटीएसडी) हो सकता है। यह सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन हकीकत यही है कि कुछ टॉक्सिक रिश्ते लोगों को ऐसे लक्षणों के साथ छोड़कर जाते हैं, जो पूर्ण विकसित पीटीएसडी के समान होते हैं। चलिए आपको इन लक्षणों के बारे में बताते हैं।

टॉक्सिक रिश्ते से बाहर आने के बाद फिर से किसी व्यक्ति पर विश्वास करने में आपको समय लग सकता है, जो बेहद सामान्य बात है। लेकिन अगर आप आगे बढ़कर एक नए रिश्ते की शुरुआत कर चुके हैं और अपने पिछले बुरे अनुभवों की वजह से पार्टनर पर



नजर रख रहे हैं या फिर आपके लिए उनपर भरोसा करना मुश्किल हो रहा है तो हो सकता है कि आप क्ङ्ग्रस्ष्ठ की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा अगर आप अपने टॉक्सिक रिश्ते के लिए खुद को दोष देते हुए पाते हैं या आपको अपने एक्स को एक आखिरी मौका नहीं देना का पछतावा हो रहा है तो ये भी क्ङ्ग्रस्ष्ठ का एक संकेत हो सकता है। टॉक्सिक रिश्ते से निकलने के बाद कुछ समय तक लोग उन जगहों पर जाने से परहेज करते है, जहां उन्होंने अपने एक्स के साथ समय बिताया होता है। लोग ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि ये जगहें उन्हें एक्स की याद दिलाती है, जिसकी वजह से उनका दर्द भी ताजा हो जाता है। कुछ समय के लिए ऐसी जगहों पर जानें से आपको घबराहट हो सकती है, लेकिन लंबे समय तक आप इस समस्या से जूझ रहे हैं तो किसी एक्सपर्ट को जाकर दिखाने में भलाई है। टॉक्सिक रिश्ते से निकलने के बाद लोगों की भावनाएं ज्वालामुखी की तरह फूटती हैं। ऐसे लोग कभी भी रोने लगते हैं या कभी भी चिल्ला पड़ते हैं। भावनाओं को बाहर निकालना जरुरी है, लेकिन अगर आप अपने टॉक्सिक रिश्ते के बुरे अनुभवों को किसी पर चिल्लाने के लिए बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं तो ये एक चिंता की बात है। ऐसी परिस्थिति में जल्द से जल्द किसी एक्सपर्ट के पास जाकर अपने मानसिक स्वास्थ्य का इलाज करवाएं। टॉक्सिक रिश्ते से बाहर आने के बाद फिर से किसी व्यक्ति पर विश्वास करने में आपको समय लग सकता है, जो बेहद सामान्य बात है। लेकिन अगर आप आगे बढ़कर एक नए रिश्ते की शुरुआत कर चुके हैं और अपने पिछले बुरे अनुभवों की वजह से पार्टनर पर नजर रख रहे हैं या फिर आपके लिए उनपर भरोसा करना मुश्किल हो रहा है तो हो सकता है कि आप क्ङ्ग्रस्ष्ठ की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा अगर आप अपने टॉक्सिक रिश्ते के लिए खुद को दोष देते हुए पाते हैं या आपको अपने एक्स को एक आखिरी मौका नहीं देना का पछतावा हो रहा है तो ये भी क्ङ्ग्रस्ष्ठ का एक संकेत हो सकता है। टॉक्सिक रिश्ते से निकलने के बाद कुछ समय तक लोग उन जगहों पर जाने से परहेज करते है, जहां उन्होंने अपने एक्स के साथ समय बिताया होता है। लोग ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि ये जगहें उन्हें एक्स की याद दिलाती है, जिसकी वजह से उनका दर्द भी ताजा हो जाता है। कुछ समय के लिए ऐसी जगहों पर जानें से आपको घबराहट हो सकती है, लेकिन लंबे समय तक आप इस समस्या से जूझ रहे हैं तो किसी एक्सपर्ट को जाकर दिखाने में भलाई है। टॉक्सिक रिश्ते से निकलने के बाद लोगों की भावनाएं ज्वालामुखी की तरह फूटती हैं। ऐसे लोग कभी भी रोने लगते हैं या कभी भी चिल्ला पड़ते हैं। भावनाओं को बाहर निकालना जरुरी है, लेकिन अगर आप अपने टॉक्सिक रिश्ते के बुरे अनुभवों को किसी पर चिल्लाने के लिए बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं तो ये एक चिंता की बात है। ऐसी परिस्थिति में जल्द से जल्द किसी एक्सपर्ट के पास जाकर अपने मानसिक स्वास्थ्य का इलाज करवाएं। टॉक्सिक रिश्ते से बाहर आने के बाद फिर से किसी व्यक्ति पर विश्वास करने में आपको समय लग सकता है, जो बेहद सामान्य बात है। लेकिन अगर आप आगे बढ़कर एक नए रिश्ते की शुरुआत कर चुके हैं और अपने पिछले बुरे अनुभवों की वजह से पार्टनर पर नजर रख रहे हैं या फिर आपके लिए उनपर भरोसा करना मुश्किल हो रहा है तो हो सकता है कि आप क्ङ्ग्रस्ष्ठ की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा अगर आप अपने टॉक्सिक रिश्ते के लिए खुद को दोष देते हुए पाते हैं या आपको अपने एक्स को एक आखिरी मौका नहीं देना का पछतावा हो रहा है तो ये भी क्ङ्ग्रस्ष्ठ का एक संकेत हो सकता है। टॉक्सिक रिश्ते से निकलने के बाद कुछ समय तक लोग उन जगहों पर जाने से परहेज करते है

# डायबिटीज की कॉफी से समस्या होती है कम

## डिप्रेशन में लाभकारी है कॉफी



अध्ययनों से पता चलता है कि कॉफी, लिवर की सेहत को ठीक रखने में मददगार हो सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन दो कप कॉफी पीने से लीवर की बीमारी वाले लोगों में लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का जोखिम को हो सकता है।

फैटी लिवर की गंभीरता को कम करने में भी कॉफी के लाभ हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजाना तीन-चार कप कॉफी पीने से क्रोनिक लिवर डिजीज की समस्या को 71 फीसदी तक कम किया जा सकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि कॉफी पीने से अवसाद का खतरा कम हो सकता है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि दो कप कॉफी के सेवन से अवसाद के जोखिम को 8 फीसदी तक कम किया जा सकता है। कॉफी मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है और चिंता विकारों को कम करने में भी लाभकारी है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए कॉफी का संयमित सेवन फायदेमंद है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कॉफी पीने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम कम होता है। नियमित रूप से कॉफी का सेवन टाइप-2 डायबिटीज के विकास और इसकी जटिलताओं को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि रोजाना दो-तीन कप कॉफी टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 6 फीसदी तक कम कर सकती है। यह अग्न्याशय में बीटा कोशिकाओं के कार्य को बढ़ावा देने और इंसुलिन उत्पादन में भी फायदेमंद है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कॉफी पीने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम कम होता है। नियमित रूप से कॉफी का सेवन टाइप-2 डायबिटीज के विकास और इसकी जटिलताओं को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि रोजाना दो-तीन कप कॉफी टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 6 फीसदी तक कम कर सकती है। यह अग्न्याशय में बीटा कोशिकाओं के कार्य को बढ़ावा देने और इंसुलिन उत्पादन में भी फायदेमंद है। जॉन्स हॉप्किंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी लोगों के लिए आहार संबंधी दिशानिर्देश के अनुसार महिलाओं के लिए दिन में तीन से पांच कप कॉफी पीना सुरक्षित है, जिसमें अधिकतम 400 मिलीग्राम कैफीन होता है। लेकिन यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूरी है।

औसतन सभी के लिए दिन में दो-तीन कप को सुरक्षित माना जाता है। कॉफी, हमारे लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक इसको लेकर लंबे समय से चर्चा होती रही है। ज्यादातर अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि अगर संयमित मात्रा में कॉफी का सेवन किया जाए तो इससे कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। इतनी ही नहीं इसे लिवर की जटिलताओं को कम करने में भी लाभकारी पाया गया है। यानी कि फैटी लिवर और लिवर सिरोसिस जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करने में कॉफी आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन लोगों को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या है, उन्हें कॉफी पीने से इसकी जटिलताओं को कम करने में लाभ मिल सकता है। इससे पहले के अध्ययनों में भी कॉफी के नियमित सेवन को हृदय स्वास्थ्य, न्यूरोलॉजिकल विकारों और डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद बताया गया था। अध्ययनों से पता चलता है कि कॉफी, लिवर की सेहत को ठीक रखने में मददगार हो सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन दो कप कॉफी पीने से लीवर की बीमारी वाले लोगों में लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का जोखिम को हो सकता है। फैटी लिवर की गंभीरता को कम करने में भी कॉफी के लाभ हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजाना तीन-चार कप कॉफी पीने से क्रोनिक लिवर डिजीज की समस्या को 71 फीसदी तक कम किया जा सकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि कॉफी पीने से अवसाद का खतरा कम हो सकता है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि दो कप कॉफी के सेवन से अवसाद के जोखिम को 8 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

कॉफी मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है और चिंता विकारों को कम करने में भी लाभकारी है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए कॉफी का संयमित सेवन फायदेमंद है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कॉफी पीने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम कम होता है। नियमित रूप से कॉफी का सेवन टाइप-2 डायबिटीज के विकास और इसकी जटिलताओं को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि रोजाना दो-तीन कप कॉफी टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 6 फीसदी तक कम कर सकती है। यह अग्न्याशय में बीटा कोशिकाओं के कार्य को बढ़ावा देने और इंसुलिन उत्पादन में भी फायदेमंद है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कॉफी पीने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम कम होता है। नियमित रूप से कॉफी का सेवन टाइप-2 डायबिटीज के विकास और इसकी जटिलताओं को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है। अध्ययनों की एक समीक्षा में पाया गया कि रोजाना दो-तीन कप कॉफी टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 6 फीसदी तक कम कर सकती है। यह अग्न्याशय में बीटा कोशिकाओं के कार्य को बढ़ावा देने और इंसुलिन उत्पादन में भी फायदेमंद है। जॉन्स हॉप्किंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी लोगों के लिए आहार संबंधी दिशानिर्देश के अनुसार महिलाओं के लिए दिन में तीन से पांच कप कॉफी पीना सुरक्षित है, जिसमें अधिकतम 400 मिलीग्राम कैफीन होता है। लेकिन यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूरी है। औसतन सभी के लिए दिन में दो-तीन कप को सुरक्षित माना जाता है। कॉफी, हमारे लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक इसको लेकर लंबे समय से चर्चा होती रही है। ज्यादातर अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि अगर संयमित मात्रा में कॉफी का सेवन किया जाए तो इससे कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। इतनी ही नहीं इसे लिवर की जटिलताओं को कम करने में भी लाभकारी पाया गया है।

यानी कि फैटी लिवर और लिवर सिरोसिस जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करने में कॉफी आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन लोगों को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या है, उन्हें कॉफी पीने से इसकी जटिलताओं को कम करने में लाभ मिल सकता है। इससे पहले के अध्ययनों में भी कॉफी के नियमित सेवन को हृदय स्वास्थ्य, न्यूरोलॉजिकल विकारों और डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद बताया गया था।

# यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया को गिरफ्तारी से मिली राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा-विकृत मानसिकता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया को समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में उनकी अभद्र टिप्पणी के लिए फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सोमवार को रणवीर के खिलाफ मुंबई, जयपुर और गुवाहाटी समेत अन्य शहरों में दर्ज एफआईआर को एक साथ करने की उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई।

कोर्ट ने रणवीर से जांच में सहयोग करने को कहा है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्देश दिया कि शो के संबंध में अब कोई और प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी और रणवीर धमकियों के खिलाफ सुरक्षा के लिए पुलिस से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं।

इस दौरान कोर्ट ने कहा, लोकप्रिय होने का मतलब यह नहीं कि आप किसी भी चीज पर टिप्पणी कर सकते हैं! आप लोगों के माता-पिता का अपमान कर रहे हैं, बहन-बेटियां शर्मिंदा होंगी, पूरा समाज शर्मिंदा होगा।

कोर्ट ने कहा कि उसके (याचिकाकर्ता) दिमाग में बहुत कुछ गंदा है, जो उसने कार्यक्रम में उगल दिया, कोर्ट को उसका पक्ष क्यों लेना चाहिए? कोर्ट ने कहा, ये अश्लीलता नहीं तो और क्या है? आप अपनी अश्लीलता कभी भी दिखा सकते हैं, नीचता दिखा सकते हैं। यदि आप इस तरह की बातें कहकर सस्ता प्रचार पाने की कोशिश कर सकते हैं, तो हो सकता है कि अन्य लोग भी धमकियां देकर सस्ता प्रचार पाना चाहें। कोर्ट ने कहा कि उसे (रणवीर को) शर्म आनी चाहिए कि उसने अपने माता-पिता के साथ क्या किया है।

पीठ ने कहा, हम सभी यह भी जानते हैं कि उसने कहां से नकल की है, हम हाथी दांत के टॉवर में नहीं बैठे हैं, हम जानते हैं कि उसने इसे ऑस्ट्रेलियाई शो (ट्रुथ ऑर ड्रिंक) से सीखा है। कोर्ट ने कहा कि इससे रणवीर की विकृत मानसिकता का पता चलता है।

यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और बियरबाइसेप्स से मशहूर रणवीर ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो में एक प्रतिभागी से सवाल पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन संबंध बनाते हुए देखेंगे या एक बार इसमें शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोक देंगे?

उनके इस सवाल पर लोग भड़के हुए हैं। हालांकि, उन्होंने माफी भी मांग ली, लेकिन कई शहरों में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

# दोषी करार दिए गए सज्जन कुमार की सजा पर कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट मंगलवार को 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुनाएगा। स्पेशल जज कावेरी बावेजा सजा देने के मामले पर सुनवाई करेंगी। इससे पहले कोर्ट ने 31 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला 1 नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने पीड़ितों के राज नगर इलाके स्थित घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व



सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद थे।

शिकायत के मुताबिक, सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया। इसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया। भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2018 को दिल्ली सिख दंगों के एक दूसरे मामले में बलवान खोखर और सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## क्विक न्यूज

### दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**कोरबा।** दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय, कोरबा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल से गीत संगीत गाकर शिक्षकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रीता क्षेत्रपाल ने बच्चों को शिक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए भी बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई में निपुर्ण होकर जीवन के हर आनंद का लाभ लेने का सुझाव दिया। कक्षा 12वीं के छात्रों ने सांकेतिक भाषा में अपने विचार विद्यालय के प्रति अभिव्यक्त किया और यहां से सीखी बातों को जीवन में अमल करने का आश्वासन दिया।

### ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शराब बेचना पड़ा महंगा

**कोरबा।** प्रतिबंध के बावजूद ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के दिन शराब बेचना ,पिलाना भारी पड़ गया। पताढ़ी लैंको गेट के सामने स्थित ढाबा को प्रशासन ,पुलिस,आबकारी की टीम ने सील कर दिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नायब तहसीलदार बरपाली के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। जिले में कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सोमवार को प्रथम चरण के मतदान दिवस हेतु लागू शुष्क दिवस (ड्राई डे )में पताड़ी लैंको गेट स्थित सुभाष ढाबा में शराब बेचने और पिलाने की शिकायत मिली। प्राप्त शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार बरपाली चंद्रभूषण चंद्रा के नेतृत्व में थाना उरगा और आबकारी वृत्त दक्षिण के सयुक्त टीम द्वारा जांच कर आबकारी अधिनयम की धारा 36(क) के तहत कार्यवाही की गई ।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पहले चरण में जिले में हुआ 81.47 प्रतिशत मतदान

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत प्रथम चरण का मतदान जिले के कांकेर, चारामा एवं नरहरपुर जनपद पंचायतों में कुल 81.47 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के उपरांत जनपद पंचायत कांकेर में 83.25 प्रतिशत, चारामा में 81.43 प्रतिशत और नरहरपुर में 79.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इन विकासखण्डों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत कुल 237229 मतदाताओं में से 193282 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ पहले चरण का मतदान

एजेंसी

**कोरबा।** कोरबा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में जिले के दो जनपद कोरबा एवं करतला में त्रिस्तरीय पंचायत पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वोटों की गिनती की जा रही है। मतदान के दौरान कहीं भी किसी भी तरह की अप्रिय घटना अथवा मतदान में व्यवधान की सूचना नहीं मिली है।

स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 बजे तक कोरबा जनपद में 72.47 प्रतिशत तथा करतला जनपद में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोनों ब्लॉक में कुल 02 लाख 28 हजार 07 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान हेतु कोरबा ब्लॉक में 224 एवं करतला ब्लॉक में 263 सहित कुल 487 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जनपद कोरबा में कुशलता पूर्वक मतदान कराने हेतु रिजर्व दल सहित 1198 एवं करतला जनपद में 1386 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में कोरबा व करतला जनपद में मतदान को लेकर मतदाताओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान करने को लेकर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारे दिखाई दी। लोग पंचायत पदाधिकारियों के चुनाव में मतदान करने के लिए कतारों में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते रहे। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह था। आम मतदाताओं के साथ ही वयोवृद्ध, बुजुर्ग, दिव्यांग युवा सहित अभी उम्र के मतदाता अपना वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे।

# बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के असर से शुरू हुई बारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके चलते आज कई राज्यों में सुबह हुई बारिश से मौसम पलट गया है।

इसके साथ ही कुछ जगह कोहरा भी देखने को मिल रहा है, जिससे जाती हुई सर्दी फिर से लौट आई है। इसके अलावा आज कई जगह बादल छाए रह सकते हैं।

20 फरवरी तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा और तापमान में गिरावट के कारण ठंड़ एक बार फिर जोर पकड़ेगी।

राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे तापमान पर आज ब्रेक लग गया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में राजधानी जयपुर में आज सुबह हल्की बारिश से मौसम फिर से ठंड़ा हो गया।

मौसम विभाग ने 11 जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। 20 फरवरी तक उत्तर-पश्चिमी व



उत्तरी हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ बारिश होने के आसार हैं।

प्रदेश में सोमवार को सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 35.0 डिग्री दर्ज किया गया।

देश की राजधानी दिल्ली में भी बढ़ रहे तापमान से गर्मी महसूस कर रहे लोगों को पश्चिमी विक्षोभ से राहत मिलने की संभावना है।

19 फरवरी को यहां अंधड़ के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। इसके अलावा 20 फरवरी को बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

इससे तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। आज अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री तक रह सकता है।

उत्तर प्रदेश में भी मौसम पलट सकता है। यहां आज बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने के संकेत हैं।

अगले 2 दिन में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादलों की आवाजाही के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है।

स्काईमेट के अनुसार, 18 से 20 फरवरी तक तेज हवाओं के साथ पश्चिमी हिस्से समेत कुछ मध्य भाग में बारिश की संभावना बन सकती है। जहां मौसम शुष्क रहेगा, वहां सुबह कोहरा छाने के साथ गलन रहेगी।

हिमाचल प्रदेश में आज कुल्लू, मनाली, रोहतांग और अटल टनल समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। प्रदेश में कई जगह तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है।

दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर में बारिश नहीं होने से अधिकतम तापमान बढ़ता जा रहा है।

घाटी में एक तरफ जहां न्यूनतम तापमान शून्य के नीचे दर्ज हो रहा है, वहीं अधिकतम तापमान 18 डिग्री तक पहुंच गया है, जो सामान्य से 7.6 डिग्री अधिक है।

## अभियान के दूसरे चरण में आज मुड़ापार व कैलाशनगर वार्ड में चलाई गई वृहद स्वच्छता ड्राईव

एजेंसी

**कोरबा।** स्वच्छता महाअभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन कल निगम के रविशंकर नगर जोन अंतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़कों के किनारे उगी बर्म, झाडी की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव एवं परिवहन सहित सड़क रोशनी, पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया गया, वहीं सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव तथा सार्वजनिक स्थल पर गदंगी करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर संबंधितों पर अर्थदण्ड भी लगाया गया।

यहाँ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में क्रमशः स्वच्छता का महाअभियान चलाकर विशेष साफ-सफाई के कार्य कराए जा रहे हैं, प्रथम चरण में 25 जनवरी से 06 फरवरी तक यह अभियान विभिन्न वार्डो में चलाया गया, जिसके तहत परिवहन नगर, पाड़ीमार 01, नेहरूनगर, पाड़ीमार 02, पुरानी बस्ती, कांशीनगर, पम्प हाउस, सर्वमंगला नगर आदि वार्डो की विभिन्न बस्तियों, पारों, मोहल्लें, मुख्य मार्गो व संपर्क सड़कों में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए थे। आज 17 जनवरी से स्वच्छता महाअभियान का अगला चरण फिर से प्रारंभ किया गया तथा निगम के रविशंकर जोनांतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर वार्ड में स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य किए गए, इस दौरान निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, सतानंद द्विवेदी आदि सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों स्वच्छता मित्रों, सफाई कर्मचारियों ने अभियान में अपनी सहभागिता दी।

# घंटाघर परिसर में मुस्कुरा रहे रंग बिरंगे फूल, फेंसिंग कर परिसर को किया गया सुरक्षित

एजेंसी

**कोरबा।** शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में अब रंगबिरंगे फूल अपनी मुस्कुराहट बिखेर रहे हैं, अव्यवस्थित हो रहा उक्त परिसर अब व्यवस्थित होने की ओर अग्रसर हो चुका है, विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों से युक्त घंटाघर परिसर की सुरक्षा हेतु लोहे की जाली से फेंसिंग की जा चुकी है ताकि पेड़-पौधों एवं परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-अतिक्रमण मुक्त कोरबा की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जहाँ एक ओर शहर की सड़कों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की ठोस कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। एक ओर जहॉ लघु उद्यानिकी एवं फूलदार पेड़-पौधों का रोपण कर चैक-चैराहों, सड़कों, डिवाईडरों व फुटपाथ को संवारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई, पर्यावरण व जल संरक्षण आदि के स्लोगन का दीवाल लेखन कर आमजन तक सकारात्मक संदेशों का प्रेषण करने के साथ ही सौदंर्यीकरण को भी आयाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अव्यवस्थित हो रहे शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों का रोपण निगम द्वारा किया गया है, परिणाम स्वरूप अब उक्त परिसर में रंगबिरंगे फूल खिलते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं, जो बरबस ही लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश पर मजबूत लोहे की जाली से घंटाघर परिसर की फेसिंग भी की गई है, ताकि फूलदार पेढ़-पौधों व परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## विजय आभार रैली का नगर में जगह-जगह विभिन्न संगठनो ने किया स्वागत और अभिन्दन

एजेंसी

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद विजय आभार रैली में नगर विद्यायक सह प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत सहित अन्य ने शहर की जनता, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं समर्थन देने वाले सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत जनता के अपार विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के डबल इंजन सरकार की विकास परक नीतियों और एक साल में 400 करोड़ के कार्यों का प्रमाण है। यह चुनावी परिणाम केवल एक जीत नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है। उनकी नीतियां और कार्यप्रणाली जनता के हितों के विपरीत रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप जनता ने उन्हें नकार दिया है।

इस अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, देवेंद्र पांडेय, वार्ड क्रमांक 18 के निर्विरोध निर्वाचित पार्षद नरेंद्र देवांगन, वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र पाटनवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, डॉ. राजेश राठौर, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, वैभव शर्मा, अनिल यादव, विशाल सचदेवा, अभिषेक पालीवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आभार रैली में पुराना बस स्टैंड में वार्ड क्रमांक 6, 7 सहित अन्य के पार्षद नूतन सिंह, धनश्री साहू व भाजपा के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत भावुक हो गईं।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में बिछ गईं लाशें, आतंकियों ने 64 वाहनों के काफिले को बनाया निशाना

एजेंसी

**पेशावर।** पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी से एक दिन पहले बड़ा आतंकी हमला हुआ है। अज्ञात बंदूकधारियों ने अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाया। इस हमले में चार जवानों की जान जा चुकी है। पांच अन्य घायल हैं। आतंकवादियों ने यह हमला पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित जिले कुर्रम में किया है। कुर्रम में पिछले साल शिया और सुन्नी समुदाय के बीच हिंसा भड़की थी। अफगानिस्तान सीमा के करीब बसे इस जिले में हिंसा का लंबा इतिहास है।

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार देर रात को लोअर कुर्रम के ओचित क्षेत्र में अर्धसैनिक बल कुर्रम मिलिशिया दस्ते पर घात लगाकर हमला किया। इससे पहले दिन में आवश्यक सामग्री ले जा रहे एक काफिले पर भी घात लगाकर हमला किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां



एक घायल की हालत नाजुक है।

सांप्रदायिक हिंसा प्रभावित कुर्रम जिला पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पड़ता है। यहां सहायता काफिले पर हुए हमले में एक ट्रक चालक की मौत हुई है और 15 अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार कल देर रात एक और घायल की मौत हो गई। अब मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

अधिकारियों के मुताबिक काफिला थल से कुर्रम जा रहा था। रास्ते में कई स्थानों पर काफिले को निशाना बनाया गया। काफिले में कुल 64 वाहन शामिल थे। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर पूरे काफिले को वापस हांगू की ओर मोड़ने का आदेश दिया।

कुर्रम में पिछले कई सालों से जनजातीय और सांप्रदायिक हिंसा का दौर जारी है। नवंबर 2023 में यहां विकराल हिंसा भड़की थी। पुलिस के दो काफिलों को निशाना बनाया गया था। इसमें 40 लोगों की जान गई थी। तब से यहां अलग-अलग घटनाओं में 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। पिछले साल 21 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच कुर्रम में सांप्रदायिक झड़पों में 133 लोगों की मौत हो चुकी है।


# जेलेंस्की के साथ बात करने के लिए राष्ट्रपति पुतिन तैयार

# रूस का बड़ा बयान, ट्रंप पर टिकी दुनिया की नजर

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को तीन साल से अधिक का समय हो गया है। दोनों देशों के बीच जारी इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस बीच रूस की ओर से एक बड़ा बयान सामने आया है।

दरअसल, क्रेमलिन ने कहा कि अगर आवश्यकता पड़ती है तो रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के जेलेंस्की के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब में रूस-अमेरिका वार्ता से व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच संभावित बैठक पर अधिक स्पष्टता मिल सकती है, लेकिन इस सवाल पर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। बता दें कि यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब शीर्ष रूसी और अमेरिकी राजनयिक



आज सऊदी अरब में बैठक कर रहे हैं जिसका उद्देश्य यूक्रेन में वर्षों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करना है।

जानकारी दें कि यूक्रेन युद्ध की समाप्ति की प्रक्रिया में सऊदी अरब की राजधानी रियाद महत्वपूर्ण स्थल बन सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो रियाद और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव भी देर रात रियाद पहुंचे। आज यानी मंगलवार को अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री बैठकर शांति वार्ता की रूपरेखा तैयार करेंगे। इस बैठक में यूक्रेन युद्ध खत्म करने और अमेरिका-रूस संबंधों की बाधाओं को हटाने के तरीकों पर विचार होगा। 2022 में यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका ने रूस पर तमाम प्रतिबंध लगाए थे जिससे दोनों देशों के सामान्य संबंध भी खत्म हो गए थे।

बता दें कि 12 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेढ़ घंटे तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर वार्ता कर संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। ध्यान देने वाली बात है कि सऊदी अरब में आज रूस-अमेरिका की बैठक में यूक्रेन युद्ध एजेंडे में सबसे ऊपर है, हालांकि यूक्रेनी राजनयिकों के लिए कोई सीट नहीं है।

## टोरंटो एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, लैंडिंग के वक्त बर्फीली जमीन पर पलटा विमान, 80 लोग थे सवार

**ओंटारियो।** कनाडा के पीयरसन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ा हादसा देखने को मिला है। लैंडिंग के दौरान डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दरअसल, विमान जैसे ही लैंडिंग के लिए उतरा बर्फीली जमीन होने के कारण वो पलट गया। हादसे में 19 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। एयरपोर्ट ने एक्स पर पुष्टि की कि मिनियापोलिस से डेल्टा की उड़ान के साथ एक 卐घटना卐 हुई और 76 यात्री और चार चालक दल के सदस्य घायल हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में 19 लोग घायल हुए हैं। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई गई है, जबकि अन्य सात को हल्की चोटें आई हैं। मिनियापोलिस से आई इस फ्लाइट में सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। एबीसी न्यूज से बात करने वाले सूत्रों के अनुसार, विमान के पलटने और आग लगने के कारणों सहित दुर्घटना के कारणों की अभी भी जांच की जा रही है। क्रैश लैंडिंग के बाद, टोरोंटो पीयरसन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने कहा कि घटना के तुरंत बाद आपातकालीन टीमें बचाव अभियान में जुट गईं। एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए एयरलाइन ने लिखा, 卐टोरंटो पियरसन को मिनियापोलिस से आने वाले डेल्टा एयरलाइंस के विमान के लैंडिंग के दौरान हुई घटना की जानकारी है। आपातकालीन टीमें प्रतिक्रिया दे रही हैं। सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

# परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाले के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई : डीएम

**हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा संचालित (हाईस्कूल/इण्टर) परीक्षा वर्ष-2025, 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 के मध्य में दो पालियों में (प्रथम पाली समय-प्रातः 8:30 बजे से 11.45 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक) की अवधि में आयोजित होगी। कक्षा-10 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 74938, कक्षा-12 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 80164, वर्ष 2025 में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 155102 है। कुल 218 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट 06, सेक्टर मजिस्ट्रेट 23 एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट 218 तैनात किये गये हैं। जनपद में सवेंदनशील 24 तथा अतिसंवेदनशील 13 परीक्षा केन्द्र है। परीक्षा कन्ट्रोल रूम का गठन कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर में किया गया है। परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण के लिए 06 सचल दस्ते बनाए गये है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण ढंग से संपादित करायी जाए और परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाले तथा कराने का प्रयास करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान भ्रम फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में परिवहन, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। परीक्षा केन्द्र के आस पास साफ-सफाई कराना सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केन्द्र के पास फोटोकापी की दुकाने संचालित नही की जाएंगी। परीक्षा में लगे सभी लोगो के पहचान पत्र जारी करने के भी निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप नकलविहिन परीक्षा सम्पन्न करायी जाएगी। जिसके लिए जनपद की एलआईयू, उड़नदस्ता विडियो सर्विलांस टीम के साथ अन्य ऐजेन्सिया भी सक्रिय रहेंगी। उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अधीनस्थों के स्तर से गड़बडी होने पर भी क्रेन्द्र व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी इसके लिए अपने अपने अधीनस्थो को भी शासन के मंशा से अवगत करा दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक शहर अरविन्द वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, सहित केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मटरूगंज निकट ऊंची गोदाम पर निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही पटेल होमियो सेंटर का भव्य उद्घाटन पूर्व केंद्रीय होम्योपैथिक सदस्य डॉक्टर भक्त वत्सल एवं चेयरमैन दी। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफइंडिया, वूमेन्स विंग उत्तर प्रदेश डॉ नेहा दूबे के कर कमलो द्वारा हुआ। उक्त अवसर पर डॉक्टर भक्तवत्सल ने कहा कि होम्योपैथी से जटिल से जटिल रोगों का निदान संभव है, इस तरह के निःशुल्क चिकित्सा शिविर अनवरत लगाते रहना चाहिए। इसी क्रम में डॉक्टर नेहा दुबे ने कहा कि आज होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। होम्योपैथी एक सरल, सहज एवं सुरक्षित उपचार है। कार्यक्रम में जिले के हमाई अध्यक्ष डॉ देवेश दूबे ने कहा कि होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर हैनेमन ने हमें होम्योपैथी के रूप में एक अमृत कलश प्रदान किया है जो असाध्य रोगों को जड़ से समाप्त करती है। इस तरह के आयोजन से सुदूर क्षेत्रों के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है। शिविर में जिले के ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉक्टर देवेश दुबे , डॉक्टर एस सी सैनी, मो0 अफ़ज़ल, डॉ अखिलेश, डॉक्टर एचपी त्यागी, वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ एस के यादव, रणजीत सिंह एवं राजनाथ यादव ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग ढाई सौ मरीजों का इलाज किया गया एवं निशुल्क दवा वितरण की गई। शिविर में चर्म रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, लकवा, स्त्री रोग, बवासीर, जोड़ों का दर्द, स्याटिका एवं अनेक असाध्य रोगों का इलाज किया गया। शिविर में रेडिएंट फार्मा से उपस्थित सत्यपाल सिंह ने दवा वितरण में योगदान दिया।

## मरीज को रेफर करने को लेकर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि व डाक्टर में हुई नोंकझोंक

**खुटहन (जौनपुर)** सीएचसी पर उपचार हेतु मंगलवार को एक मरीज को लेकर आये पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के वाहन चालक और चिकित्सक से हुई कहासुनी के मामले में सीएचसी पहुंचे प्रतिनिधि और डाक्टर के बीच उक्त मरीज को रेफर करने की बात को लेकर जमकर नोंकझोंक हुई। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि का का आरोप था कि मरीज का न तो उपचार किया जा रहा है।न ही उसे रेफर किया गया। वहीं चिकित्सक का आरोप है कि उनके चालक ने उन्हें अस्पताल से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दिया है। बनुआडीह गांव निवासी रवी यादव काफी दिनों से पेट दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव के वाहन से उसे सीएचसी लाया गया। डाक्टर का आरोप है कि मरीजों की लाइन में खड़े वाहन चालक ने उनसे मरीज को तत्काल राम मनोहर लोहिया लखनऊ में रेफर करने को कहा। जिसको लेकर कहासुनी होने पर उसने अस्पताल से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दिया। बाद में अस्पताल पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव से भी चिकित्सक से नोंकझोंक हो गई। उनका आरोप है कि उक्त चिकित्सक के द्वारा उपचार न कर मरीजों को परेशान किया जा रहा है।

# विश्वविद्यालय में वीर बहादुर सिंह को किया गया नमन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह की जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नमन किया।परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वीर बहादुर सिंह ने सदैव लोकहित में कार्य किया। जौनपुर जनपद में स्थापित विश्वविद्यालय की स्थापना में उनके अद्वितीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यवाहक वित्त अधिकारी प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह जी के जीवन में समय का बड़ा महत्व था उन्होंने अपने जीवन में समय को बहुत ही महत्वपूर्ण माना। वह समय से अपने कार्यालय पहुंचते थे।अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह जी ने पूर्वांचल के विद्यार्थियों में ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल की वृद्धि के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना की। जो आज अड़तीस वर्षों में शिक्षण-प्रशिक्षण, विज्ञान, साहित्य, कला और अन्य विधाओं में उच्चस्तरीय शोध केंद्र की भूमिका निभा रहा है तथा यहां से ज्ञान प्राप्त कर विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान प्रमुखता से दे रहे हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह जी की प्रतिमा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित है जो सदैव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करती है। इस अवसर पर प्रो.संदीप सिंह,प्रो. देवराज, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. नूपुर तिवारी, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरधर मिश्र, उप कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, डॉ. मनीष गुप्त,डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ.प्रमेंद्र विक्रम सिंह,डॉ. पुनीत धवन, डॉ. धीरेंद्र चौधरी,कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव,राज नारायण सिंह,संतोष उपाध्याय, सुशील प्रजापति,जितेंद्र पाण्डे,शील निधि सिंह, समेत लोग उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करके जमीन बैनामा करने वाला गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर पूर्व की घटनादृ वादी मुकदमा नियाज अहमद पुत्र शरीफअहमद निवासी ग्राम खुदादपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ द्वारा स्वयं की जमीन को बल पूर्वक नाजायज कब्जेदारी हेतु मु.याकूब पुत्र मुनसफी, वसीम अहमद पुत्र मोईन, आलम पुत्र याकूब निवासीगण ग्राम बनकट थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ व चन्द्रशेखर पुत्र महेश निवासी आलमपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ द्वारा कूटरचना के माध्यम से नियाज अहमद के भूमि का मु. याकूब पुत्र मुनसफी के नाम का एग्रीमेन्ट टू सेल का अभिलेख तैयार कर लिये। जिसके पश्चात मो.याकूब द्वारा अपने साथी वसीम अहमद पुत्र मोईन निवासी ग्राम बनकट थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ को एग्रीमेन्ट कर दिये। उक्त एग्रीमेन्ट के गवाह अभियुक्तगण आलम पुत्र याकूब, व चन्द्रशेखर पुत्र महेश है। घटना उपरोक्त के बावत थाना मुबारकपुर पर मु.अ.सं. 76, 2023 धारा 420, 467,468,471 भादवि बनाम मु.याकूब पुत्र मुंसफी निवासी ग्राम बनकट थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ अन्य 04 नफर अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत है जिसकी विवेचना उ.नि. धर्मराज यादव द्वारा प्रचलित है।

प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर निहार नन्दन कुमार के निर्देशन मे उ.नि. धर्मराय यादव मय हमराब पुलिस बल के बनकट बाजार मे मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर गुलउर बाजार शिवमंदिर के पास से मुखबिर की निशांदेही पर वांछित अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र महेश निवासी आलमपुर थाना मुबारकपुर गिरफ्तार कर लिया गया। नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिया के पास मिला युवक शव

**आजमगढ़।** जनपद के मेंहनगर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव स्थित माइनर के समीप पुलिया के पास मंगलवार को सुबह 6.30 बजे युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। युवक की पहचान भोरमपुर निवासी 30 वर्षीय विक्की यादव पुत्र राजमनी यादव के रूप में हुई। लोगों ने मृतक स्वजन व मेंहनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही मेंहनगर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतक एकलौता संतान था। वह बंगाल प्रांत में ट्रक चालक था। एक सप्ताह पूर्व घर आया था। सोमवार को रात्रि शराब का सेवन कर घर पहुँचा तो पत्नी सरोजा देवी फटकार लगाने लगी जिसे नागवार लगा तो पत्नी को मारने पीटने लगा, जिससे पत्नी को चोटे आ गई। पिता द्वारा डांट फटकार लगाने पर नाराज होकर घर से निकल गया। पूरी रात घर नहीं आया। मंगलवार को सुबह दौलतपुर गांव स्थित माइनर पुलिया के पास उसका शव मिला। मृतक के दो पुत्र, एक पुत्री है। इस बाबत थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर मर्चरी हाउस भेज दी गई।

# वरिष्ठ नागरिक के सम्मान समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** आल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद का वार्षिक सम्मेलन/ शैक्षिक संगोष्ठी वरिष्ठ नागरिक के सम्मान समारोह का आयोजन द ब्लू वर्ड रेजार्ट प्राचीन रेस्टोरेन्ट में आयोजित किया गया। जिसमें परिषद दवारा गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्माणाधीन इंग्लिश मीडिएम विद्यालय की प्रगति पर विचार किया गया। साथ ही परिषद द्वारा सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षकगणों को सम्मानित किया गया है जिसमें उन्हें एक सॉलें, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। साथ ही उन्हें ऊर्जावान बनाये रखने हेतु परिषद में राष्ट्रीय प्रचारक के कार्यक्रम को प्रारम्भ करते हुये बुद्ध वंदना का पाठ किया गया। प्रयास करने पर जोर दिया गया। दद्ध प्रसाद, पूर्वे कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा वन नेशन, वन एजुकेशन पर बल देते हुये विद्यालय के भवन निर्माण हेतु दो लाख रुपये की भवन निर्माण सामग्री देने की घोषणा की गयी। गंगासागर केंवट जनपद सतना (म0प्र0) द्वारा विद्यालय निर्माण हेतु एक लाख का चेक प्रदान किया गया। मो0 असफाक आलम से0नि0 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 हजार रूपये भवन निर्माण हेतु देने की घोषणा की गयी। मोरध्वज खुराना, प्रधान प्रतिनिधि/ अधिवक्ता दवारा 20 हजार रूपये भवन निर्माण हेतु देने की घोषणा की गयी। चुनवाद बाबू श्रीवास से0नि0 द्वारा 11 हजार रूपये भवन निर्माण हेतु देने की घोषणा की गयी।इस अवसर पर एम0एल0वर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जनपद न्यायालय बांदा द्वारा सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। राज बहादुर यादव परीक्षा नियंत्रक बन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी, दवारिकेश यादव मण्डेला, अध्यक्ष बार एसोसिएशन, बांदा दद्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग को बाबा साहेब एवं बुद्ध के विचारधारा पर चलने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही मण्डेलाजी द्वारा विद्यालय निर्माण हेतु भरपूर मदद करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर रोआब आलम, पूर्व महासचिव, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, बांदा द्वारा 2 ट्रक बालू विद्यालय निर्माण हेतु देने की घोषणा की गयी। इस अवसर पर बांदा जनपद के अलावा जनपद महोबा, झॉसी, हमीरपुर, चित्रकूट के सदस्य भी अपने अपने विचार व्यक्त किये गये। करीब एक हजार सदस्यों द्वारा इस विद्यालय के निर्माम हेतु संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश साहिल, शिक्षक दवारा किया गया। इस अवसर पर डीके वर्मा, प्रान्तीय संयोजक सत्य स्वरूप सदस्य राष्ट्रीय कोरटीम, सुरेश कुमार राजा, रामकेश, शमीम एड0, अब्दुल वहीद सिद्दिकी, आशीष गुप्ता, अखिलेश प्रकाश, अध्यक्ष दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, धीरज निगम, मनोज कुमार, पवन कुमार झांसी, बृजमोहन महोबा व बहुत से गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्धि ने वाराणसी मंडल जूनियर में आयोजित जूडो ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जौनपुर की तरफ से जीता गोल्ड मेडल

**जौनपुर (धर्मापुर)** वाराणसी मंडल जूनियर में जूडो ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जौनपुर जिले के तरफ से प्रदर्शन करने वाली धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर गांव निवासी सिद्धि निषाद ने गोल्ड मेडल जीता। बता दें कि वाराणसी में मंगलवार को वाराणसी मंडल जूनियर के अंतर्गत जूडो ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन था, जिसमें जनपद की तरफ से धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर गांव निवासी 12 वर्षीय सिद्धि निषाद प्रदर्शन करने गई थी। सिद्धि ने जिले की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस वाराणसी मंडल जूनियर जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत लिया। जिससे जनपद के साथ-साथ धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र का भी नाम रोशन हुआ। मंगलवार को सिद्धि जब वाराणसी से अपने घर मोहिउद्दीन पुर पहुंची तो प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव फौजी ने सिद्धि को पुष्प गुच्छ देकर और पुरस्कृत करते हुए गांव के तरफ से उसका स्वागत किया। प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव फौजी ने उसके पिता सुदर्शन निषाद से वादा किया कि वह हमेशा हर स्तर से सिद्धि के आगे बढ़ने में सहयोग करते रहेंगे।

### टीडी कॉलेज में स्मार्ट फोन, टैबलेट का वितरण संपन्न



**जौनपुर।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट एवं टेबलेट वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर के. पी.सिंह के द्वारा संपन्न हुआ। स्मार्टफोन वितरण शासन के महत्वाकांक्षी योजना का प्रमुख अंग है जिससे विद्यार्थियों को डिजिटल युग में अपने को शिक्षित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि आने वाला समय डिजिटल युग का है समाज में विद्यार्थियों को को पारंगत बनना है। प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि शासन के समस्त योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जाता है। स्मार्टफोन वितरण समारोह को प्रोफेसर विजय कुमार सिंह , प्रोफेसर हिमांशु सिंह ने भी संबोधित किया नोडल ऑफिसर डॉक्टर रमेश कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियो को स्मार्टफोन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने एवं आभार प्रोफेसर सुदेश कुमार सिंह ने व्यक्त किया।

### बूथ पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

**खुटहन(जौनपुर)** गभिरन गांव में प्रधान पद के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय से रवाना होकर बूथ पर पहुंच गई। मतदान बुधवार को होगा। बीडीओ गौरवेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त गांव में प्रधान पद के उपचुनाव की सारी तैयारियां कर लिया गया है। गांव के प्राथमिक विद्यालय पर कुल तीन बूथ बनाया गया है। उक्त गांव की महिला प्रधान का लगभग पांच माह पूर्व असामयिक निधन के बाद से उक्त सीट रिक्त चल रही थी। प्रधान पद को लेकर तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।

### पिता ने लगाई से सरकार गुहार

**आजमगढ़।** जनपद के मुबारकपुर थाना अंतर्गत देवकली तारन गांव निवासी रोहित दुबे अपने परिवार के भरण पोषण के लिए किसी कंपनी के माध्यम से 26 अक्टूबर 2024 को कुवैत गया हुआ है जहां उसको जिस काम में भेजा गया था उसके बदले उसे दूसरा काम दे दिया गया है जिसको वह करने में असमर्थ है और वहां 18 घंटे की उससे ड्यूटी ली जा रही है। स्वास्थ्य चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है। खाना भी समय से नहीं मिलता जिसको लेकर रोहित दुबे अपने पिता से रो रो कर अपना हाल बताया।

## शिव के अमृत मंथन पर नृत्य और नाट्य का हुआ समागम

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज की धरती महाकुम्भ 2025 में विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक मेले की गवाह बनी, अब तक 54 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम के घाटों पर स्नान कर सनातन संस्कृति को चहुंओर प्रसारित किया। सोमवार को महाकुंभनगर स्थित गंगा पण्डाल में शिव स्तुति के साथ शिव के विभिन्न स्वरूपों और प्रसंगों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति के रूप में मांगूड़ी दोरई राजा अय्यर की शिष्या और देश विदेश में भरतनाट्यम और मंदिरों में किये जाने वाले विशेष नृत्य ÷सुधा नृत्यम÷ से अपनी पहचान बना चुकी रेवती राम चंद्रम ने अपने नृत्य प्रदर्शन से सभी का मन मोहा। तमिलनाडु राज्य द्वारा कलाईममानी पुरस्कार से सम्मानित अर्शकला भूषणं जैसे अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित रेवती जी ने अपने प्रथम कार्यक्रम में शम्भू नृत्यम कर सभी का मन मोहा। उसके बाद उन्होंने भगवान महादेव के डमरू को साक्षात कर नट राजा का प्रदर्शन किया। उसके बाद अपने गुरु मांगूड़ी दोराईराजा अय्यर द्वारा निर्देशित नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उसके बाद दूसरी प्रस्तुति के रूप में भरतनाट्यम में देश विदेश में अपने 28 नृत्य नाटकम से भारतीय संस्कृति का प्रसार करने वाली तथा अमेरिका से संस्कृति में एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित तथा भारत कला भूषण से सम्मानित अनीथा गुहा ने अपने नृत्य संयोजन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान शिव को समर्पित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सबसे पहले भगवान शिव को प्रणाम करते हुए उनकी स्तुति ÷शंकरने पोटरी पोटरी÷ का भावपूर्ण प्रदर्शन किया। उसके बाद अमृत मंथन तथा उसमें निकलने वाले कालकूट विष का भगवान भोलेनाथ द्वारा अपने कंठ में भरने का मंचन किया जिससे देखकर सभी विभोर हो गए। अन्य कार्यक्रम में उन्होंने शंकरा श्रीगिरी, अर्धनारीश्वर और पंच सीवन का भरतनाट्यम के माध्यम से नृत्य मंचन किया।

# आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष ने किया रक्तदान




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ज़ाहिदा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज के फाउंडर जनाब तारिक खान साहब की तरफ से आफताब अहमद साहब की अध्यक्षता मे रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अकादमिया एवं ब्लड बैंक नाज़ हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन नूर उल्लाह रोड इस्थित शगुन पैलेस मे किया गया। जिसमे शहर के काफी लोगों ने हिस्सा लिया। इस समाजिक कार्यक्रम को सफल बनाने मे शगुन पैलेस के ओनर शाहिद कमाल उर्फ़ बबलू, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉक्टर सय्यद नाज़िम अहमद, डॉक्टर फ़िरोज़ उद्दीन, डॉक्टर नाज़ फातिमा, आफताब अहमद, शम्स तबरेज, अशरफ, डॉक्टर अफ़रोज़ जहाँ, इश्तियाक सिद्दीकी आदि का योगदान रहा। लोगों ने ब्लड डोनेट करके सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया। प्रोग्राम मे आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक व अध्यक्ष एवं करेली ग्रुप के फाउंडर अशफ़ाक़ अहमद सिद्दीक़ी ने भी रक्तदान करके हिस्सा लिया। शहर के जाने माने डॉक्टर नाज़िम साहब ने अपने हाथों से अशफाक अहमद सिद्दिकी व अन्य साथियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अशफाक अहमद सिद्दीकी उच्च न्यायालय मे सहायक निबंधक के पद पर कार्यरत हैं और समाज सेवा करने मे बढ़ चढ़ कर हमेशा आगे रहते हैं और लोगों को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। अध्यक्ष ने प्रोग्राम मे शामिल सभी सम्मानित साथियों के साथ साथ डॉक्टर तारिक खान, आफताब अहमद एवं जनाब शम्स तबरेज़ खान, बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज का उन्हे आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया अदा किया और कहा जब तक ज़िंदा रहूंगा समाज मे किसी के लिए किसी काम आ सका तो हर वक्त खड़ा रहूंगा और जीवन भर समाजसेवा करता रहूंगा।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**आजमगढ़।** ठेकमा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह व पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा आजमगढ़ के अहिरौली ठेकमा निवासी डॉक्टर अरविंद कुमार यादव को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस ईस अवसर पर लखनऊ मंडल प्रभारी रामपति शर्मा प्रदेश सचिव सौरव राय, प्रदेश उच्च सचिव जय सिंह मौजूद रहे। एनसीपी पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ मे दारुल सफा 140 बी ब्लाक स्थित कार्यालय में पत्रांक संख्या (1) 25 प्रदेश अध्यक्ष द्वारा देकर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया ।डॉ अरविंद कुमार को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी के लोगों में खुशी है।

# जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लाहो अलैहे व आलिही वसल्लम का



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** बिसन्डा ज़िला (बांदा) में एक अजीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लाहो अलैहे व आलिही वसल्लम का आयोजन किया गया। जिसमे हज़रत मौलाना सैय्यद नय्यर रब्बानी साहब ने फ़रमाया। सरकारे दो आलम सल्ललाहों अलैहे वसल्लम ने हज़रत अली और हज़रत फ़ारुख आज़म को अपना पैरहन (कुर्ता मुबारक) दिया और फ़रमाया कि ये मेरा पैरहन मेरे आशिक़ ओवेस क़रनी को देना और कहना इस को आप पहन कर मेरी गुनाहगार उम्मत के लिए दुआ करे। हज़रत मौलाना सैय्यद राशिद रब्बानी साहब ने फ़रमाया। इश्क़े रसूल एक अज़ीम दौलत है नबी ए पाक की ज़िंदगी हमारे लिए नमूनए अमल है और अपने घर के बच्चों को आला तालीम से आरस्ता करो। सैय्यद फ़ैज़ान रब्बानी। सैय्यद आदिल मसूदी। ने अपने खूबसूरत अंदाज़ में नातो मनक़बत पेश किए। प्रोग्राम में आए सभी लोगों ने जलसे को खूब पसन्द किया। शोबा ए तबलीग और कमेटी के लोगों ने जलसे को सजाया। जलसे के बाद अमीर शोबा ए तब्लीग़ मौलाना सय्यद आबिद रब्बानी साहब की जानिब से 5 गरीबों को कम्बल बाँटे गए। जलसे में खुसूसी तौर पर मोहम्मद अय्यूब, मास्टर गुलाम, मौलवी रोशन, मोहम्मद रफ़ीक़ सौदागर, शानू, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद निजाम, आदि शामिल रहे। जलसे में लगभग 150 लोगों की शिरकत रही। गाँव व कमेटी के लोगों ने जलसे में आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# बीएसएनएल कार्मिकों के हित की सुरक्षा मेरी प्राथमिकता : आनंद

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन के जौनपुर में हुए प्रांतीय अधिवेशन में घोषित पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह व संगठन मंत्री सुनील कुमार उपाध्याय का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत सी-डाट परिसर में मंगलवार को किया गया। स्वागत से अभिभूत पूर्वी यूपी के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने कहाकि संगठन अपने एकजुटता के दम से ही सरकार को कोई भी कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने नहीं दे रहा है, यही संगठन की असल ताकत है। इसी ताकत के दम से ही हम सातवां वेतन भी लागू कराएंगे ताकि कर्मचारियों और उसका परिवार लाभांवित हो सकें। इसके लिए हमें प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करना होगा जिससे सरकार की हठधर्मिता को समाप्त करके कर्मचारी हितों की सुरक्षा की जा सकें। उन्होंने आह्वान किया कि अपने जायज मांगों को लेकर अगर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करना होगा जिसके लिए सदैव तत्पर रहेंगे लेकिन अपनी मांगों को पूरा कराकर ही चौन की सांस लेंगे। इस दौरान पहुंचे चीनी मिल के वाइस चेयरमैन यशवंत सिंह ने कहाकि कर्मचारी और सरकार एक सेतु है जो समाज और व्यवस्थाओं को जोड़ने का काम करती है। निश्चित ही जेई आनंद सिंह बीएसएनएल संगठन को ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। इसके अलावा नवनियुक्त संगठन मंत्री सुनील कुमार उपाध्याय का भी सम्मान हुआ। उन्होंने भी संगठन की मजबूत करने पर अपनी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा किया। बधाई देने वालों में सहायक जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अवनीश मौर्य, रामआशीष यादव, वीरेंद्र चौबे, सुनील कुमार सिंह, सुनील चौहान, अब्दुल हन्नान, हरिकेश यादव, कुसुमलता मौर्य, किसमती देवी, प्रशांत कुमार यादव, तौफिक आलम, परमेश्वर शाह, अजय राय आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज की होटल इंडस्ट्री के लिए महाकुम्भ बना वरदान

**प्रयागराज।** होटल्स एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसियेशन के प्रेसीडेंट हरजिंदर सिंह का कहना है कि महाकुम्भ में उम्मीद से अधिक तीर्थयात्री इस साल प्रयागराज आ रहे हैं। हालांकि श्रद्धालुओं की भारी संख्या होने के कारण गेस्ट को होटल तक पहुंचने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज की होटल और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री ने 5 से 10 फीसदी मुनाफा कमाया है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रयागराज की सड़कों, तीर्थस्थानों, घाटों का सौंदर्यीकरण और उसका प्रचार-प्रसार हुआ है, इससे न केवल महाकुम्भ बल्कि उसके बाद भी प्रयागराज में पर्यटन में भारी वृद्धि होगी।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–11 दिनाँक 15.02.2025

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओवरआलिंग ऑफ ई.पी.पी.एफ.एस. सिस्टम इन एल.एच.बी. कोचेस |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 2,02,75,010.16 मात्र (रु. दो करोड़ दो लाख पचहत्तर हजार दस और सोलह पैसे) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 2,51,400/- मात्र (रु. दो लाख एक्यावन हजार चार सौ मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.02.2025 से 10.03.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |

534/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित किया



**जोगीघोपाः** केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां जोगीघोपा में अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) राष्ट्र को समर्पित किया। इस टर्मिनल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2021 में किया था। भूटान में गलेफू से केवल 91 किलोमीटर, बांग्लादेश सीमा से 108 किलोमीटर और गोवाहाटी से 147 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह टर्मिनल रणनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यह बांग्लादेश और भूटान के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में भी महत्व रखता है। जोगीघोपा टर्मिनल भारत एवं बांग्लादेश के बीच पीआईडब्ल्यूटीएंडटी के तहत् घोषित बंदरगाहों में से एक है। वर्ष 2027 तक, इस टर्मिनल से लगभग 1.1 मिलियन टन प्रति वर्ष कार्गो हैंडलिंग का अनुमान है। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ÷आज जबकि हम जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित कर रहे हैं, यह दिन देश के जलमार्ग परिवहन की दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में, जलमार्ग परिवहन में बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है जो कि भारत के लॉजिस्टिक्स विकास को बढ़ावा देते हुए मोदी जी की विकसित भारत की दृष्टि को साकार कर रहा है। जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी में व्यापक रूप से बदलाव लाने के साथ-साथ भूटान और बांग्लादेश के साथ हमारे त्रिपक्षीय संबंधों को भी मजबूती देगा। इसकी रणनीतिक स्थिति के चलते यह इस क्षेत्र में आर्थिक तेजी लाएगा जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पहले पड़ोसी' की नीति के अनुरूप है। भारतरणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अनेक परियोजनाओं तथा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार समेत अन्य पड़ोसी देशों के साथ समझौतों के जरिए बेहतर क्षेत्रीय व्यापार और निर्बाध परिवहन कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए अपने आपको महत्वपूर्ण जलमार्ग गेटवे के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत के इन प्रयासों से दक्षिण एशिया के विकास और एकीकरण में योगदान के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य की सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा मिलेगा।

लगभग ?82 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल में एक आरसीसी जेटी और कार्गो हैंडलिंग के लिए इलेक्ट्रिक लेवल लफिंग (ईएलएल) क्रेन का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, इस टर्मिनल में एक प्रशासनिक इमारत, कस्टम्स कार्यालय की इमारत, इमीग्रेशन कार्यालय, ट्रक पार्किक क्षेत्र, पावर बैक अप के साथ 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भंडारण की सुविधा भी है। अंतरदेशीय जलमार्गों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ÷अंतर्देशीय जलमार्गों का विकास भारत में लॉजिस्टिक्स सेक्टर में व्यापक बदलाव लाने की दृष्टि से काफी भरोसा जगाता है। हम देश में नदियों एवं अन्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क का भरपूर उपयोग करते हुए, मालढुलाई के लिए सस्टेनेबल, किफायती, तथा कुशल परिवहन माध्यम तैयार कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व मेंसरकार ने कई उल्लेखनीय कानून जैसे राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016के अलावा, अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 2021 समेत अन्य कई को लागू किया है जिससे कार्गो एवं यात्रियों के आवागमन के लिए अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन का मजबूत तंत्र विकसित करने में मदद मिलेगी।

# टाटा पावर दे रही स्वच्छ ऊर्जा आंदोलन को गति

**अयोध्या :** आध्यात्मिक जागरण के लिए महाकुंभ मेले में आए हुए लाखों लोगों के साथ, टाटा पावर - अक्षय ऊर्जा, पारेषण और वितरण तथा उत्पादन भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक कंपनी नए बदलाव की शुरूआत कर रही है - ऐसा बदलाव जो सूर्य की असीम ऊर्जा से संचालित होगा। टाटा पावर ने महा कुंभ मेले में सौर ऊर्जा अपनाने और इसके लागत लाभों पर शिक्षा और जांच-पड़ताल के लिए एक डेडिकेटेड ज़ोन बनाए हैं, साथ ही ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन भी चलाए जा रहे हैं। कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि महाकुंभ में आने वाले भाविकों को इस बात की अच्छी जानकारी हो कि सौर ऊर्जा उनके घरों को कैसे बदल सकती है और सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली के बिल कम हो सकते हैं।महाकुंभ ने लाखों लोगों को आस्था के साथ जोड़ा है, टाटा पावर भी उन्हें स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में एकजुट कर रही है। लोगों को अपनी खुद




की बिजली पैदा करने, अपने बिजली के बिलों को कम करने और हरित ऊर्जा समाधानों के माध्यम से अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सक्षम बनाकर, टाटा पावर प्रोस्यूमर्स (उत्पादक + उपभोक्ता) की एक नई पीढ़ी का निर्माण कर रही है।शुद्ध ऊर्जा में अग्रणी रहने के पिछले 100 सालों की विरासत को आगे बढ़ा रही टाटा पावर लोगों को भरोसेमंद, किफायती और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा समाधान प्रदान करके सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक ओर लाखों लोग गंगा में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसा परिवर्तन हो रहा है - जो घरों को रोशन करेगा, आकांक्षाओं को ऊर्जा देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के ऊर्जा भविष्य की नयी परिभाषा रचेगा।टाटा पावर द्वारा आसान इंस्टॉलेशन के साथ सिर्फ़ 7 दिनों में अपने घर को सूर्य घर बनाएं।

## 'प्रिपेयर योर बेबी बैग' अभियान केसाथ हिमालया बेबीकेयर ने साझा पालन-पोषण को दिया बढ़ावा




**भारत।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 के बीच, हिमालया बेबीकेयर ने एक अनूठा अभियान, प्रिपेयर योर बेबी बैग शुरू किया ताकि साझा पालन-पोषण को प्रोत्साहित किया जा सके और भारत में देखभाल की पारंपरिक भूमिकाओं को फिर से परिभाषित किया जा सके। प्रयागराज मेला प्राधिकरण (पीएमए) और प्रमुख भागीदार संगठनों के सहयोग से, हिमालया बेबीकेयर ने महाकुंभ मेले को एक प्रभावशाली मंच के रूप में उपयोग किया ताकि पालन-पोषण की गतिशीलता में बदलाव को प्रेरित किया जा सके। इस पहल ने लाखों परिवारों पर असर डाला जिससे बच्चों केस्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने में साझा जिम्मेदारी की अहमियत को उजागर किया गया। इस पहल का मुख्य आकर्षण मेले में लगाया गया इंटरैक्टिव बूथ था, जहां परिवारों ने प्रिपेयर योर बेबी बैग चैलेंज में भाग लिया। इस रोमांचक गतिविधि में माता-पिता को एक निश्चित समय के भीतर हिमालया बेबीकेयर रेंज के आवश्यक उत्पादों जैसे बेबी साबुन, तेल, वाइप्स, लोशन और पाउडर सहित से बेबी बैग को भरना था। इस चुनौती ने न केवल शिशु देखभाल के लिए सही उत्पादों की पहचान करने का महत्व उजागर किया, बल्कि समान पालन-पोषण (इक्वल पेरेंटिंग) को लेकर चर्चाओं को भी प्रेरित किया। वहीं इस चुनौती को पूरा करने वाले परिवारों को हिमालया बेबीकेयर के उत्पादों के निःशुल्क नमूने दिए गए, ताकि वे ब्रांड की सौम्य और सुरक्षित देखभाल का अनुभव कर सकें। इस अभियान का प्रभाव और भी बढ़ाने के लिए, इन तैयार बेबी बैग्स को अनाथालयों को दान कर दिया गया ताकि वंचित बच्चों को आवश्यक देखभाल उत्पाद (एसेंसियल केयर प्रोडक्ट) मिल सके।

# केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने 1:1 अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**लखनऊ।** नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में श्री नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक 260 करोड़ रूपये से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन 300 करोड़ रूपये है। बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल 261.43 करोड़ रूपये का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे। आज की तारीख में कंपनी की शेयर पूंजी 261.43 करोड़ रूपये है, जिसमें 1 रुपये प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की समान संख्या शामिल है, जो बोनस जारी होने के बाद बढ़कर 522.87 करोड रूपये हो जाएगी। सेबी विनियमन 30 (2015) के अनुसार, कंपनी नियत समय में बोनस शेयर पात्रता के लिए ÷रिकॉर्ड डेट÷ की घोषणा करेगी। हाल ही में, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, फाल्कोन पीक फंड लिमिटेड सहित अन्य निवेशक, कंपनी में कन्वर्टिबल प्रेफरेंशियल वॉरंट जारी करने के माध्यम से 99.50 करोड रूपये तक का निवेश करेंगे। कंपनी के बोर्ड ने 16 अक्टूबर, 2024 को हुई बैठक में गैर-प्रमोटरों को तरजीही आधार पर 2.20 रुपये प्रति वारंट (जिसमें 1.20 रुपये का प्रीमियम शामिल है) की दर से 45.23 करोड़ वारंट जारी करने की मंजूरी दी है। कुल मूल्य 99.50 करोड़ रुपये होगा। प्रत्येक वारंट 1 रुपये के अंकित मूल्य के एक इक्विटी शेयर में परिवर्तनीय होगा और प्रत्येक का पूरी तरह से भुगतान किया जाएगा। इक्विटी इश्यू की आय का उपयोग ऋण के पुनर्भुगतान के लिए किया जाएगा।

## प्रचय कैपिटल लिमिटेड का सुरक्षित एनसीडी पब्लिक इश्यू 28 फरवरी 2025 को खुलेगा



**लखनऊ।** प्रचय कैपिटल लिमिटेड, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकृत एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी इन्वेस्टमेंट और क्रेडिट कंपनी है, ने अपने सुरक्षित, रेटेड, रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की है, जिसके माध्यम से 100 करोड़ तक जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। यह इश्यू 28 फरवरी 2025 को खुलेगा और 13 मार्च 2025 को बंद होगा ।

इश्यू पर टिप्पणी करते हुए, प्रचय कैपिटल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री गिरीश मुरलीधर लखोटिया ने कहा यह NCD इश्यू प्रचय कैपिटल की विस्तार रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है। संरचित कॉर्पोरेट लेंडिंग और निजी ऋण साधनों में निवेश पर हमारा ध्यान केंद्रित है, जिससे हम अपने निवेशकों के लिए मजबूत और सतत रिटर्न उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही एक सुदृढ़ वित्तीय प्रोफ़ाइल बनाए रख रहे हैं। क्रिसिल द्वारा प्रदान की गई BBB-/स्थिर रेटिंग वाले इन NCDs पर निवेशकों को 13% प्रति वर्ष का रिटर्न मिलेगा, जिसमें मासिक ब्याज भुगतान किया जाएगा, जिससे यह एक निश्चित आय वाला निवेश अवसर बनता है। इस निर्गम से प्राप्त धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से घोषित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## टाटा पावर महाकुंभ मेले में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करते हुए भारत के स्वच्छ ऊर्जा आंदोलन को गति दे रही है

**राष्ट्रीयः** आध्यात्मिक जागरण के लिए महाकुंभ मेले में आए हुए लाखों लोगों के साथ, टाटा पावर - अक्षय ऊर्जा, पारेषण और वितरण तथा उत्पादन भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक कंपनी नए बदलाव की शुरूआत कर रही है - ऐसा बदलाव जो सूर्य की असीम ऊर्जा से संचालित होगा। टाटा पावर ने महा कुंभ मेले में सौर ऊर्जा अपनाने और इसके लागत लाभों पर शिक्षा और जांच-पड़ताल के लिए एक डेडिकेटेड ज़ोन बनाए हैं, साथ ही ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन भी चलाए जा रहे हैं। कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि महाकुंभ में आने वाले भाविकों को इस बात की अच्छी जानकारी हो कि सौर ऊर्जा उनके घरों को कैसे बदल सकती है और सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली के बिल कम हो सकते हैं। 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य लेकर शुरू की गयी पीएम सूर्य घर योजना के साथ आगे बढ़ते हुए, टाटा पावर 2027 तक 10 लाख घरों को छत पर सौर ऊर्जा समाधानों से बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा का महाकुंभ मिशन का उद्देश्य ऊर्जा स्वतंत्रता की ओर बदलाव लाना है। 275 से अधिक शहरों में 550 से अधिक चैनल भागीदारों और 200 से अधिक शहरों में 225 से अधिक अधिकृत सेवा भागीदारों के मज़बूत राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के साथ, टाटा पावर पहले से ही भारत की सबसे भरोसेमंद स्वच्छ ऊर्जा सहयोगी है। कंपनी ने 95,000 से अधिक आवासीय ग्राहकों सहित 1.19 लाख से अधिक घरों और व्यवसायों को सफलतापूर्वक बिजली प्रदान की है, और सभी के लिए सौर ऊर्जा को अपनाना आसान और अधिक किफायती बनाने के लिए 20 से अधिक प्रमुख वित्तीय संस्थानों के माध्यम से लचीले वित्तपोषण समाधान भी मुहैया किए हैं। महाकुंभ ने लाखों लोगों को आस्था के साथ जोड़ा है, टाटा पावर भी उन्हें स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में एकजुट कर रही है। लोगों को अपनी खुद की बिजली पैदा करने, अपने बिजली के बिलों को कम करने और हरित ऊर्जा समाधानों के माध्यम से अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सक्षम बनाकर, टाटा पावर प्रोस्यूमर्स (उत्पादक + उपभोक्ता) की एक नई पीढ़ी का निर्माण कर रही है।शुद्ध ऊर्जा में अग्रणी रहने के पिछले 100 सालों की विरासत को आगे बढ़ा रही टाटा पावर लोगों को भरोसेमंद, किफायती और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा समाधान प्रदान करके सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एक ओर लाखों लोग गंगा में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसा परिवर्तन हो रहा है - जो घरों को रोशन करेगा, आकांक्षाओं को ऊर्जा देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के ऊर्जा भविष्य की नयी परिभाषा रचेगा। टाटा पावर द्वारा आसान इंस्टॉलेशन के साथ सिर्फ़ 7 दिनों में अपने घर को सूर्य घर बनाएं। अधिक जानकारी के लिए कृपया टोल फ्री नंबर - 18002577777 पर संपर्क करें।

## दिसंबर तिमाही में बेरोजगारी दर मामूली रूप से घटकर 6.4 प्रतिशत पर, एनएसएसओ ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के आंकड़ों में यह बात सामने आई। बेरोजगारी या बेरोजगारी दर को श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत थी। हालांकि, क्रमिक रूप से तुलना करने पर यह दर स्थिर रही। 25वें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से पता चलता है कि वित्त वर्ष 25 की पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी की दर 6.4 प्रतिशत के समान स्तर पर थी।

शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) में बेरोजगारी दर अक्तूबर-दिसंबर 2024 में घटकर 8.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8.6 प्रतिशत थी। जुलाई-सितंबर 2024 में यह दर 8.4 प्रतिशत थी। पुरुषों के मामले में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अक्तूबर-दिसंबर 2024 में एक साल पहले की समान तिमाही की तुलना में 5.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। जुलाई-सितंबर 2024 में यह दर 5.7 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में श्रम बल भागीदारी दर अक्तूबर-दिसंबर में बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 49.9 प्रतिशत थी। जुलाई-सितंबर 2024 में यह दर 50.4 प्रतिशत थी। श्रम शक्ति का मलब जनसंख्या के उस हिस्से से है, जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु अपना योगदान देता है या ऐसा करने की पेशकश करता है, और इसलिए इसमें नियोजित और बेरोजगार दोनों तरह के लोग शामिल होते हैं।

## फिज़िक्सवाला (पीडब्लू) इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन ने पीडब्लू कॉमन एंट्रेंस एग्ज़ाम (पीडब्लू सीईई) द्वारा 5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** फिजिक्सवाला इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन कंप्यूटर साइंस में 4 वर्षीय त्न प्रोग्राम और मैनेजमेंट में 3 वर्षीय त्न प्रोग्राम, ने मेधावी छात्रों के लिए 5 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप पीडब्लू कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से दी जाएगी। इस स्कॉलरशिप को तीन श्रेणियों में बाँटा गया है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों और महिला विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भी शामिल है। PW CEE का पहला चरण 21 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जो कई चरणों में जुलाई तक जारी रहेगा।छात्र किसी भी समय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पहले चरण को सफलतापूर्वक पास करने वाले छात्र अतिरिक्त 20% अर्ली बर्ड स्कॉलरशिप के लिए योग्य हो सकते हैं, जो आगे की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। यह परीक्षा पूरी तरह से




ऑनलाइन और प्रॉक्टर्ड फॉर्मेट में होगी, जिससे निष्पक्ष और सुरक्षित मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार उपलब्ध स्लॉट्स में से परीक्षा का समय चुन सकते हैं। सभी चरणों के बाद, 2025 के एकेडमिक वर्ष की पहली बैच अगस्त 2025 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। PW IOI, जो बेंगलुरु में स्थित है, जल्द ही नोएडा, पटना, लखनऊ, इंदौर और पुणे में नए सेंटर्स लेकर आ रहा है। प्रवेश प्रक्रिया स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट दोनों के लिए है। SOT के अंतर्गत कोडिंग लैंग्वेज, डेटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकी विषयों पर फोकस किया जाता है, जबकि स्ह्रूरू में तकनीकी और मैनेजरियल स्किल्स सिखाए जाते हैं। यह परीक्षा विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है, जिन्होंने कक्षा 12वीं पूरी कर ली है। जिन छात्रों ने JEE, NEET, CUET और IPMAT जैसी परीक्षाओं में शानदार परिणाम दिए हैं,

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने सुरक्षित भविष्य के लिये कस्टमाइज़ टर्म प्लान 'प्रॉमिस2प्रोटेक्ट' पेश किया

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आज प्रॉमिस2प्रोटेक्ट नाम की एक नई योजना शुरू की है। इस योजना की मदद से कंपनी यह कोशिश कर रही है कि ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को आर्थिक सुरक्षा मिले। इस नये टर्म इंश्योरेंस प्लान को खासतौर पर जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इसमें कई तरह के फायदे हैं जो ग्राहकों की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करते हैं। प्रॉमिस2प्रोटेक्ट योजना ग्राहकों को अपनी पसंद और जीवन के लक्ष्यों के हिसाब से अपने परिवार का आर्थिक भविष्य सुरक्षित करने का मौका देती है।

प्रॉमिस2प्रोटेक्ट के दो वैरिएंट्स हैं- लाइफ सिक्योर और लाइफ सिक्योर विद रिटर्न ऑफ प्रीमियम। लाइफ सिक्योर विशुद्ध रूप से सुरक्षा प्रदान करता है और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में प्रियजनों के आर्थिक भविष्य की रक्षा करता है। लाइफ सिक्योर विद रिटर्न ऑफ प्रीमियम भुगतान किये गये प्रीमियम्स की रिफंडिंग का अतिरिक्त फायदा देता है, अगर पॉलिसी की अवधि के दौरान कोई दावा नहीं किया गया हो।

इस योजना में कई खास खूबियाँ हैं। लाइफ स्टेज एन्हांसमेंट में ग्राहक अपनी ज़िंदगी की खास घटनाओं, जैसे शादी होने, बच्चा होने या बच्चे को गोद लेने या नया घर खरीदने पर अपने कवर को बढ़ा सकते हैं। फ्लेक्सिबल डेथ बेनिफिट पेआउट में ग्राहक अपनी मृत्यु के बाद मिलने वाले पैसे को एक साथ, किश्तों में या दोनों तरीकों से ले सकते हैं। स्पेशल एग्जिट वैल्यू में पॉलिसीधारक और उसके जीवनसाथी दोनों को एक ही पॉलिसी में स्पेशल एग्जिट वैल्यू और सुरक्षा देती है।

लॉन्च के मौके पर, चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर- ऑल्टरनेट चैनल्स और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्री ऋषि माथुर ने कहा, ''केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस समझता है कि ज़िंदगी में बदलाव होते रहते हैं और उनके साथ-साथ हमारी आर्थिक ज़रूरतें भी बदलती हैं।

## जब पैरेंट्स भी हो जाएं मॉडर्न, तो दो पीढ़ियों के बीच शुरू हो जाता है हंसी का तूफान! कौशलजी वर्सेस कौशल के ट्रेलर में देखें हास्यास्पद मुकाबला!

**मुंबई।** जब दो पीढ़ियों के बीच सोच का फर्क एक मज़ेदार लेकिन अप्रत्याशित मोड़ लेता है, तब क्या होता है? 'कौशलजी वर्सेस कौशल' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो हंसी-मजाक के साथ एक गहरे संदेश को भी सामने लाता है। यह पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर फिल्म आपको हंसाने के साथ सोचने पर भी मजबूर कर देगी। इसमें शहरीकरण, आधुनिकता और रिश्तों की बदलती परिभाषा को एक नए अंदाज़ में पेश किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन सीमा देसाई ने किया है, और इसे जियो स्टूडियोज, मेरी गो राउंड स्टूडियोज और मुंबई टॉकीज के तहत ज्योति देशपांडे, उमेश शुक्ला, आशीष वाघ और पराग देसाई ने प्रोड्यूस किया है।




फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की ज़िंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने छोटे शहर कन्नौज से निकलकर दिल्ली की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है। शहर की चकाचौंध और मॉडर्न लाइफस्टाइल अपनाने के बाद, वह अपने माता-पिता को पुरानी सोच वाला मानने लगता है और उनके विचारों का मज़ाक उड़ाता है। वह बार-बार उन्हें नए ज़माने की सोच अपनाने की सलाह देता है, लेकिन एक दिन उसके शब्द इतने तीखे हो जाते हैं कि उसके माता-पिता आहत महसूस करते हैं और यह सोचने लगते हैं कि अब शायद अलग हो जाना ही बेहतर होगा। यह सुनकर युग को अपनी गलती का एहसास होता है, और अपने परिवार को टूटने से बचाने के लिए वह आत्म-खोज की एक अनोखी और मज़ेदार यात्रा पर निकल पड़ता है। इस सफर में उसे न सिर्फ परिवार की अहमियत समझ में आती है, बल्कि वह यह भी सीखता है कि पुराने रीति-रिवाज और पारिवारिक मूल्य हमारी ज़िंदगी में कितने ज़रूरी होते हैं। हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में इस फिल्म की दिल छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है, जिसमें कॉमेडी और इमोशन्स का ऐसा मेल है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा। फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए निर्देशक सीमा देसाई कहती हैं, ÷'कौशलजी वर्सेस कौशल' एक हल्की-फुल्की, लेकिन दिल से जुड़ने वाली कहानी है, जो दो पीढ़ियों के बीच के अंतर को दिखाती है। यह फिल्म सिर्फ परिवार में होने वाली नोकझोंक के बारे में नहीं है, बल्कि यह इस बात को भी सामने लाती है कि प्यार और रिश्ते समय के साथ कैसे बदलते हैं। आज के दौर में जहां युवा आधुनिक सोच को अपनाने की कोशिश में रहते हैं, वहीं माता-पिता पुरानी परंपराओं से जुड़े रहते हैं। इस वजह से दोनों पीढ़ियों के बीच कई बार टकराव होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि प्यार खत्म हो जाता है। यह फिल्म रिश्तों की खूबसूरती, समझदारी और परिवार के महत्व को दर्शाती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म अपने परिवार की कहानी जैसी लगेगी - जहां हंसी भी होगी, आंसू भी, और सबसे बढ़कर अपने अपनों के साथ होने का एहसास भी।

## सोना 300 रुपये चढ़कर 88500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर, चांदी 800 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार से मिले रुझानों के बाद मंगलवार को दिल्ली में सोने का भाव 300 रुपये उछलकर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोशिएशन ने इसकी जानकारी दी। 99.9त्न शुद्धता वाला सोना सोमवार को 88,200 रुपये प्रति 10 के भाव पर बंद हुआ था। 99.5त्न शुद्धता वाले सोने की कीमतें 300 रुपये चढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को चांदी की कीमत भी 800 रुपए बढ़कर 99,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 98,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 435 रुपये की तेजी के साथ 85,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी और करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, टैरिफ को लेकर वैश्विक अनिश्चितता के कारण सोने में सकारात्मक रुख जारी रहा। बैंकों और फंडों द्वारा सुरक्षित-संपत्ति में उच्च आवंटन बनाए रखने के कारण सोने को अच्छा समर्थन मिला है।

त्रिवेदी ने कहा कि बुधवार को ट्रम्प के भाषण और फेडरल रिजर्व और आरबीआई की बैठक के विवरण सामने आने से आने वाले सत्रों में बाजार की अस्थिरता बढ़ सकती है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी चांदी वायदा भी 439 रुपये बढ़कर 96,019 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक बाजारों में, अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 24.94 डॉलर प्रति औंस या 0.86 प्रतिशत बढ़कर 2,925.64 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, कॉमेक्स 2,925 डॉलर से ऊपर कारोबार कर रहा है, क्योंकि निवेशक अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच तनाव और यूक्रेन शांति वार्ता से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

# जमीन बेचने से नाराज तीन बेटों ने पिता का सिर कूंचकर मार डाला

## तमकुहीराज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 का मामला

अवधनामा ब्यूरो



तमकुही सीएचसी में शव को कब्जे में लेती पुलिस

**कुशीनगर।** जिले में एक शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई है। जमीन बेचने से नाराज तीन बेटों ने पिता का सिर कूंच कर मार डाला। इस बर्बरता पूर्वक घटना से पूरे गांव में आक्रोश है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। उधर पुलिस टीम दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि मंगलवार को नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर, भटवलिया नंबर 2 में एक बेहद शर्मनाक घटना घटित हो गई। रिश्ते को तार तार करने वाली इस घटना में अनीस अंसारी पुत्र स्व. हलिम उम्र (55) को उसके बेटों कमरुद्दीन उम्र करीब (35) वर्ष, मेहमदी उम्र करीब (32) वर्ष व सैयद अंसारी उम्र करीब (28) वर्ष ने जमीन बेचने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। बेटो के मारपीट का जब पिता अनीस ने विरोध किया तो बेटे उग्र हो गए। उन्होंने उसके सिर पर ईट से प्रहार करना शुरू कर दिया। बेटो के ईट के प्रहार से अनीस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो मौके पर लोगो की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस शव को कब्जे में लेकर सीएचसी तमकुहीराज पहुंची, जहां चिकित्सको ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ तमकुहीराज ने बताया कि उक्त प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क के किनारे गड्ढे में पलटा

**अमेठी /गौरीगंज।** कोतवाली अंतर्गत जामो रोड पर देर शाम गौरा जामो स्थित सम्राट ब्रिक फील्ड का ट्रैक्टर कहीं से ईट उतारकर भट्टे की ओर लौट रहा था। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। सड़क दुघर्टना में एक मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गया। राहगीरों और ग्रामीणों ने किसी तरह मजदूर को बाहर निकाला और थोड़ी देर बाद ट्रैक्टर में आग लग गई। सोमवार की देर शाम गौरा जामो स्थित सम्राट ब्रिक फील्ड का ट्रैक्टर ईट उतारकर भट्टे की ओर लौट रहा था। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया।

ट्रैक्टर पर सवार 35 वर्षीय मजदूर अर्जुन कुमार सरोज पुत्र कृष्ण ट्रैक्टर के नीचे दब गया। ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने मजदूर को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। अंततः जीसीबी की मदद से ट्रैक्टर को उठाया गया और गंभीर रूप से घायल मजदूर को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पर्यटन के क्षेत्र में भारत एक बड़ा हब बनने की ओर अग्रसर : शेखावत

## केंद्रीय और प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बुद्ध का किया दर्शन पूजन

अवधनामा ब्यूरो



भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाते केंद्रीय मंत्री

**कुशीनगर।** केंद्रीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलवार को मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचे जहां भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर, भंते डॉ नन्द रतन, भंते अशोक, भंते नंदिका और भिक्षुओं के धम्म वंदना के बीच सांसद विजय कुमार दूबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुंवर आरपीएन सिंह, पूर्व सांसद राजेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, राजेश्वर सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल व उनके प्रतिनिधि राकेश जायसवाल संग चीवर चढ़ाया और स्तूप की परिक्रमा की। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पर्यटन विकास की इबारत लिख रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन विकास की संभावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार, राज्य सरकार के पर्यटन विभाग समन्वित रूप से टीम बनाकर भविष्य की योजनाओं पर काम करेगी। जल निकासी, कांच का ध्यान केंद्र, रैंप निर्माण, पर्यटन विकास के लिए आए धन की रिपोर्ट मांगी, संस्कृति विभाग की भूमि को एक करने, एनएच 28 से बुद्ध मार्ग तक रोड कनेक्टिविटी, बीच में पड़ने वाली किसानों की जमीनों को चेंज करने आदि के निर्देश प्रशासन, पुरातत्व, पर्यटन को निर्देश दिए। इस दौरान पुरातत्व के रीजनल डायरेक्टर भोपाल भुवन विक्रम व उप निदेशक पर्यटन रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी परितोष मिश्रा, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह, एसएचओ कसया ओमप्रकाश तिवारी, लेखपाल नीलेश रंजन राव, गाइड डॉ अभय कुमार राय, अधीक्षक पुरातत्वविद अविनाश मोहंती, सहायक संरक्षण पुरातत्व शादाब खान, सहायक पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, सभासद केशव सिंह, सुमित त्रिपाठी, गोपालजी राय सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### थाई भिक्षुओं ने केंद्रीय मंत्री को भेंट की बुद्ध की प्रतिमा

**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित थाई बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्री के प्रमुख भंते फ्राविदेश्वचिरायन (भंते सोम पोंग) ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को दया, करुणा, शांति के उपदेशक तथागत बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। केंद्रीय पर्यटन, एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा कुशीनगर भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में थाई बुद्ध बिहार पहुंचे। जहां थाई भंते सोम पोंग, भंते सोम क्रान और अन्य भिक्षुओं ने स्वागत किया। मंत्री गण ने मुख्य थाई मंदिर में पूजन अर्चन किया। भिक्षु सोम पोंग ने मंदिर के निरीक्षण के दौरान थाई संस्कृति, परम्परा, स्थापत्य कला की जानकारी दी। थाई मंदिर की सुंदरता और बागवानी को देख केंद्रीय मंत्री मुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि बुद्ध के उपदेश विश्व कल्याण के लिए है।

# मथौली में जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुकन्या कुशवाहा का रामकोला विधान सभा के नगर पंचायत मथौली में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की शाम जोरदार स्वागत किया। वह भाईचारा बनाओ यात्रा के साथ संविधान बचाव रैली यात्रा निकाल लोगों को जागरूक करने की नियत महराजगंज जनपद से भ्रमण कर मथौली पहुंची थी। स्वागत से अभिभूत राष्ट्रीय अध्यक्ष सुकन्या कुशवाहा ने संविधान के प्रति जागरूक रहने और अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में भेदभाव किया जा रहा है, संविधान को खत्म करने की योजना बनाई जा रही है, लेकिन जन अधिकार पार्टी इसे होने नहीं देगी। समाज के शोषितों, वंचितों, मजलूमों व अल्पसंख्यक मिलजुकर रहे, इन लोगों के बांटने से बटे नहीं, पार्टी इनकी आवाज हमेशा उठाती रहेगी। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष कुमार राव, धर्मेंद्र कुशवाहा, अनिरुद्ध कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, विनीत उर्फ काजू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, आनंद कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजनीतिक ताकत वह चाभी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खुल सकते हैं : त्यागी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** रविवार को इसौली विधानसभा के सेक्टर हसनपुर में बहुजन समाज पार्टी की ओर से कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। कैडर कैम्प में पार्टी नेताओं ने बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा और अब तक के सफर पर विस्तार से संवाद करते हुए वर्तमान राजनीतिक परिवेश में बहुजनों की शासन सत्ता में वापसी के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को प्रशिक्षित किया।

मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि राजनीतिक ताकत वह चाभी है जिससे सभी तरह के ताले खुल सकते हैं। मान्यवर कांशीराम साहब ने पूरे देश में आंदोलन चलाकर बहुजन समाज बनाया। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4200किमी साइकिल भी चलाई।14अप्रैल1984को बहुजन समाज पार्टी बनाई।बहन मायावती जी साहब कांशीराम के संघर्षों में हम सफर रहीं।उनका पूरा जीवन बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को समर्पित है। देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश में चार बार पोलिटिकल पावर की मास्टर चाबी बहन मायावती जी के पास थी, बहुजन समाज ही नहीं सर्वसमाज की सारी समस्याओं का हल हो गया था। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने भाजपा और कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि दोनों दल सामंतवादी है और देश में मनुवादी व्यवस्था के पोषक है।1952में संविधान में पहला संशोधन कांग्रेस की सरकार ने किया। संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़ने के बाद विरोधियों को धर्म और सम्प्रदाय की राजनीति करने का मौका दिया। संविधान बचाने के नाम पर झूठी राजनीति कर रही कांग्रेस के राज़ में ही संविधान में सबसे अधिक संशोधन हुए, संविधान को कमजोर करने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों बराबर की जिम्मेदार हैं।

## फार्मर रजिस्ट्री आईडी न होने पर पीएम किसान योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे अन्नदाता किसान



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए जिले में जोरदार अभियान चल रहा है। डी एम निशा अनंत प्रति घंटे अनुश्रवण कर रही है। मंगलवार तक काम की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 44फीसदी है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने सभी किसानों से जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री आई डी बनवाने की अपील की है। फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने के लिए सहायक मोड़ एप पर काम हो रहा है। सभी एस डी एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी और जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहायक एप मोड़ एप पर फार्मर रजिस्ट्री आई डी बना रहे हैं। जिले में 318852 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी बननी है। मंगलवार तक 140044 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी बनाई जा चुकी है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आई डी बनाने के लिए जनसुविधा केन्द्रों पर साइट दिन भर क्रियाशील है। किसान भाई अपने निकट के जनसुविधा केन्द्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री आई डी बनवा सकते हैं।जिन किसानों के पास फार्मर रजिस्ट्री आई डी नहीं होगी उन्हें पी एम किसान योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

## ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में मऊ व गाजीपुर की टीमों ने जीते लीग मैच



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। क्षेत्राधिकारी मनोज मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पहले दिन मऊ जिले के खिलाड़ियों ने अमेठी की टीम को 5-0के अंतर से हराया। दूसरे मैच में गाजीपुर की टीम ने गोरखपुर की टीम को 1-0के अंदर से हराया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश फुटपाथ संघ के एम एस बेग भी उपस्थित रहे। उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद और मो मुशर्रफ खान ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। जैसल, आकिब, अमूल, नवनीत, हाजी मनव्वल, रवि शर्मा, आयुष शाह और रजा उल्ला ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## खजुआ ताल के पास तेंदुआ का दहशत

**लालगंज,रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** डलमऊ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नरसवा और घुरवारा के मध्य लगभग तीन दिनों से तेंदुआ का दहशत फैला हुआ है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नरसावा और घुरवारा के मध्य खजुआ ताल के आसपास नरभक्षी जंगली जानवर तेंदुआ को 16 फरवरी को देखा गया ग्रामीणों को कहना है कि यह जानकारी वन विभाग को दे दिया गया है लेकिन आज तक जंगली जानवर की पकड़े जाने की पुष्टि नहीं हो पाई है। रिहायशी इलाके के लोगों का जीवन दहशत में बीत रहा है लगभग तीन दिनों से यह जारी है वन विभाग से अभी तक तेंदुआ की मिलने की पोस्ट नहीं हुई है। वन विभाग से अनुरोध है कि जल्द से जल्द जंगली जानवर तेंदुआ को पड़कर ग्रामीणों का जनजीवन सामान्य करें।

## यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रशिक्षण बैठक सम्पन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल/सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। प्रशिक्षण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 24 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जनपद रायबरेली में 109 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 2 बजे से 5:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 7 जोन एवं 20 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल विद्यार्थी 37,951 जिसमें बालक 19,439 व बालिकायें 18,512 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 34,964 जिसमें बालक 17,298 व बालिका 17,666 शामिल है।

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता समाज के लिए अनुकरणीय : राधेश्याम

अवधनामा संवाददाता



श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र में पकड़ी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा सुनाई गई। अयोध्या धाम के सुप्रसिद्ध कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समाज के लिए अनुकरणीय है। श्रीकृष्ण लीला के अलग-अलग चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा की सुदामा के प्रति श्रीकृष्ण का प्रेम आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गुरु से कपट व मित्र से चोरी नहीं करनी चाहिए। आज जब भाई-भाई के खून का प्यासा हो जा रहा है ऐसे में श्रीकृष्ण और सुदामा के बीच भाव विह्वलता समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सुदामा कितनी दीनता में जी रहा थे उसके लिए एक दाना भी जुटाना पाना बड़ा कठिन था, और कृष्ण के लिए तीन लोक का साम्राज्य देना भी कठिन नहीं था। इसलिए कृष्ण ने सुदामा पर उपकार कर दिया। सत्संग से दुर्लभ मानव योनि को मोक्ष मिल जाता है। भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण और सुदामा चरित्र का मंचन देख भक्तों की आंखे नम हो गई। भागवत कथा के समापन के पश्चात आरती और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आनन्द सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पकड़ी, ग्राम प्रधान शर्मिला सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह, समाजसेवी मनीष मद्धेशिया आदि लोग आए हुए लोगों का स्वागत किए।

# 33.42 करोड़ रुपये लेबर पेमेंट बकाया, पटरी से उतरी मनरेगा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विलम्बित भुगतान की समस्या दूर न होने के कारण मनरेगा पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। प्रदेश के किसी भी जिले में मजदूरों को मजदूरी समय से नहीं मिल रही है। 271302 एफ टी ओ भुगतान के लिए लम्बित है। जनपद में पिछले तीन महीने से नये कार्यो के इस्टीमेट नहीं बन रहे हैं। 33.32 करोड रूपये लेबर पेमेंट बकाया है। जिले की 242ग्राम पंचायतों में मंगलवार को मनरेगा के काम शून्य रहे। नये साल में सबसे खराब स्थिति मनरेगा की है। गांवों में मजदूरों को काम और समय से मजदूरी न मिलने के कारण तमाम लोग रोजी रोटी के लिए बड़े शहरों की तरफ भाग रहे हैं। मंगलवार को इस संवाददाता ने जिले में मनरेगा के कार्यो की पड़ताल की। जिले में 682ग्राम पंचायतें हैं। मंगलवार को 242ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम नहीं हुए। 440 ग्राम पंचायतों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 12413रही। अधिकांश ग्राम पंचायतों में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 10से20के बीच में है। तालाबों की खुदाई के काम ठप हैं। भेंटुआ, गौरीगंज, मुसाफिर खाना, जामों और शाहगढ़ विकास खंडों को छोड़ कर अन्य सभी विकास खंडों में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या एक हजार से कम है। अमेठी, संग्रामपुर और सिंहपुर विकास खंड की स्थिति सबसे खराब है। विकास भवन के सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इस समय 271302एफ टी ओ लम्बित है। ट्रांजेक्शन संख्या 22801668है। अमेठी जनपद में 4617एफ टी ओ तीन महीने से भुगतान को लम्बित हैं।

### उधार पर काम को नहीं मिलते मजदूर

प्रधान संघ के अध्यक्ष अरविंद शुक्ल और इन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मनरेगा में समय से भुगतान न होना एक आम समस्या है।जेब से पैसा देना पड़ता है।मजदूर तभी मिलते हैं जब और कहीं काम नहीं मिलता। मनरेगा की मजदूरी मार्केट रेट से काफी कम है।

**जनपद में बकाया लेबर पेमेंट -एक नजर**

अमेठी -0.69 करोड, भेंटुआ 1.35 करोड, संग्रामपुर 0.62 करोड, बहादुरपुर 1.16 करोड, बाजार सुकुल -2.44करोड, भादर 1.47करोड,, जगदीशपुर -2.15करोड,, मुसाफिर खाना -2.42करोड, शाहगढ़ -1.89करोड, गौरीगंज -1.41करोड, जामों -4.02, करोड़, तिलोई -1.55 करोड, सिंहपुर -2.55 करोड

# सड़क पर बह रहा है शौचालय का गंदा पानी, संक्रामक बीमारी का खतरा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** कहने को तो नगर पंचायत है लेकिन यहां सुविधाएं गांव से भी बदतर हैं। मामला लार नगर पंचायत का हैं। लार नगर पंचायत कार्यालय के सपीप लार पुलिस चौकी से सामने वाली मुख्य सड़क पर शौचालय का गंदा पानी बह रहा है। इससे कस्बे में स्वच्छ भारत अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं। दुर्गंध से राहगीरों व आमजनमानस का जीना मुश्किल है। वार्ड वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से कई बार शिकायत की मगर कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस चौकी के सामने शौचालय के गंदा पानी का जलजमाव बना हुआ है।कारण यह कि सार्वजनिक शौचालय के गंदे पानी की निकासी का कोई उपाय नहीं है। वर्तमान नाला क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी का निकास संभव नहीं है। इससे सार्वजनिक शौचालय का गंदा पानी नाली से ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सड़क पर गंदे पानी और जलजमाव की समस्या लगभग एक वर्ष से बनी हुई है। इसके निस्तारण के लिए अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शौचालय के गंदा पानी से संक्रमण बीमारी फैलने का भय सता रहा है। इस मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता विवेकानंद यूथ अवार्ड विजेता साहू विशाल कुमार गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो बना डीएम देवरिया को ट्वीट कर उचित सामाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शौचालय का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। नाली क्षतिग्रस्त हो चुकी है। शौचालय के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। आमजनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। गंभीर बीमारी फैलने का आशंका है। अगर जल्द समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो मैं जल्द आमरण अनशन करूंगा। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मृदुल सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है कल इसे दिखवाता हूं। **वीडियो वायरल होते ही हुई सफाई** – मंगलवार को सोशल मीडिया पर मुख्य सड़क पर शौचालय का गंदा पानी का वीडियो वायरल होते ही नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आ गई। मौके पर सफाई कर्मचारी व टैंक भेज गंदा पानी व मलबे को वहां से हटवाया। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि यह समाधान अस्थायी है। जब तक नाली का निर्माण नहीं हो जाता तब तक के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शौचालय को तब तक के लिए बंद रखा जाये।

- जलनिकासी की अव्यवस्था से खुल रही स्वच्छता अभियान की खोल

# जिले में 152 केंद्रों पर सम्पन्न होगी बोर्ड परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक
- 06 जोनल, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की लगाई गई है ड्यूटी
- सुचिता एवं नकलविहीन परीक्षा कराने का डीएम ने दिया निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को सांय माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में जनपद मुख्यालय स्थित आरसेटी हॉल में तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की गई तैयारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों आदि के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 को सम्पन्न कराने हेतु कुल 152 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसपर हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा को नकल वीहिन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सुचारू मॉनिटरिंग हेतु सचल दल बनाए गए है। हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षा दिनांक 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च 2025 को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 08 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02 बजे से 05:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा की उचित मॉनिटरिंग एवं किसी भी शिकायत के लिए कन्ट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गई तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, वाहय केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलबिहीन संपन्न कराना सभी का दायित्व है।

उन्होंने प्रश्नपत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर वितरण कराने, परीक्षा के दौरान सतत मॉनिटरिंग करने एवं अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के दौरान दिए गए निर्देशों का अक्षरः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कही पर भी अनियमित्ता अथवा लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे, इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल बैठने की समुचित व्यवस्था कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पूर्व में ही सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण अवश्य कर ले।

सुरक्षा कर्मियों के अलावा शस्त्र केंद्रों पर अंदर ले जाना वर्जित है, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने कहा कि हमे हर स्तर पर पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है किसी भी दशा में निर्धारित ड्यूटी अथवा नियमों के इतर कार्य नही करना है।

# 29 फरवरी को होगा सांसद खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ

**तहसील व जिला स्तर पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं**

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में ''सांसद खेल महाकुम्भ'' के सफल आयोजन हेतु सोमवार को देर शाम देर शाम विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि ''सांसद खेल स्पर्धा योजना'' का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम, ब्लाक व तहसील स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में मेधा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता इस बात की है कि छिपी हुई मेधा को पहचान कर उसे तराशा जाय।सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में छिपी हुई मेधा को पहचानने में सांसद खेल स्पर्धा योजना मील का पत्थर साबित होगी। सांसद ने सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की शासन की मंशानुरूप सांसद खेल स्पर्धा का प्रत्येक स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित करें ताकि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। सांसद डॉ. गोंड ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन स्थलों पर प्रतिभागियों के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें जिससे सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी का यह प्रयास होना चाहिए सांसद खेल महाकुम्भ ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रेरित करने में सफल हो। सांसद डॉ. गोंड ने निर्देश दिया कि तहसील एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, एम्बुलेन्स के साथ मेडिकल टीम, सुरक्षा एवं यातायात इत्यादि के उचित प्रबन्ध किये जायें। प्रतियोगिताओं के उद्घाटन हेतु क्षेत्रीय सांसद, विधायक, उप जिलाधिकारी एवं ब्लाक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन को आमंत्रित किया जाये ताकि खिलाड़ियों की हौसला अफज़ाई हो सके। सांसद खेल महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु विभिन्न स्तर पर गठित होने वाली समितियों के सम्बन्ध में सांसद ने कहा कि पूर्व वर्षों में गठित समिति के अनुरूप इस वर्ष भी समितियों का गठन कर लिया जाय।

## 59 बेरोज़गार अभ्यर्थियों का किया गया चयन





**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वाधान में सेवायोजन कार्यालय परिसर में 18-02-2025 को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला सम्पन्न कराया गया। रोजगार मेले में कुल ऑनलाइन/ऑफलाइन 02 नियोजकों एवं लगभग 132 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसके सापेक्ष कुल 59 बेरोजगार अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

## दिल्ली में हुई घटना के बाद जीआरपी-आरपीएफ टूंडला पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान



**टूंडला।** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद आरपीएफ जीआरपी थाना पुलिस स्टॉफद्वारा रेलवे स्टेशन टूंडला पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन पर आने जाने वाले रेलयात्रियों पर कड़ी नजर रखी गई। रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार व आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टिकट घर, सभी प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग रूम ट्रेनें में चेकिंग की गई। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि महाकुम्भ जाने वाले रेलयात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। प्रयागराज महाकुम्भ आने जाने वाले सभी रेलयात्रियों की काफी भीड़ के चलते ट्रेन में सकुशल बिठाया जा रहा है। इस मौके पर जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## नगर के दीपा चौराहे से सुभाष चौराहे तक फिर से लगने लगा अतिक्रमण



**टूंडला।** नगर के दीपा चौराहे से लेकर सुभाष चौराहे तक दुकानदार एवं हथठेले वालों ने अतिक्रमण कर रखा। जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। इस ओर प्रशासन की कोई नजर नहीं है। इससे अतिक्रमणकरियों के हौसले बुलंद है। ज्ञात रहे कि तहसील प्रसाशन एवं नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा नगर में कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। लेकिन अतिक्रमणकारियों की मनमानी के चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान फेल रहा। नगर में दीपा चौराहा से लेकर सुभाष चौराहे तक हथठेले एवं नगर के दुकानदारों ने फड़ लगा रखें है। जिससे रोड जाम हो जाता लोगों को आने जाने भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। यही नहीं बाहर से आने जाने वाले रेलयात्रियों को भी भीड़ के चलते ट्रेनें छूट जाती है। जिससे मायूस होकर बेरंग वापस लौटना पड़ता है। तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। अतिक्रमण के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## छात्रा को शादी का झांसा देकर किया अगवा

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कक्षा 12 की छात्रा को जबरन शादी करने लिए अगवा करने का मामला आने के एक सप्ताह बाद भी मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस छात्रा को बरामद नहीं कर सकी है जिससे पीड़ित परिवार किसी अनहोनी घटना की आशंका जताई है।

थाना दोस्तपुर में दर्ज मुकदमे के अनुसार बरुआ ग्राम सकरवारी की रहने वाली कक्षा 12 की छात्रा खुशी (काल्पनिक नाम) उम्र 19 वर्ष को मंगलवार 11 तारीख को अगवा कर घर से बाहर बुलाया और उठा ले गये धर्म परिवर्तन कराकर, बताते चलें कि शादी करने का दबाव बनाने वाले थाना क्षेत्र के सुरहुर पुर गांव निवासी दानिश, मोहम्मद सैफ व आवेश ने छात्रा को फोन से सुबह भोर में संपर्क कर घर के बाहर बुलाया, और तीनों ने जबरन अपने साथ उठा ले गया। सुबह जब मामले की जानकारी पिता को हुई तो आनन फानन में थाना दोस्तपुर पहुंच कर घटना की जानकारी दिया। दोस्तपुर पुलिस ने मुकदमा 27/25 धारा 87 के तहत दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया। घटना के एक सप्ताह जब मामले की जानकारी राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह को हुई तो उन्होंने जिला स्तरीय जिम्मेदार गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी से वार्ता कर धर्म परिवर्तन कर शादी झांसा देकर अगवा करने वाले मनबढ युवक की धर पकड़ के लिए पुलिस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने दोस्तपुर पुलिस से कहा कि मामले में पुलिस के पास सिर्फ 24 घंटे का समय है, अन्यथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु डीएम-एसएसपी ने किया भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आगामी सावन माह में होने वाली कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने व कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को अपनी पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ टूण्डला चौराहा, निहाल सिंह की पुलिया से लेकर पचोखरा होते हुए भ्रमण कर रूट डायवर्जन की स्थितियों को देखा ताकि कावंड यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो सके तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कावंड यात्रा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराया जाए, इसके लिए उन्होने उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी व एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनपद एटा की ओर से आने वाले कावंडियों के मार्ग को अभी से दुरूस्त करा लिया जाए, कावंड यात्रा मार्ग में यदि गढ्ढे है तो अभी से ठीक कराया जाए और सडक के दोनो ओर झाडियों को साफकराकर अच्छी मिटटी डलवा दी जाए। उन्होने कहा कि कावंड को रखने के लिए शिविरों, सडक के किनारें वालें ग्रामों, थाने, चौकियों आदि स्थानों पर कांवड स्टैण्ड लगाए जाए जिस पर कावंडियें अपनी कांवड को सुरक्षित रख सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कूड़ा उठान, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, रेलिंग, नहर पटरी, मेडिकल हेल्थ कैंप, आदि व्यवस्थाओं को समय से पूरा करें। उन्होने उप उपजिलाधिकारी व सम्बन्धितों को निर्देश दिए कि टूण्डला में चिन्हित स्थानों पर कावंड शिविर लगाए जाए जहां पर कावंडियों को सभी आवश्यक सुविधाऐं मुहैया कराई जाए।भ्रमण के दौरान उन्होने स्पष्ट कहा कि यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व सेनेटाईजेशन बनी रहें, स्ट्रीट लाइटों की अच्छी व्यवस्था रहें। उन्होने ट्रैफिक को लेकर एसएसपी एवं एआरटीओ को निर्देश दिए कि वह कांवड यात्रा मार्ग का भ्रमण कर ट्रैफिक से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि कावंड यात्रा मार्ग में स्पीड ब्रैकर लगवाने के लिए स्थान चिन्हित कर लें और पीडब्ल्यूडी विभाग वहां पर स्पीड ब्रैक लगाना सुनिश्चित करें, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों पर रोक लगायी जाए।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह अपने नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण करा लें और इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। भ्रमण दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कावंड यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि पुलिस यह सुनिश्चित करें की कावंड यात्रा मार्ग के किनारे कोई भी कावडियां सोने नही पाए, उनको सोने की व्यवस्था शिविरों में ही कराई जाए। कांवडियों को पेयजल, प्रकाश व प्रसाधन की व्यवस्थाऐं पूरी तरह मुहैया होनी चाहिए, जिससे उनको ठहरने में किसी प्रकार की परेशानी नही होने पाए। यह भी सुनिश्चित करें की कावंड यात्रा मार्ग में गांजे व भांग आदि नशीलें पौधों को हटवा दिया जाए। उन्होने अपने पिछले अनुभव बताते हुए कहा कि प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक के लिए कावंड यात्रा शनिवार से ही प्रारम्भ हो जाएगी, इसको ध्यान में रखते हुए भ्रमणशील रहकर उनकी कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराऐं। इस दौरान उपजिलाधिकारी टूण्डला डा0 गजेन्द्रपाल सिंह व अधिशासी अभियंता सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 19.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जंक्शन, मोरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला एवं रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मोरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जंक्शन, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 09406 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., आगरा किला, बयाना जंक्शन, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जंक्शन, भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जंक्शन, हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागांव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, मझगवां, जैतवार, सत्तना, मैहर, झुकही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सौगोर, नारिओली, खुरई, बीना मालखेडी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबडा गुगोर, अटरू, बारां एवं अंता स्टेशन |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखापट्णम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चांपा, रायगढ, झारसुगुडा रोड, संबलपुर शहर, रायकाखोल, बोइंदा, अंगुल, ढेंकनाल, नाराज मराठापुर, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगन, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड, विजयनगरम जं. एवं कोट्टावलसा स्टेशन |
| 06001 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी. रामचंद्रन | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी और अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05267 | मुज़फ़्फरपुर जं | 17:15 | झूँसी जं. | 09:55 | मोतीपुर, मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., औंरिहार जं. एवं वाराणसी स्टेशन |
| 07088 | बनारस | 17:50 | मौला अलि | 07:00 | प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, रामगुंडम, पेद्दापल्ली जमिकुंटा, काजीपेट जं., जनगांव एवं भोंगिर स्टेशन |
| 03412 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहान पुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |

**दिनांक 20.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं.,शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं.स्टेशन |
| 04302 | हरिद्वार जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 21:10 | नजीबाबाद जंक्शन, मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं.स्टेशन |
| 04622 | अमृतसर जं. | 12:45 | अयोध्या धाम जं. | 11:30 | जंडियाला, जलंधर सिटी, लुधियाना जं., धुरी जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं लखनऊ स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट जंक्शन, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी, आनंद जं. एवं गैरातपुर स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ एवं चिपयाना बुजुर्ग स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेल्थरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गौरी बाजार और चौरी चौरा स्टेशन |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेल्थरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गौरी बाजार और चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जंक्शन, भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जंक्शन, हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागांव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 06004 | बनारस | 18:05 | कन्याकुमारी | 21:00 | वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी, जबलपुर, कछपुरा, नैनपुर जं. बालाघाट जं., गोंदिया जंक्शन, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, कोंडापल्ली, विजयवाडा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडुर जंक्शन, चेन्नई बीच जं., चेन्नई एग्मोर, तांबरम, चेंगलपट्टू जं., मेलमारुवथुर जं., विल्लुपुरम जं.,वृद्धाचलम जं., तिरुचिरापल्ली जं., डिंडीगुल जं., मदुरै जंक्शन, विरुदुनगर जं., कोविलपट्टी, तिरुनेलवेली एवं नागरकोइल जं. स्टेशन |
| 05268 | झूँसी जं. | 12:00 | मुज़फ़्फरपुर जं | 04:50 | वाराणसी, औंरिहार जं., मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 07085 | काकिनाड़ा टाउन | 20:10 | आजमगढ़ | 17:15 | समालकोट जंक्शन, राजमुंदरी, निदादावोलु जंक्शन, ताडेपल्लीगुडेम, एलुरु, विजयवाडा जंक्शन, खम्मम, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर महाराष्ट्र, नागपुर, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेसर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

CMYK

# बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु की गयी बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज स्वामी हरसेवा नन्द सीनियर सेकेण्डरी स्कूल चुर्क में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट वर्ष-2025 के परीक्षा को पारदर्शिता व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न-पत्र, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था, परीक्षा व्यवस्था से जुड़े केन्द्र व्यवस्थापको को परीक्षा को बेहतर व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने यू0पी0 बोर्ड परीक्षा से जुड़े अधिकारी व कार्मिकगण से अपील करते हुए कहा कि जनपद में नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराया जाये। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि वे अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के लिए बखूबी जिम्मेदारी निभाते हुए हर हाल में नकल विहीन परीक्षा कराये। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थाओं के साथ पूरी सतर्कता के साथ परीक्षा को नकल विहीन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में प्रश्न-पत्र लीक न होने पायें, इसलिए सीसीटीवी की रिकार्डिंग शत-प्रतिशत सुरक्षित रखी जाये। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों में जो परीक्षाएं होती थी वो लगभग महीने तक चलती थी, अब 24 फरवरी,2025 से शुरू होकर 12 मार्च,2025 को समाप्त होगी यानी 12 दिनों में परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी कराने में अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रश्न-पत्र वितरण के समय विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि जिस पाली में जो विषय है, उसी प्रश्न पत्र का सावधानी पूर्वक वितरण किया जाये, यह सुनिश्चित करना सम्बन्धित का परम दायित्व है। परीक्षा केन्द्र के आस-पास फोटो स्टेट की दुकान, लोगों का भीड़-भाड़ न हो। जनपद स्तर पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था कर ली गयी है, परीक्षार्थियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या न होने पायें, इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता हेतु मेडिकल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल उपलब्ध कराने, विद्युत व्यवस्था ठीक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। परीक्षा से जुड़े किसी भी कार्मिकगण को किसी प्रकार की समस्या होने पर एक दूसरे से जानकारी साझा करते हुए कार्य किया जाये, ताकि गलत कार्य न होने पायें।

# सामूहिक विवाह: ग्यारह जोड़ों ने थामे एक दूसरे के हाथ



अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर।** विकासखंड के छानी खुर्द गांव में सोमवार को शिवहरे गेस्ट हाउस में लोक भारती मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें ग्यारह हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ रोशनी ,रामकिशोर ,नेहा, राम राजा ,लक्ष्मी ने शिवमकुमार पार्वती ने रोहित शिव देवी ने महेश कुमार दीपांजलि ने अनिल कुमार ज्ञानवती ने महेश कुमार सपना देवी ने मनोज राम सखी ने मनोज कुमार प्रियंका सिंह ने जितेंद्र पूनम ने शिवशंकर का एक दूसरे का दामन थामकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की है जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति और ग्राम प्रधान अरुण कुमार वर्मा ने 11 जोड़ों को प्रमाण पत्र दिया है इस तरह के सम्मेलन से कम खर्चे में शादियां होती हैं जिससे फिजूल का खर्चा नहीं होता है संस्था के अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि सर्वजातीय विवाह कर दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर कर लोगों को मजबूत करने का प्रयास कर रही है गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोग कम खर्चों में अपनी बहन बेटियों की शादी कर लेते हैं दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए संस्था की तरफ से एक छोटा सा प्रयास इस मौके पर भाकियू के मंडल सचिव महेश तिवारी, पत्रकार दीपक साहू (प्रबंधक) राहुल साहू, (कार्यक्रम व्यवस्थापक) भाकियू युवा जिलाध्यक्ष पवन शिवहरे, विपिन वर्मा (सहसंयोजक) एडवोकेट, प्रधान सोनी छानी जितेंद्र ,मौजूद रहे हैं।

## तमंचा लेकर युवक ने स्टेज पर लगाए ठुमके

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान जयमाला स्टेज पर एक युवक का हाथ में तमंचा लिए ठुमके लगाते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। 13 सेकेंड के इस वायरल वीडियो के बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो सुमेरपुर कस्बे के एक गेस्ट हाउस का बताया जा रहा है। जिसमें जयमाला स्टेज पर बैठे दूल्हा-दुल्हन के सामने एक युवक हाथ में तमंचा लेकर चढ़ जाता है और ठुमके लगाने के बाद स्टेज से छलांग लगाकर नीचे उतर आता है। इस वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया में तमाम तरह के कमेंट्स भी आ रहे हैं। पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। वही पुलिस ने सोसल मीडिया सेल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि वायरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेकर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा युवक की पहचान नितिन पुत्र शिवरतन (उम्र करीब 25 वर्ष) निवासी वार्ड नं0-06 चांद थोक कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के रुप में कर ली गई है। युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# पंसारी टोला जैन मंदिर पर पालकी के साथ श्रीजी किये गये विराजमान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शहर के प्राचीन श्री पंचायती नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंसारी टोला में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यक्रम मुनि श्री 108 अभेद सागर महाराज जी मुनि श्री 108 अर्गभ सागर महाराज जी के पावन सानिध्य में तथा पं मनीष जैन शास्त्री के निर्देशन मे आयोजन किया गया। प्रातःकाल नवीन प्रतिमा श्री नेमिनाथ भगवान शोभायात्रा पालकी पर विराजमान कर गाजेबाजे व जैन ध्वज के साथ मंदिर जी से निकाली गई जिसमें पुजारियों ने पीले वस्त्र धारण मुकुट माला पहनकर पालकी उठाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ यात्रा पंसारी टोला से बजरिया छैराहा, पचराहा, राजा गंज चौराहे, रंगलाल चौराहे होते हुऐ महावीर मार्ग लालपुरा से पंसारी टोला जैन मंदिर जी पर पहुंची श्रीजी को पाडुंक शिला पर विराजमान कर अभिषेक व केसर के जल शांति धारा पुजारियों द्वारा की गई मुनि श्री के मुखारविंद से बोली गई। इसके उपरांत श्री नेमिनाथ विधान प्रारंभ किया गया जिसमें संगीत की मधुर धुन के साथ किया गया विधान का समापन हवन कुंड की आहुति के साथ किया गया नवीन श्रीजी को भक्ति नृत्य के साथ वेदी जी पर विराजमान किया गया जिसमें महिला मंडल की महिलाएं एंव पुरूष व समाज के श्रावक श्रावकों बढचढकर हिस्सा लिया जिसमे मंदिर कमेटी के सुशील जैन पिंकी जैन चौ स्वदेश जैन मोक्ष जैन तसु जैन गौरव जैन पत्रकार चौ अभिनंदन जैन नंदू ललति जैन दिलीप जैन आदि लोगों मौजूद रहे।

# दूसरे दिन परीक्षा छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** जनपद के एक मात्र परीक्षा केंद्र में संचालित हो रही यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में सख्ती बरतने और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराने के चलते दूसरे दिन तीन और परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी जिसके चलते यह संख्या 32 हो गई। सोमवार से संचालित उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं जनपद में राजकीय बालिका इण्टर कालेज में संचालित की जा रही हैं जिसमें मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम, मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी, मदरसा बाबा नूर ए निजामी सहित जनपद के विभिन्न मदरसों के लिए मौदहा कस्बे के राजकीय बालिका इण्टर कालेज को एक मात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें मुंशी, मौलवी (समकक्ष हाईस्कूल) और आलिम (समकक्ष इण्टर)के संस्थागत और व्यक्तिगत कुल 198 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें दूसरे दिन पहली पाली 161 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 134परीक्षार्थी मौजूद रहे शेष 27 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि दितीय पाली में आयोजित आलिम (समकक्ष इण्टर) की परीक्षा में कुल 37 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 06 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। उक्त परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्य अंजली प्रिया गौतम को केंद्र व्यवस्थापक और मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम के प्रधानाचार्य अताउर्रहमान को सहायक केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया था। नकल विहीन परीक्षाओं के संचालन के लिए परीक्षाओं को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित किया जा रहा है जबकि केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक के साथ सचल दल लगातार परीक्षाओं की निगरानी में लगे हुए हैं वहीं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल भी लगातार परीक्षा केंद्र की जांच कर रहे हैं। उक्त जानकारी सहायक केंद्र व्यवस्थापक अताउर्रहमान कादरी ने दी।

## अराजक तत्वों ने समाधि स्थल की दीवार की खण्डित, कार्यवाही की मांग

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के गाम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग में इटरा में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित स्वामी गजानन्द महाराज के समाधिस्थल खण्डित किये जाने की शिकायत जिलाधिकारी से करके इस पर रोक लगाये जाने की मांग की है। ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग निवासी कमलेश कुमार पुत्र रामकुमार ने जिलाधि?कारी व थाना प्रभारी सुमेरपुर को दिये सिकायती पत्र में बताया है कि इटरा के हनुमान मंदिर परिसर श्री श्री 1008 स्वामी गजानन्द महाराज का समाधिस्थल बना है जिसे सोमवार को रात्रि के समय हनुमान मंदिर के महन्त बलराम दास की अगुवाई मे समाधिस्थल को खंडित करने का प्रयास किया गया है दीवारे तोड़ दी गयी है। समाधि को उखाड़ने का प्रयास किया गया है। यह भी कहा है कि समाधि स्थल लगभग 50 वर्ष पुरानी है। सन 2012-13 में तत्कालीन जिलाधिकारी बी चंद्रकला ने लिखित में आदेश किया था कि समाधिस्थल कभी नहीं हटेगा। सिकायतकर्ता ने मांग की है कि समाधिस्थल की रक्षा की जाये और तोड़फोड करने वालो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 में भव्य कार्निवल के साथ चौगुनी जीत का मनाया जश्न



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 15 फरवरी 2025 को अंबेडकर स्टेडियम में एक भव्य कार्निवल का आयोजन कर प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 में अपनी चौगुनी विजय का जश्न मनाया। इस शानदार अवसर पर विंध्याचल की उल्लेखनीय उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जिसमें ऑपरेशन और मेंटेनेंस उत्पादकता के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन प्रथाओं के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, स्वर्ण शक्ति अवार्ड का ओवरऑल चैंपियन (विजेता) और बिजनेस एक्सीलेंस के लिए चैंपियन और ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड शामिल हैं। ये पुरस्कार विंध्याचल के उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण का प्रतीक हैं। समारोह की शुरुआत एक शानदार केक कटिंग से हुई, जो टीमवर्क और सफलता की भावना का प्रतीक था। इसके बाद एक भव्य रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने नेतृत्व टीम के साथ भाग लिया और समारोह को और भी भव्य बना दिया। उन्होंने अपने संबोधन में पूरी टीम को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी और भविष्य में और अधिक सफलता की शुभकामनाएं दीं।इस आयोजन में 2,000 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिनमें कर्मचारी और उनके परिवारजन शामिल थे। यह शाम खुशी और उत्साह से भरी हुई थी, जिसमें बच्चों के लिए रोमांचक राइड्स, मजेदार खेल और जादू शो जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इसके अलावा, स्वादिष्ट स्नैक्स, मिठाइयाँ और एक शानदार डिनर भी उपस्थित सभी मेहमानों को आनंदित कर रहे थे। समारोह में पंकज बलियान, कमांडेंट (सीआईएसएफ) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स एंड एडीएम), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के साथ-साथ सुहासिनी संघ (महिला क्लब) के सदस्य, विभागाध्यक्ष और यूनियनों तथा एसोसिएशनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम की शानदार मेज़बानी कमना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) और मलविका अवस्थी, वरिष्ठ प्रबन्धक (ओएंडएम-सीविल) द्वारा की गई, और इस आयोजन में मानव संसाधन, टीएडी, और कल्याण निकायों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विंध्याचल के सामूहिक संघर्ष, एकता और समर्पण की भावना का यह आयोजन सच्चे सफलता का प्रतीक था।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्तागणों के लिए निःशुल्क मैडिकल कैंप आयोजित



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जिला बार एसोसिएशन के हाल में मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर हिमांशु पांडे एवं उनकी टीम द्वारा अधिवक्ता गणों के लिए निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। चिकित्सीय शिविर का जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा फीता काटकर प्रातः 11:00 बजे शुभारंभ किया गया। जिसमें 22 महिला अधिवक्ता सहित कुल 212 अधिवक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर चिकित्सीय परीक्षण कराया। इस चिकित्सीय परीक्षण शिविर में ईसीजी, कैल्शियम, रक्तचाप एवं मधुमेह का परीक्षण मेदांता के कुशल डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर व महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया है और आशा की है कि आने वाले शिविरों में भी पूर्ण सहयोग करेंगे। उक्त जानकारी संयुक्त रूप मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने दी

### साजिद अली अशरफी उमरे के सफर पर गए



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** साजिद अली अशरफी के घर पर उमरे के सफर पर जाने से पूर्व मीलाद-ए-मुस्तफा की मेहफिल हुई। जिसकी सदारत हज़रत मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने की निजामत मशहूर शायर इन्तखाब आलम अशरफी रौनक इटावी ने की कार्यक्रम के मेहमाने खुसूसी फरहान शकील जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी रहे। हाफिज कैफ रज़ा ने तिलावत-ए-कुरान-ए-पाक से मेहफिल का आगाज किया। इस मौके पर मौलाना अकमल रज़ा हाफिज एहतेशाम हाफिज कारी उमर बरकाती हाशिम नाईमी ने कलाम पेश किए। फराहन शकील हाशिम मिर्जा मन्नान राईनी राईस उद्दीन राईनी रेहान खां राशिद राईनी इन्तखाब राईनी शाहिद राईनी अब्दुल सुभान वारसी आदि लोगों ने साजिद अली अशरफी की गुलपोशी कर मुबारकबाद पेश की।

### जिलाधिकारी नें सुनी फरियादियों की शिकायत



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन



**सोनभद्र/डाला।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, और कुल 134 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास,जल संरक्षण,ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, डॉक्टर अरुण चौबे, देवेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द्र यादव, गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एनसीएल में नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं पर सेमिनार का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। एमडीआई परिसर, सीईटीआई सिंगरौली में आयोजित इस सेमिनार के दौरान प्रतिभागियों ने कोयला उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने हेतु नवाचारी तकनीकों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं संबंधी अपने विचार पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किए। इस दौरान महाप्रबंधक (आईईडी) मनोज कुमार सिंह एवं महाप्रबन्धक (सामग्री प्रबंधन), ए. के. सिन्हा उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान भारी मशीनों के प्रभावशीलता विश्लेषण, पेपरलैस विक्रय ऑर्डर, नवचारी पद्धति से उत्पादकता में वृद्धि, विस्फोटक लागत में कमी हेतु नियंत्रण उपाय, खुली कोयला खदानों में घिसाव प्रतिरोधी टूथ प्वाइंट असेंबली का डिजाइन और विकास, ई एंड एम इन्स्टालेशन संबंधी सर्वोत्तम प्रथाएँ, सौर ऊर्जा उत्पादन, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग/वार्निंग सिस्टम इन एचईएमएम तथा एनसीएल के विभिन्न खदानों में प्रयोग की जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं एवं अन्य विषयों पर प्रतिभागियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सभी को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एनसीएल के विभिन्न परियोजना एवं इकाइयों से लगभग 70 प्रतिभागियों ने सेमिनार में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सेमिनार के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा यह सेमिनार ÷राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह÷ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। 12 से 18 फरवरी तक आयोजित उत्पादकता सप्ताह के दौरान एनसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों और इकाइयों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाए जाने के प्रति कर्मियों को प्रेरित किया जा रहा है।

## बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के दिए टिप्स

**राठ हमीरपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए अब कुछ ही दिन बचे हैं ऐसे में शिक्षक भी लगातार बच्चों को गाईड कर रहे हैं, कस्बे के साधना केमिस्ट्री कोचिंग सेंटर के संचालक रामनारायण राजपूत उर्फ नन्ना सर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा से पहले बच्चों का डर दूर करने के लिए विगत दिनों रसायन विज्ञान विषय के तीन मॉक टेस्ट कराए गए थे जिसमें अच्छे अंक पाने बच्चों को साईकिल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और साथ मैं आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए रसायन विज्ञान विषय से संबंधित सुझाव भी दिए कि अब अंतिम समय में अपने टाइम टेबल में केमिस्ट्री पेपर के लिए समय निर्धारित कर लें और उस समय अवधि में शुरू से लेकर सभी नोट्स को रिवाइज करें, क्रियाविधियों को लिख-लिख कर अभ्यास करें। इसके साथ ही पिछले साल के क्वेश्चन पेपर को सॉल्व करने की प्रैक्टिस करना चाहिए और अंतिम समय में ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई पर फ़ोकस करें कहा कि जब तक परीक्षा सम्पन्न न हो जाए।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी 22 मार्च को

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र में 22 मार्च को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम अनुसंधान, विकास, और तकनीकी प्रगति पर विचार-विमर्श करना है। संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, शोधकर्ता और शिक्षाविद् अपनी महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ देंगे। इस संगोष्ठी में उच्च शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और उनके समाज में प्रभावी उपयोग पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी के समन्वयक एवं विद्युत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह संगोष्ठी विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अपने ज्ञान को विस्तारित करने नए विचारों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। इस तरह के कार्यक्रम हेतु प्रोत्साहन और सहयोग हेतु संस्थान के निदेशक प्रोफेसर जी.एस. तोमर,कुलसचिव डॉ. आमोद कुमार तिवारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी.के. त्रिपाठी, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ हिमांशु कटियार का आभार भी व्यक्त किया। संगोष्ठी में देशभर से भाग लेने वाले विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा, जिससे उनके कार्यक्षेत्र में सुधार और उन्नति की संभावना उत्पन्न होगी।उक्त जानकारी संगोष्ठी के प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ. विकास तिवारी व डॉ. रवि प्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# प्रशिक्षुओं को यूनिफॉर्म और स्टेशनरी का वितरण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में प्री पुलिस और आर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षुओं को यूनिफॉर्म और स्टेशनरी सामाग्री का वितरण ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी और ग्राम प्रधान पनारी प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव जी,और एन.आर.एल.एम. के जिला मिशन प्रबंधक एम.जी.रवी जी ने संयुक्त रूप से किया, और प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में इस वर्ष कुल 82 प्रशिक्षु निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 36 बालिकाएँ हैं, और इसके अलावा अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण,ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, डॉक्टर अरुण चौबे, सुरेश चन्द्र यादव, प्रशिक्षक अमित सिंह और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएमश्री विद्यालय के बच्चो का युग्मन कार्यक्रम संपन्न

**मौदहा हमीरपुर।** नगर के रहमानिया इंटर कॉलेज के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का युग्मन कार्यक्रम आयोजित हुआ। आपको बता दें कि मंगलवार के दिन पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायच के कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का युग्मन कार्यक्रम मान्यता प्राप्त विद्यालय रहमानिया इंटर कॉलेज मौदहा में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युगमित विद्यालयों के बीच अकादमिक और सहपाठ्यचार्य संबंधी गतिविधियों, विचारों, दृष्टिकोण, शिक्षण विधियां, तकनीकियों की पहचान करना और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने हेतु अवसर प्रदान करना है। बच्चों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद शैक्षिक अनुभव विचारों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान से क्षमता संवर्धन तथा सामनवित कार्य संस्कृति का विकास करना है। वहीं रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्या ने छात्र छात्राओं को कालेज में स्थापित कम्प्यूटर लैब, विज्ञान लैब आदि का दौरा कराया, जिसपर विज्ञान लैब इंचार्ज मास्टर मुजीब अहमद ने छात्र छात्राओं को विज्ञान से जुड़े विषयों को प्रयोगशाला में परिक्षण कर दिखाया व समझाया गया।

# सपा ने हमेशा पिछड़ा दलित अल्पसंख्यकों का सम्मान किया है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** शहर के पुरबिया टोला वार्ड नाला पार कांशीराम कॉलोनी टीबी अस्पताल के पीछे समाजवादी पार्टी के पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक सभा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक सभा के ज़िलाध्यक्ष फरहान शकील ने वार्ड के लोगों को संभोधित करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार पीडीए चर्चा कार्यक्रम चलाया जा रहा है और आज हम लोग आपके बीच में ये बताने आए है कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़ा दलित अल्पसंख्यको का सम्मान किया है और इन लोगों पर जो अत्याचार हो रहा है उस अत्याचार के ख़िलाफ़ हम समाजवादी लोग हमेशा आपके साथ खड़े है। फरहान शकील ने बताया कि बिजली की परेशानी और पानी कि परेशानी से कॉलोनी के लोग जूझ रहे है ये समस्या बहुत जटिल है इसका जल्द से जल्द प्रदेश नेत्रत्व से मिलकर हल निकलवाया जाएगा आज प्रदेश की सरकार नौजवानों को रोज़गार नहीं दे पा रही है पेपर लीक हो जाता है इसलिए आज ज़रूरत है प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की आप लोग सब एक जुट हो जाइए और सत्ता पलट के लिए कमर कस लीजिए। श्री शाकील ने वार्ड के सभी मेम्बरान को पीडीए पर्चा देकर सभी से पीडीए से जुड़ने की अपील की। इस मौक़े पर अल्पसंख्यक सभा के उपाध्यक्ष हाशिम मिर्ज़ा, दिलशाद क़ुरैशी, इमरान बैग, जीतू, मोहित पाल, विनीत यादव आईटीआई चौराहा, फ़ैसल छोटू, फ़ईम मंसूरी, चाँद मियाँ, बन्ने मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# देश के 50 प्रतिशत सनातनियों ने लगाई त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी



## महाकुम्भ में सनातन की धर्म ध्वजा की फहराई पताका, श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ पार

■ पूरी दुनिया के 45 प्रतिशत सनातनियों ने लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ 2025 अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 55 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में देश की आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुका है। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मो को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना भारत में सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 38 प्रतिशत से अधिक बैठता है। यानी देश की कुल जनसंख्या की 38 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुकी है। प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है। इस लिहाज से पूरी दुनिया के 45 प्रतिशत से ज्यादा सनातनियों ने संगम में डुबकी लगाई है।

### सीएम योगी की उम्मीदों के पार पहुंचा श्रद्धालुओं का आंकड़ा

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच गई और अब इसने 55 करोड़ का नया शिखर छू लिया है। अभी महाकुम्भ के समापन में 09 दिन शेष हैं और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

### विभिन्न स्नान पर्वों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया था।

## महाकुम्भ के कुशल प्रबंधन को नासिक कुम्भ में किया जाएगा लागू, 20 सदस्यीय टीम करेगी अध्ययन



■ दो दिन तक अध्ययन करेगी टीम, नासिक कुम्भ 2027 के लिए बनेगी बेहतर योजना

महाकुम्भ 2025 ने अपने उत्कृष्ट प्रबंधन से देश और दुनिया के लिए एक मिसाल पेश की है। इसका अध्ययन करने के लिए देश और दुनिया से लोग आ रहे हैं। इसी क्रम में नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुम्भ 2027 के सफल आयोजन की तैयारी के लिए नासिक के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल भी सोमवार देर रात प्रयागराज पहुंच रहा है। 20 सदस्यीय यह दल महाकुम्भ 2025 में योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधन के विभिन्न प्रबंधन को देखेगा और उससे सीखकर 2027 में होने जा रहे कुम्भ की तैयारी करेगा। इस दल का नेतृत्व नासिक के मंडलायुक्त प्रवीण गेडम कर रहे हैं। उनके साथ कलेक्टर और जिलाधिकारी जलज शर्मा तथा स्पेशल आईजी पुलिस, नासिक रेंज दत्तात्रय कराले शामिल हैं। यह दल मंगलवार और बुधवार को महाकुम्भ में विभिन्न स्थलों का दौरा करेगा और योगी सरकार द्वारा की गई पहल का अवलोकन करेगा। इसमें प्रमुख रूप से भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन प्रतिक्रिया, यातायात और परिवहन प्रबंधन, घाट और नदी जल प्रबंधन, स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यवस्था, टेंट सिटी और आवास प्रबंधन, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन, पेयजल और शौचालय सुविधाएं, अखाड़ों और महंतों के साथ समन्वय समेत प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था का अध्ययन करेंगे। मंडलायुक्त प्रवीण गेडम ने कहा, महाकुम्भ 2025 का प्रबंधन अद्वितीय और अनुकरणीय है। यहां से मिली सीखों को हम नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ 2027 में लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन दौरा हमारे लिए बेहद उपयोगी है। कुम्भ जैसे विशाल आयोजन में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और सेवा भावना का महत्व सबसे बड़ा है। 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के बीच सुरक्षा और शांति बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है।

## सनातन धर्म की शक्ति का अद्भुत प्रमाण है महाकुंभ : प्रह्लाद जोशी



केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने परिवार सहित महाकुंभ 2025 में भाग लिया और संगम में पवित्र स्नान का सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने इसे अपने जीवन का अत्यंत दैविक और अलौकिक क्षण बताते हुए कहा कि महाकुंभ केवल एक मेला नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है, जहां करोड़ों श्रद्धालु सनातन धर्म की परंपराओं का पालन करते हुए पवित्र स्नान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक उत्सव में भाग लेना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की विशालता और हिंदू समाज की एकता का प्रतीक है। यहाँ आकर मैंने स्वयं इस आध्यात्मिक शक्ति को अनुभव किया है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की जीवंत परंपरा और उसकी अखंडता का प्रमाण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए भव्य आयोजन और बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन की अभूतपूर्व व्यवस्था से यह आयोजन दुनिया के सबसे सुव्यवस्थित धार्मिक आयोजनों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। सनातन धर्म के खिलाफ तमाम दुष्प्रचारों के बावजूद, यह विराट समागम यह साबित करता है कि हिंदू संस्कृति की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि कोई भी इसे हिला नहीं सकता। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने किया संगम में पवित्र स्नान



महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज के संगम तट पर पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्वितीय संगम बताया। राज्यपाल राधाकृष्णन ने त्रिवेणी संगम पर विधिवत पूजा-अर्चना कर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने अखाड़ों के संत-महात्माओं से भी भेंट की और महाकुंभ के दिव्य एवं भव्य आयोजन की सराहना की। राज्यपाल ने संगम स्नान के बाद कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है। यहां आकर हर व्यक्ति आत्मिक शांति का अनुभव करता है। मैं इस पावन अवसर पर यहां आकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। महाकुंभ में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं, जिनसे बातचीत के दौरान राज्यपाल ने उनके अनुभव जाने।

## महाकुम्भ के सेंट्रल हॉस्पिटल की सुविधाएं देख अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल वाले भी दंग

■ रिकॉर्ड बुक में लिखा, योगी सरकार ने प्रयागराज में जो कर दिखाया वैसा दुनिया के किसी देश में नहीं देखा



**महाकुम्भ नगर।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ में इस बार केवल आस्था ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का भी अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ नगर में अस्थायी हॉस्पिटल की जो व्यवस्था की गई है, उसने न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से आए श्रद्धालुओं को भी चकित कर दिया है। अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, इजरायल जैसे देशों के नागरिकों ने यहां की चिकित्सा सेवाओं को दुनिया में सबसे बेहतरीन करार दिया है। उन्होंने सेंट्रल हॉस्पिटल के रिकॉर्ड बुक में बाकायदा लिखा है कि योगी सरकार ने प्रयागराज में जो कर दिखाया, वैसा अब तक दुनिया के किसी देश में नहीं देखा गया। महाकुम्भ में सोमवार की शाम तक कुल साढ़े सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है। जिसमें एम्स दिल्ली और आईएमएस बीएचयू के एक्सपर्ट की भी प्रमुख भूमिका है।

**विदेशी श्रद्धालु भी हुए मुरीद**

महाकुम्भ के सेंट्रल हॉस्पिटल में इलाज करा चुके यूके के कैटेनियन डेविडसन ने कहा कि इतनी शानदार चिकित्सा सुविधाएं पहली बार किसी अस्थायी अस्पताल में देखी हैं। अपने देश में भी अस्थायी अस्पतालों में इतनी बेहतर व्यवस्थाएं कभी नहीं देखीं। यह तो पूरी तरह से स्थायी लगता है। इसी तरह इजरायल के डाइटेच ने कहा कि सेंट्रल हॉस्पिटल समेत महाकुम्भनगर के सभी चिकित्सा केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। हर मरीज की यहां पर गहन जांच हो रही है। जो बेहद प्रभावशाली तरीके से की जा रही है।

## कटिंग चाय 18: द सैंड ऑफ चायोएसिस के साथ एक जोश भरी विदाई



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज, बांद्रा वेस्ट द्वारा बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के सहयोग से आयोजित कटिंग चाय 18, अपने भव्य समापन तक पहुंचा। इस साल के द सैंड ऑफ चायोएसिस थीम के साथ, यह प्रतिष्ठित बीएएमएमसी उत्सव न केवल रचनात्मकता का संगम बना, बल्कि नेतृत्व और टीम वर्क का भी जीवंत उदाहरण पेश किया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक उत्सव ने 22 विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों की असीम रचनात्मकता को मंच दिया और सौहार्द की भावना को प्रबल किया। 15 कॉलेजों की उत्साही भागीदारी, दिलचस्प स्टॉल, और नृत्य, नाटक व अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज को सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। इस आयोजन ने संस्थान के भीतर रचनात्मकता और नवाचार को पोषित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिसे बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के अथक प्रयासों ने साकार किया।

जैसे ही हम कटिंग चाय 18 को अलविदा कहते हैं, यह उत्सव अपने पीछे प्रतिभा, नवाचार और उत्साह की अविस्मरणीय यादें छोड़ जाता है। मार्गदर्शन और समर्पण के साथ पनपी यह सौहार्द की भावना तब तक जीवंत बनी रहेगी जब तक हम अगले कटिंग चाय उत्सव में फिर से मिलेंगे। तब तक के लिए, यह अध्याय समाप्त तो होता है, लेकिन आरडी एंड एसएच नेशनल कॉलेज, बांद्रा वेस्ट की विरासत में हमेशा जीवंत रहेगा, जिसे बीएएमएमसी विभाग के छात्रों के जोश और समर्पण ने अविस्मरणीय बना दिया है।

## स्मार्ट अपग्रेड और नए फीचर्स के साथ और भी दमदार बना रेनो काइगर और ट्राइबर MY 25



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रेनो इंडिया ने काइगर और ट्राइबर के नए और बेहतर वर्जन लॉन्च किए हैं। इनमें कई स्मार्ट और सोच समझकर डिज़ाइन किए गए अपग्रेड जोड़े गए हैं, जिससे उनकी आकर्षकता, ड्राइविंग अनुभव और परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाया गया है। इस लॉन्च के मौके पर रेनो इंडिया के कंट्री सीईओ और प्रबंध निदेशक वेंकटराम एम ने कहा, भारत रेनो की वैश्विक रणनीति में एक अहम स्थान रखता है। हम यहां के ग्राहकों की बदलती जरूरतों के मुताबिक, मोबिलिटी को और स्मार्ट और सुलभ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। नया रेनो लाइन-अप पहले से ज्यादा एडवांस और आकर्षक है, जिसमें स्टाइल, आराम और आधुनिक फीचर्स का बेहतरीन संतुलन देखने को मिलता है। ग्राहकों और बाजार की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, नए काइगर और ट्राइबर में सभी चार पावर विंडो और रिमोट सेंट्रल लॉकिंग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में शामिल किया गया है।

## मण्डल रेल प्रबंधक गौरब अग्रवाल का स्वागत



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** मण्डल रेल प्रबंधक गौरब अग्रवाल के आगमन पर आल इंडिया एस सी/एस टी रेल्वे एम्प्लाइज एसोशियेशन लखनऊ के पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी एवं शाल तथा पुष्प समूह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मण्डल मंत्री आल इंडिया एस सी/एस टी रेल्वे एम्प्लाइज एसोशियेशन लखनऊ नवनीत वर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुमित अम्बेडकर, मण्डल कोषाध्यक्ष रामानुज, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार, जितेंद्र सिंह, उज्ज्वल कुमार, मण्डल शाखा मंत्री विजय कुमार, मंडल पदाधिकारियों मे प्रेम प्रदीप चंदन महेश प्रताप, राजेश सुगरवाल, सुनीति वाला, भारती एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे। डी आर एम महोदय को कर्मचारियों के समस्याओं की जानकारी दी गई एवं ज्ञापन दिया गया। मण्डल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा त्वरित निस्तारण हेतु आश्वाशन दिया गया।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय ‘फिएस्टा 2025’ का आग़ाज़

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक महोत्सव ‘फिएस्टा 2025’ का शानदार उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के सलाहकार अवनीश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर उद्घाटन समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के चांसलर और संस्थापक प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मैडम चांसलर श्रीमती अज़रा वसीम उपस्थित रहीं। साथ ही प्रो चांसलर डॉ सैयद नदीम अख़्तर, वाइस चांसलर प्रोफेसर जावेद मुसर्रत, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ के कार्यकारी निदेशक सैयद फ़ौज़ान अख़्तर, निदेशालय, अंतरराष्ट्रीय मामले के कार्यकारी निदेशक सैयद अदनान अख़्तर , इन्क्यूबेशन और उद्यमिता केंद्र एवं इंटीग्रल स्टार्टअप फाउंडेशन की निदेशक डॉ. निदा फातिमा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में छात्रों को अपने लक्ष्यों को अटूट समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और सफलता हासिल करने में धैर्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने शिक्षा के क्षेत्र में न केवल अकादमिक उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को मानसिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इस अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने छात्रों को कामयाबी का मंत्र देते हुए कहा कि अगर खुद पर यक़ीन हो तो मुश्किल से मुश्किल दिखने वाले ख़्वाब को भी पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से रहा है कि छात्रों को उच्चतम स्तर की शिक्षा प्रदान की जाए और ऐसे कार्यक्रमों से उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिले। ‘फिएस्टा ’ एक मंच है जहां छात्र अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकते हैं और समाज के विभिन्न पहलुओं से जुड़ सकते हैं। कुलपति, प्रो. जावेद मुसर्रत ने स्वागत संबोधन देते हुए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के समग्र विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर दिया, जिसमें बौद्धिक वृद्धि, कौशल विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व को प्राथमिकता दी जाती है। विशिष्ट अतिथि मैडम चांसलर अज़रा वसीम ने कहा, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने हमेशा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इस महोत्सव के जरिए छात्र-छात्राओं को अपनी कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर मिल रहा है।

